
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



### आज का दिन

अंतरराष्ट्रीय मूर्तिकला दिवस एक वैश्विक उत्सव है जो प्रतिवर्ष अप्रैल के आखिरी शनिवार (27 अप्रैल) को मनाया जाता है। यह दिन एक कला के रूप में मूर्तिकला के निर्माण, समझ और उसके विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। पहली बार 2015 में संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन अंतरराष्ट्रीय मूर्तिकला केंद्र (आईएससी) द्वारा यह शुरू किया गया। दुनिया में मूर्तिकला द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को मनाने और जनमानस के समक्ष इसे बेहतर ढंग से सामने लाने के लिए इसका आयोजन किया गया।

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 296 | रांची, शनिवार, 27 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

## वीवीपीएटी पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# ईवीएम के वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान की मांग खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम के वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने दो अलग-अलग फैसले लिखे हैं लेकिन दोनों में सहमति है। सुप्रीम कोर्ट ने दो दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पहला ये कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया खत्म होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट को सील किया जाए। सिंबल लोडिंग यूनिट को 45 दिनों तक संरक्षित कर रखा जाए। दूसरा ये कि चुनाव परिणाम की घोषणा होने के बाद दूसरे और तीसरे नंबर के उम्मीदवार के आग्रह पर इंजीनियर्स की टीम माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच करेगी। दूसरे और तीसरे नंबर के उम्मीदवार चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद सात दिनों के अंदर माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच के लिए आग्रह कर सकेंगे। माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच का खर्च जांच का आग्रह करने वाले उम्मीदवार वहन करेंगे। अगर माइक्रो कंट्रोलर की मेमोरी की जांच में ये पाया जाता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ की गई है तो जांच का खर्च लौटा दिया जाएगा। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक मशीन के जरिये पेपर पर्ची के वोटों की गिनती के सुझाव का परीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को हर पार्टी के सिंबल के लिए बार कोड का इस्तेमाल करने के सुझाव का भी परीक्षण करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को निर्वाचन आयोग ईवीएम की कार्यप्रणाली पर स्पष्टीकरण मांगे थे जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।



## लोकसभा चुनाव: दूसरे चरण में पांच बजे तक करीब 61 प्रतिशत मतदान

नई दिल्ली, 26 अप्रैल (हि.स.)। लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 60.7 प्रतिशत औसत मतदान हुआ है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान कराया गया। शाम पांच बजे तक असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत, केरल में 63.97 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, मणिपुर में 76.06 प्रतिशत, राजस्थान में 59.19 प्रतिशत, त्रिपुरा में 77.53 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 52.74 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा राजस्थान की बागीदौरा सीट पर 73.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान हो रहा है। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एनार्कुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान हो रहा है। त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, बुलन्दशहर; पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान हो रहा है।



## गांडेय उपचुनाव की अधिसूचना जारी, 20 मई को मतदान

रांची। चुनाव आयोग ने गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है। तीन मई नाम निर्देशन करने की अंतिम तारीख है। नाम निर्देशन की संवीक्षा की तारीख चार मई और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। मतदान 20 मई को होगा। चुनाव सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। झारखंड विधानसभा की गांडेय सीट से निर्वाचित विधायक डॉ. सरफराज अहमद के त्यागपत्र के बाद 31 दिसंबर, 2023 से यह सीट रिक्त है। अब निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद के हस्ताक्षर से निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

## क्विक न्यूज

### झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व डीसी छवि रंजन की याचिका पर जवाब के लिए ईडी को एक हफ्ते का दिया समय

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की क्रिमिनल रिट की सुनवाई शुक्रवार को हुई। छवि रंजन की ओर से सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित ईडी के अनुसंधान के क्रम में आए वैसे दस्तावेज की मांग की गई है, जिसे ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया है। इन दस्तावेजों को ईडी ने कोर्ट के रिकॉर्ड में नहीं लाया गया है। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिय। सेना के कब्जे वाली जमीन मामले में ईडी ने छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल, 2023 को ईडी ने छापेमारी की थी।

### बारामूला मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

बारामूला। बारामूला जिले के सोपोर के नौपोरा इलाके में आतंकियों के साथ गुरुवार रात शुरू हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। मुठभेड़ अभी जारी है। माना जा रहा है कि कई और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। एक सैन्य अधिकारी के मुताबिक जिले के नौपोरा इलाके में सुरक्षाबलों को गुरुवार शाम को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ जवानों ने मिलकर तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। गुरुवार रात को अंधेरा होने के चलते मुठभेड़ बंद हो गई। शुक्रवार सुबह होते ही एक बार फिर दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई।

## रांची में पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी सहित तीन गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**रांची।** राजधानी की मोराबादी टीओपी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ मकान मालिक, किरायेदार और पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बरियातु थाना क्षेत्र के संजय सिंह, रातु थाना क्षेत्र के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वांसी और सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम निवासी विक्की साव शामिल हैं। इनके पास से बाइक एमटी-15 (जेएच 01 ईएन 1539), बाइक (जेएच 01 एफएम 8265) पुलिस ने बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एसएसपी के निर्देश पर मोरहाबादी मैदान के रजिस्ट्री ऑफिस के पास मोरहाबादी टीओपी पुलिस वाहन चेकिंग चला रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की एक एमटी-15 को रोका गया। बाइक में लगा नंबर (जेएच 01डी 0270) स्पष्ट नहीं था। चेसिस नंबर से जांच करने पर पता चला कि इसका मूल रजिस्ट्रेशन (जेएच 01 ईएन 1539) है, जो चान्हो थाना क्षेत्र के पतरातु निवासी राहुल कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बाइक के साथ पकड़े गये संजय सिंह से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने यह बाइक मकान मालिक विक्की कुमार साव से खरीदी है। उसकी निशानदेही पर विक्की कुमार को पकड़ा गया। आरोपित विक्की ने एक और बाइक चोरी की बात स्वीकार की। विक्की की निशानदेही पर पूर्व के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वासी को पकड़ा गया। विशाल के पास से चोरी की बाईक (जेएच-01 एफएम 8265) बरामद हुई। बरामद बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के विष्णु साव की चोरी की बतायी जा रही है। गिरफ्तार विशाल के खिलाफ पूर्व से छह मामले दर्ज हैं।



## कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है : पीएम मोदी



**अररिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अररिया जिले के फारबिसगंज में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शुरू से ही मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत काम किया है। कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है। पीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह ने देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों के हक की बात कही थी।जिसका वीडियो अभी भी है।जबकि एनडीए मानती है देश के संसाधन और संपत्ति पर पहला हक गरीबों का है। गरीब मजदूरों, किसानों, छात्र, युवा और मां बहनों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संपत्ति,जमीन,यज्ञ तक की घर में रखे गहने और वह भी सुहागिन मां बहनों का मंगलसूत्र तक छीनने की कवायद में है।उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवार के मुखिया सदस्य के गुजर जाने के बाद अपनी संपत्ति बेटे बेटियों को नहीं दे पायेंगे।कांग्रेस वैसी संपत्ति पर 55 फीसदी टैक्स लगाने वाले हैं। उन्होंने नारा देते हुए कहा कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी,जिंदगी के बाद भी। इससे पहले पांचवीं बार फारबिसगंज आने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधन की शुरूआत स्थानीय भाषा में कहा कि अररिया के ई पावन धरती मा अहां सब कै प्रणाम करै छी से की।जिस पर मौजूद भीड़ ने जमकर तालियां बजाईं। आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अररिया और सुपौल की इस भूमि से उनका विशेष लगाव है। उन्होंने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि देश का आशीर्वाद मिला तो अपने तीसरे कार्यकाल में कर्ज उतारने के लिए और ज्यादा मेहनत करूंगा।तीसरे कार्यकाल में देशहित में और ज्यादा बड़ा फैसला लेने वाला हूं।उन्होंने गर्मी और विपरीत परिस्थिति के बावजूद मतदाताओं खासकर युवा मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2024 का यह चुनाव भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से मजबूत बनाने वाला चुनाव है। जिसमे बिहार को महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को न तो देश के संविधान का परवाह है और न लोकतंत्र का।वर्षों तक बैलट पेपर के बहाने गरीब मजलूमों के मतदान का अधिकार छीनने का काम किया जाता था।

## लोहरदगा लोकसभा सीट : दो प्रत्याशियों का नामांकन रद्द, शेष बचे 15 प्रत्याशी

**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन कराए दो उम्मीदवारों का संवीक्षा के दौरान शुक्रवार को नामांकन रद्द कर दिया गया। नामांकन रद्द होने वाले उम्मीदवारों में ललित उरांव (बहुजन मुक्ति पार्टी) और एतवा उरांव ( स्वतंत्र ) शामिल हैं। 25 अप्रैल तक हुए अंतिम नामांकन तिथि तक 12- लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 17 प्रत्याशियों ने अपना-अपना नामांकन कराया था। इसमें से दो उम्मीदवारों के नामांकन रद्द होने के बाद अब चुनावी समर में 15 उम्मीदवार बचे हैं। नामांकन कोषांग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार दाखिल पर्चा में दी गई जानकारी में कमी पाए जाने के कारण नियमानुसार नामांकन को रद्द किया गया है। लोहरदगा लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन व स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब आगामी 29 अप्रैल को नामांकन कराए उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। जिसके पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। स्क्रूटनी के बाद बचे 15 उम्मीद्वारों में इनमें महेन्द्र उरांव( सीपीआई पार्टी), मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी),स्टेफन किंडो (स्वतंत्र), बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया ), सनिया उरांव (स्वतंत्र), पवन तिग्गा (स्वतंत्र), मरियानुस तिग्गा ( भारत आदिवासी पार्टी),समीर उरांव ( बीजेपी),रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी), चमरा लिंडा (स्वतंत्र),गिरजानंद उरांव (बसपा), अर्जुन टोप्पो (आजाद समाज पार्टी),सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस) अर्पण देव भगत (स्वतंत्र) का नाम शामिल है।

## झारखंड हाई कोर्ट से सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थियों को राहत नहीं देते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। पूर्व में कोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि सरकार को अधिकार है कि वह नियमावली में बदलाव कर सके और रूल फ्रेम कर सके। इस संबंध में सुनील टूडू सहित 65 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई थीं। याचिका में कहा गया था कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। हालांकि, इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी। वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था।

# चतरा लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने भरा नामांकन पत्र

## भाजपा हर हाल में करेगी 400 पार, भ्रष्टाचारियों को सबक सिखाएगी जनता : बाबूलाल मरांडी

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** चतरा लोकसभा सीट के एनडीए प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने शुक्रवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी को हर हाल में 400 सीटें मिलेंगी। इस बार चतरा की जनता को रिकॉर्ड बनाना है। पिछले लोकसभा चुनाव में जितना वोट एनडीए प्रत्याशी को मिला था, उससे अधिक वोट से इस बार एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाना है। मरांडी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हमें देश को विकसित भारत बनाना है। समृद्ध भारत बनाना है। यह तब पूरा होगा जब फिर से प्रधानमंत्री 2024 में भारी बहुमत से जीतेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश के लिए काम कर रहे हैं। गांव के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। मजदूरों और गरीबों के लिए काम कर रहे हैं। किसानों के लिए काम कर रहे हैं। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, घर में खाना बनाने के लिए गैस कनेक्शन दिया। कोई गरीब भूखा नहीं सोए, इसके लिए भी हर महीने मुफ्त राशन दे रहे हैं। जो व्यक्ति बीमार हो जाए उसका इलाज भी अच्छे अस्पतालों में हो, उसके लिए भी पांच लाख रुपये का बीमा कराया है। मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग अपने लिए राजनीति करते हैं। परिवार के लिए राजनीति करते हैं। पैसे के लिए राजनीति करते हैं। इसलिए इसमें से कई लोग कोई जेल में है। कोई बेल पर है। कोई सजायाफ्ता है। ये लोग भारत के भाग्य विधाता बनने के लिए घूम रहे हैं। इसलिए आज इंडी गठबंधन वाले दुष्प्रचार करते हैं। इस चुनाव में आप अपना वोट, परिवार का वोट, हित कुटुम्ब का भी वोट एनडीए प्रत्याशी को दें। दूसरों को भी एनडीए को वोट देने के लिए प्रेरित करें। आंधी हो या तूफान हो। चाहे कितना भी धूप क्यों ना हो लेकिन हम सब लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट देने से नहीं चुकें।झारखंड सरकार आदिवासी और दलित विरोधी : अमर बाउरी नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासी और दलित विरोधी है। चाहे हेमंत सरकार हो या वर्तमान सरकार, दोनों के कार्यकाल में इन वर्गों के विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ। उलटे उनपर अत्याचार बढ़ा है। आदिवासी और दलितों के विकास के लिए मोदी सरकार ने काफी काम किया है। आदिवासियों के विकास के बजट में काफी वृद्धि की है। भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान देने का काम किया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भी पूरा सम्मान मोदी सरकार के कार्यकाल में ही मिला। कांग्रेस ने उनकी उपेक्षा की। इस मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, डॉ प्रदीप वर्मा, सांसद सुनील कुमार सिंह, जिला प्रभारी विनय जयसवाल, जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता सहित अन्य मौजूद थे।



### पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करेगी इंडी गठबंधन : आदित्य साहू

राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि पिछड़े वर्ग के हित के लिए मोदी सरकार आगे आई है। उनके हित के लिए काफी काम किया है। इंडी गठबंधन पिछड़े वर्ग को मिले आरक्षण की सुविधा पर भी डाका डालने का काम कर रही है। उसने साफ कर दिया है कि सत्ता में आने पर इस वर्ग के आरक्षण में कटौती करेगी और इसका लाभ मुसलमान को देगी।

### हर पल जनता के लिए खड़ा रहूंगा : कालीचरण सिंह

प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि जनता के कारण मुझे टिकट मिला है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद वे हर समय हर पल जनता के लिए खड़ा रहेंगे। जनसभा को पांकी विधायक शशि भूषण मेहता ने भी संबोधित किया।



# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी को करना पड सकता है भीतरघात का सामना

## कांग्रेस पर भी वही खतरा बरकरार रहने की संभावना

विजय सिन्हा

**गिद्दी।** हजारीबाग आगामी लोकसभा चुनाव में जिस तरह से सांसद जयंत सिन्हा को भाजपा का पुनः उम्मीदवार नहीं बनाने से एक खेमा मनीष जयसवाल को उम्मीदवार घोषित किए जाने से नाराज है। उससे एक बात तो साफ होती जा रही है कि भाजपा प्रत्याशी को भीतरघात का सामना करना पड सकता है। दूसरा कारण यह भी है कि भाजपा के वर्तमान मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल द्वारा भाजपा छोड कांग्रेस से हजारीबाग प्रत्याशी के रूप में मैदान में डट जाने से भी उनके साथ पूर्व में जेएमएम और बाद में उनके भाजपा में आने के बाद जय प्रकाश भाई पटेल के कुछ समर्थक जो उनके साथ थे चले जाने से भी मनीष जयसवाल को इसका भारी नुकसान उठाना पड सकता है। दूसरी ओर मनीष जयसवाल को ऑवर कन्फिडेंस भी परेशानी का सबब बन सकता है। जिस प्रकार भाजपा और कांग्रेस दोनों ही खेमे के संभावित प्रत्याशी जीत हासिल करने के लिए किसी भी स्तर पर जाने को तैयार हैं। मनीष जयसवाल द्वारा जहां टिकट मिलने के एक वर्ष पूर्व से ही अपनी दावेदारी



हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में जता दी थी. उनके द्वारा नमो क्रिकेट के जरिए कोयलांचल और ग्रामीण इलाकों में अपनी दावेदारी पेश कर दी थी। कई कार्यक्रमों में मांडू एवं सदर भाजपा के विधायक आमने सामने तो दिखते तो थे। परन्तु उनके चेहरे के हाव भाव ने कटुता को जग जाहिर कर दिया था। वैसे जय प्रकाश भाई पटेल की पकड ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी है। उनके द्वारा मांडू विधानसभा क्षेत्र काडी महत्वपूर्ण रहने वाला है। लेकिन उनके पाला बदलने से मतदाता असमंजस कि स्थिति में हैं। भाजपा के मनीष जयसवाल और कांग्रेस के जयप्रकाश भाई पटेल दोनों ही अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिख रहे हैं। जहां जय प्रकाश भाई पटेल अपने बल पर मैदान जितने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं मनीष जयसवाल के सामने प्रधानमंत्री ही सहारा दिख रहे हैं।क्योंकि उनका अपना कोई विजन दिख नहीं रहा है। वहीं कांग्रेस के श्री पटेल ने जहां नारा दिया है कि अबकि बीजेपी नहीं जेपी का परचम हजारीबाग सांसदीय क्षेत्र में लहराएगा, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। संभावित प्रत्याशियों का रणनीति के साथ गुप्त बैठके भी चल रही है।वैसे भाजपा कि बूथ प्रबंधन के आगे कांग्रेस कई बूथ प्रबंधन कैसी होगी, इसी पर सब दारोमदार है। क्योंकि डाडी प्रखंड में कांग्रेस कि पकड अच्छी नहीं कही जा सकती।

बहरहाल भाजपा प्रत्याशी को भीतरघात से जूझना पड सकता है।वैसे इस बार का लोकसभा चुनाव दोनों ही ओर दमदार होगा। कांटे कि टक्कर देखने को मिल सकती है।

दोनों ही प्रत्याशी इस प्रचंड गर्मी में पसीना बहा रहे हैं किसकी जीत होती है ये आनेवाला समय ही बताएगा। परन्तु चुनाव दिलचस्प होनें कि उम्मीद जतलाई जा रही है।.

## श्री श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ में ओरिगामी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रामगढ।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्रांगण में ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 के द्वारा कराई गई। ओरिगामी वह कला है, जिसमें पेपर को कई डिजाइनों में फोल्ड किया जाता है, जिससे एक आकृति बनती है। पेपर फोल्ड कर तरह-तरह की आकृतियां बनाने वाले कलाकार को पेपर फोल्डर कहते हैं। जिसका अर्थ है कि वस्तु की गुणवत्ता या व्यक्ति की क्षमता पर्याप्त रूप से उच्च है। ओरिगामी शब्द जापान में पुराने दस्तावेज़ों की एक विशिष्ट शैली को भी संदर्भित करता है। विद्यालय के बच्चों ने इस कला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सब ने अपने कलाकृतियों का प्रदर्शन किया।इस कला को कक्षा 6 के बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं के अनुसार नए-नए रूपों को नया आकार दिया। विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यालय के बच्चों की प्रशंसा कर उनके हौसले को यूं



ही बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं है जो हमारे बच्चे नहीं कर सकते। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा सहित स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदार पुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह सैनी, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली तथा मीडिया प्रभारी ।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया प्रेस वार्ता

**रामगढ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए होने वाले नामांकन को लेकर शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता की।प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए पांचवें चरण में होने वाले निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के द्वारा नामांकन को लेकर शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए निर्वाची पदाधिकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, हजारीबाग होंगी। अभ्यर्थी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग



के कार्यालय कक्ष अथवा सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी हजारीबाग सदर शैलेश कुमार के कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे। नामांकन की आखिरी तिथि 3 मई 2024, स्क्रुटनी की तिथि 4 मई 2024, नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 6 मई 2024 तथा मतदान की तिथि 20 मई 2024 होगी वहीं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 6 जून 2024 को संपन्न होगी।निर्वाचन संबंधित तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से चुनाव संपन्न कराने को लेकर रामगढ़ जिले में प्रवेश करने हेतु निर्धारित अलग-अलग सीमाओं पर कुल छः चेक नाकें बनाए गए हैं। जिनमे पुनदाग टोल प्लाजा के समीप एक, पतरातू प्रखंड के तालाटांड एवं खलारी रोड में एक-एक, गोला प्रखंड अंतर्गत चौपादारू में एक, दुलमी प्रखंड में कुल्हि क्षेत्र में एक तथा मांडू प्रखंड अंतर्गत मांडू थाना के समीप एक, चेक नाके स्थापित किए गए हैं एवं सभी चेक नाकों पर स्टेटिक सर्विलांस दलों की प्रतिनियुक्ति की गई है वहीं फ्लाइंग स्क्वायड दलों के माध्यम से लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत पीठासीन, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियो के प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य 20 अप्रैल 2024 को पूर्ण कर लिया गया है वहीं निर्वाचन के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी को जानकारी दी की लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले में महिलाओं द्वारा संचालित कुल 14 मतदान केंद्र, दिव्यांगों द्वारा संचालित 6 मतदान केंद्र तथा विशेष थीम यथा रामगढ़ की विशेषता, संस्कृति, सोहराय चित्रकला आदि से संबंधित 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## मक्का मदीना जाने वाले लोगों को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने भव्य रूप से की बिदाई

**जारी** प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के ग्राम गोविंदपुर में उमरा करने जाने वालों को गोविंदपुर के ग्रामीण के द्वारा भव्य रूप से विदाई की गई। गोविंदपुर के सदर जियारुल अंसारी व सिकरेट्री जाकिर खान ने जानकरी देते हुए बताया ग्राम गोविंदपुर के निवासी कलीम कुरेशी ,जैबुन निशा, अयूब अंसारी, सहेला खातून, हाजी मुस्तकीम साहब और नजमा खातून उमरा करने के लिए मक्का मदीना जा रहे हैं जो बहुत खुशी की बात है वही गोबिंदपुर कब्रिस्तान के पास सलातो सलाम पढ़कर एक दूसरे को गले मिलते हुए मुबारक बाद दिया वही कलीम कुरेशी ने कहा कि मैं वहां जाने के बाद क्षेत्र की खुशहाली और जारी प्रखण्ड के मुस्लिम भाइयों को अमन चैन बनाए रखने के लिए दुआ मांगूंगा संदेश देते हुए ।

## लोहरदगा लोकसभा सीट पर रिकॉर्ड मतों से जीतेगी भाजपा

**गुमला :** झारखंड सरकार के पूर्व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष गुमला विधानसभा के प्रभारी श्री चंद प्रजापति ने लोहरदगा लोकसभा से दावा किया है यहां भाजपा रिकॉर्ड मत से जीत हासिल करेगी! उन्होंने कांग्रेस पार्टी के नामांकन सभा में नेताओं द्वारा भाजपा के खिलाफ बोलने पर प्रतिक्रिया दी है।

श्री चंद प्रजापति ने कहा है कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद देश में 70 सालों तक शासन किया तब तक ना गरीबों को 1 रुपया मिला और ना ही आदिवासियों की चिंता की उनको अपने हाल पर जिंदगी जीने को छोड दिया।

अभी एक लाख देने का प्रलोभन देने वाली कांग्रेस पार्टी असली जुमलेबाज है, आदिवासी अस्मिता की दुहाई देने वाली कांग्रेस पार्टी आजादी के बाद आदिवासियों के मूल अस्मिता को विदेशी एजेंट के हाथों बेचने का काम किया है,धर्म परिवर्तन की खुली छूट देकर आदिवासियत की आत्मा का गला घोंटा है। संविधान- लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस का वक्त इतना गिर गया है कि क्षेत्रीय दलों के गोद में बैठ गई है,राज्य में कांग्रेस की एकमात्र सांसद गीता कोड़ा भाजपा के साथ संविधान को मजबूती देने के लिए आ गई है!


श्रीचंद प्रजापति ने कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के बयान पर कहा देश में सिर्फ जब 30त्न लोग ही भाजपा के साथ हैं तो सब मिलकर ठगबंधन बनाने की क्या जरूरत थी।

उन्होंने कहा विभिन्न जांच एजेंसी स्वतंत्र रूप से काम कर रही है भाजपा ने किसी को जेल नहीं भेजा है,अंतर यही है कांग्रेस के समय संवैधानिक एजेंसियां जे. अकबर रोड में दरबारी में सिर्फ घंटी बजाती थी! कांग्रेस- झामुमो के लोग जनता के समक्ष दुष्प्रचार कर रहे हैं आदिवासियों के लिए सुरक्षा कवच के रूप में सीएनटी एसपीटी एक्ट में बदलाव की बात बीजेपी कभी ना की है और नहीं करेगी । इसका उल्लंघन सबसे ज्यादा संविधान की दुहाई देने वाले लोगों ने किया। श्री प्रजापति ने कहा गुमला में नामांकन के समय न ही कांग्रेस कमेटी के नेता मौजूद रहे और ना ही कोई विधायक पहले कांग्रेस अपने गुटबाजी को संभाले फिर देवतुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं के ऊपर आरोप लगाए। उन्होंने कहा लोहरदगा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है असली धोखेबाज-जुमलेबाज ठगबंधन है। मोदी जी की गारंटी इन सभी भ्रष्टाचारी और तुष्टीकरण करके समाज-देश को तोड़ने वाली शक्तियों को समाप्त करने की गारंटी है, सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर वैश्विक स्तर पर देश आगे बढ़ रहा है ।

## खपरैल घर सहित, लाखों रुपए के समान जलकर हुआ राख ।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गुमला** जिला अंतर्गत सिसई थाना स्थित सकरौली ग्राम निवासी जनक अहीर पत्नी बल्कि देवी के घर में एकाएक अचानक आग लग गई, आग कैसे लगी यह पता नहीं चल सका हैं, घर सहित , घर में रखें घर के महत्व पूर्ण कागजात, घरेलू उपयोग के सभी समान , बैल बेचकर रखा गया नगद राशि, धन चावल, बदाम , मकई , कपड़ा, साइकल आदि सब कुछ , लाखों रुपये का सामान जलकर हुआ राख , ग्रामीणों ने उक्त घटना की सूचना तत्काल सिसई अंचलाधिकारी और सिसई थाना प्रभारी को दी गई, जिसपर उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुयें अग्निशामक वाहन बुलाकर , पूर्ण रूप से आग



पर काबू पाया गया, परन्तु तब तक सब कुछ जलकर राख हो चुका था , घटना के समय घर में कोई नहीं था, जिसके कारण किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई , पीड़ित जनक अहीर और पत्नी बल्कि देवी ने अंचल अधिकारी एवं जिला प्रशासन से मुआजे क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई है। सिसई थाना पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही ।.

# नाबालिक लड़की से बलात्कार करने वाले अभियुक्त को 10 वर्ष का कठोर सश्रम कारावास और 50, 000 का जुर्माना

**गुमला -** इच्छा के विरुद्ध और चाकू का भय दिखाकर, नाबालिक लड़की के साथ जबरदस्ती बलात्कार करना और फिर झूठा प्रेम जाल और शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाने वाले धोखेबाज प्रेमी ने दूसरी लड़की से शादी रचाने जा रहा था , इसी क्रम में पीड़िता ने अपनी शादी के लिए जब दबाव बनाया तो , उक्त तथाकथित प्रेमी विश्राम उरांव ने , शादी से साफ इनकार कर दिया , तब पीड़िता ने महिला थाना गुमला में और पुलिस अधीक्षक गुमला को लिखित आवेदन देने के बावजूद जब कोई ठोस कार्रवाई और परिणाम नहीं मिला तो , नाबालिक पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और 8 वर्ष बाद पीड़िता को मिली न्याय ।

गुमला व्यवहार न्यायालय के एडीजे वन ( प्रथम ) दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने एक बलात्कार के आरोपी को आठ साल बाद एडीजे की अदालत ने बलात्कार के अभियुक्त विश्राम उरांव को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा और 50 हजार रुपया का जुर्माना की सजा सुनाई गई हैं ।

गुमला व्यवहार न्यायालय के एडीजे वन दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत ने बलात्कार के अभियुक्त विश्राम उरांव को दोनों पक्षों के वकीलों की दलील, गवाहों के बयान और अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों को देखते हुए अभियुक्त विश्राम उरांव को अदालत ने दोषी करार देते हुए 10 वर्षों का कठोर सश्रम कारावास और ?50 , 000 हजार रुपया जुर्माना की सजा सुनाई हैं , अभियुक्त विश्राम उरांव द्वारा



अर्थ दंड नहीं देने पर उक्त अभियुक्त को एक वर्ष की अतिरिक्त सश्रम कारावास की कठोर सजा भी भुगतनी होगी।

बताया जाता है कि घटना 2016 की है , नाबालिक लड़की अपने घर में अकेले खाना बना रही थी , इसी क्रम में अभियुक्त विश्राम उरांव उक्त नाबालिक लडकी के घर पर पहुंचा और हाल-चाल पूछने के बाद उसके माता-पिता के बारे में पूछताछ की और सभी जानकारी लेने के बाद मात्र 15 वर्ष की नाबालिक लड़की को घर में अकेला पाकर और नाजायज फायदा उठाते हुए विश्राम उरांव ने उक्त नाबालिक लड़की को जमीन में उठाकर पटक दिया और चाकू का भय दिखाकर उसके साथ , उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती बलात्कार किया, और बाद में उक्त घटना की जानकारी किसी को भी नहीं देने की धमकी देते हुए, और झुठा प्रेमालाप और झूठा शादी करने का आश्वासन देकर चला गया , और विश्राम उरांव को जब भी मौका मिलता वह नाबालिग पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा, और पीड़िता अपनी लोक लाज के कारण उक्त घटना की जानकारी किसी को नहीं दी, 11 अप्रैल 2016 के पूर्व पीड़िता को पता चला की वह दूसरी लड़की के साथ शादी करने वाला हैं, तब पीड़िता ने अपनी शादी के लिए दबाव बनायी तो , उक्त अभियुक्त ने पीड़िता के साथ शादी करने से साफ इन्कार कर दिया , तब पीड़िता ने 11 अप्रैल 2016 को गुमला महिला थाना में , पीड़िता ने अपनी आप बीती , बातों को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई, उक्त आवेदन मिलते ही गुमला महिला थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें अभियुक्त विश्राम उरांव को कई बार नोटिस जारी की गई , परंतु वह महिला थाना में उपस्थित नहीं हुआ और ना ही कोई जवाब दिया , तब महिला थाना द्वारा न्यायालय में केस करने की बात कही गई , इसी क्रम में 26 में 2016 को पुलिस अधीक्षक गुमला को भी लिखित आवेदन दिया गया परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई , तब पीड़िता द्वारा न्यायिक दंडाधिकारी गुमला के न्यायालय में एक परिवाद पत्र दाखिल किया गया और न्यायालय के आदेशानुसार ही , उक्त प्राथमिकी गुमला थाना में दर्ज की गई , और न्यायिक प्रक्रिया में लगभग 8 वर्ष के बाद अभियुक्त विश्राम उरांव को 10 वर्ष का कठोर सश्रम कारावास ।

## एक-नजर

### व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर , घटनास्थल पर मौत

**गुमला -** गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह के समक्ष , रायडीह सीलम पाकर टोली निवासी छोटू नायक अपने साथियों के साथ रायडीह नवागढ़ पतराटोली के एक शादी समारोह में ढाक बाजा बजाने गया हुआ था , और देर रात्रि ढाक बजा, बजाकर अपने साथियों के साथ वापस पैदल अपने घर आ रहा था, इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रायडीह के समक्ष एक अज्ञात वाहन के चपेट में आने के कारण उक्त घटना-स्थल पर ही छोटू नायक की दर्दनाक मौत हो गई, बाद में उक्त दुर्घटना की सूचना रायडीह थाना पुलिस को दी गई , उक्त सूचना मिलते ही रायडीह थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया और शीतगृह में रखवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं , रायडीह थाना पुलिस छानबीन में जुटी हुई हैं ।....

### भुरकुंडा अस्पताल के समीप सडक दुर्घटना में एक युवक घायल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा के सामने सड़क दुर्घटना में पोडा गेट सयाल निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो की मदद से घायल युवक को सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। जानकारी के अनुसार पोडा गेट सयाल निवासी हरिओम कुमार गुप्ता 25 वर्ष पिता सुभाष गुप्ता उर्फ भोला स्पलेंडर बाइक से भुरकुंडा बाजार से बर्फ की सिल्ली लेकर अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में हॉस्पिटल के समीप पतरातू की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर लगने के कारण हरिओम बाइक सहित बर्फ की सिल्ली के साथ गिर प?ा। घटना में बर्फ का सिल्ली हरिओम के दाहिने पैर पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।.

### देश के विकास के लिए भाजपा को समर्थन करें : मनीष जयसवाल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को सौंदा डी पंचायत में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि आज देश पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत का दुनिया में एक नई पहचान बनी है। देश की बागडोर एक स्वच्छ, ईमानदार, निष्ठावान व्यक्तित्व के धनी नरेंद्र मोदी के हाथों में है। उन्होंने मतदाताओं से देश की सुख समृद्धि और निरंतर विकास के लिए भाजपा के पक्ष मे मतदान करने की अपील की। जनसम्पर्क अभियान में दशरथ कुर्मी, अशोक शर्मा, मुखिया उपेंद्र शर्मा, डब्लू पांडेय, बिरजू राय, सुजीत घांसी, भुन्नु सिंह, संतोष शर्मा, मो आलम, उत्कर्ष राम, शशि भूषण तिवारी, अजित जायसवाल, राजाराम सिंह, मो अकबर, परदेशी नोनिया, रंजीत एक्का, चन्द्रमोहन मेहता सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### सड़क में गढा व ट्रक के तेज रोशनी से अनियंत्रित होकर गिरने से बाइक सवार हुए गंभीर रूप से घायल

**बसिया** थाना क्षेत्र अंतर्गत लोंगा के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों में मोरेंग लोंगा निवासी 17 वर्षीय करण कुमार और करण साहू है जानकारी के मुताबिक दोनों छात्र बाइक से कोन वीर घूमने गए थे वहीं वापसी के क्रम में लोंगा के समीप सामने से आ रहे ट्रक की रोशनी से चौंधिया गए साथ ही सड़क में गड्ढे को नहीं देख पाए और अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया जहां इलाज के उपरांत दोनों घायलों को गुमला रेफर कर दिया गया गुरुवार की रात 1ः00 बजे दोनों घायलों को सदर अस्पताल में एडमिट किया गया दोनों के सर चेहरा और शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है ।

### युवक बायपास रोड पुल में अनियंत्रित होकर गिरा, सर में लगी गंभीर चोट

**गुमला :**बायपास रोड तर्री जंगल के समीप पुल में अनियंत्रित होकर गिरने से रेडवा सिसई निवासी 28 वर्षीय अमर उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक केराडीह मांझा टोली अपने ससुराल गया था वही वापसी के क्रम में सड़क से पुल ऊंचा होने व तेज गति के कारण बाइक सहित उछल गया और पुल के नीचे गिर गया। घटना में उसके सर चेहरा सहित शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी। लोगों ने बताया उस स्थान पर आए दिन दुर्घटना होते रहती है। सड़क से ऊंचा पुल होने के कारण सड़क का पता नहीं चल पाता है और तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना हो जाती है। लोगों ने बताया उक्त स्थल पर कई लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं।

### विश्व कृमि मुक्ति दिवस पर डीएवी उरीमारी के बच्चो के बीच दवा का किया गया वितरण

**भुरकुण्डा (रामगढ़)।**उरीमारी डीएवी स्कुल में विश्व कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बच्चों के बीच कृमि मुक्ति दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर झारखण्ड सरकार के दिशा निर्देश पर 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को एलबेडाजोल टेबलेट 400 एमजी का खुराक खिलाया गया। कार्यक्रम बड़कागांव प्रखण्ड चिकित्सालय के तरुण शर्मा, प्रिया हेम्ब्रम, रुपादेवी और अर्चना टोप्पो की देख रेख में किया गया।

मौके पर प्रार्चाय उत्तम कुमार रॉय ने बच्चों को कृमि मुक्ति दवा के लाभ की जानकारी दी। उन्होंने कहा की मानव शरीर में कृमि के कारण कई बिमारियों का सामना करना पड़ता है। जिससे शरीरिक और मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता हैं। सरकार ने कृमि मुक्ति की ओर कदम उठा कर आने वाली पीढ़ियो को शारिरिक पेरेशानियों से मुक्ति और स्वस्थ्य समाज का स्थापना करने में अपनी भागीदारी निभा रही है। जिसमे हम सभी की सहयोग करना चाहिए।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 18168, दिनाक 26/04/2024 के अनुसार,
मैं परमानन्द कुमार उम्र करीब - 36 वर्ष पिता राममुनिराम साकिन हेरहंज थाना - हेरहंज जिला लातेहार राज्य झारखण्ड राष्ट्रीयता भारतीय शपथ पुर्वक एकरार करता हूँ कि :-

1 यह कि, मैं उक्त ग्राम का स्थायी निवसी हूँ ।
2 यह कि, मैं बाहर रहने हेतु पासर्पोट बनाया हूँ जिसमें मेरा अंग्रेजी नाम PARMANAND KUMAR है ।
3 यह कि, मेरा जन्म तिथि 10-02-1988 ई है ।
4 यह कि मेरा नाम PARAMANAND KUMAR

आधार कार्ड में विधालय सर्टिफिकेट में दर्ज है जो वास्तविक है लेकिन मेरा पासर्पोट के नाम PARMANAND KUMAR दर्ज हो गया है जो गलत है मेरे नाम पर आर के बाद ए का अक्षर छुट गया है जिसे जोडकर सुधार कर पुनः पासर्पोट बनाने हेतु शपथ पत्र कर रहा हूँ।
मैं शपथ पुर्वक एकरार करता हूँ कि उपर लिखे सारी बातें मेरी जानकारी एवं विशवास में सही सत्य व दुरूस्त है।

खबरों की बुलंद आवाज़
उज्ज्वल दुनिया



# एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर मुस्लिमों को देना इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा : अमित मंडल

**रांची।** भाजपा विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर अपने चहेतों को देना कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा है। इंडी गठबंधन एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण का लाभ मुस्लिमों को देना चाहती है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। कांग्रेस और भाजपा में यही बड़ा अंतर है।

अमित मंडल शुक्रवार को मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव से सबक साथ-सबका विकास की पक्षधर रही है जबकि कांग्रेस का इतिहास सदैव तुष्टिकरण की राजनीति से भरा रहा है। कांग्रेस को एससी, एसटी और ओबीसी से नफरत है और उनके घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है।



मंडल ने कहा कि 09 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद के 52वें बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नवीन योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से साझा करने का अधिकार मिले। पहला दावा उनका होना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अभिनव योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से हिस्सा लेने का अधिकार मिले। संसाधनों पर पहला अधिकार उनका होना चाहिए।

मंडल ने कहा कि इससे एक खास वर्ग के प्रति कांग्रेस के अगाध प्रेम को समझा जा सकता है। मनमोहन सिंह ने यह बयान गलती से नहीं दिया था, बल्कि जानबूझ कर दिया था। क्योंकि 13 अप्रैल, 2009 को मनमोहन सिंह ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस में एक प्रश्न का जवाब देते हुए फिर अपने बयान को सही ठहराया और कहा कि अल्पसंख्यकों का खासकर मुस्लिमों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए जब बात देश के संसाधनों की आती है।

मंडल ने कहा कि कांग्रेस ने घोषणापत्र में कहा है कि देश में बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नहीं है।

मतलब उन्हें एससी, एसटी और ओबीसी से सख्त नफरत है। क्योंकि, देश में बहुसंख्यक आबादी इन्हीं गरीब लोगों की है। इन्हीं की साजिशों की वजह से जम्मू-कश्मीर में आजादी के 70 सालों तक एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के साथ अन्य सामाजिक अधिकारों से वंचित थे।

मंडल ने कहा कि कांग्रेस ने मेनिफेस्टो में कहा है कि जाति जनगणना को हम पूरे देश में इम्प्लिमेंट कर देश का एक्सरे करेंगे, फाइनेंशियल और इंस्टीट्यूशनल सर्वे करेंगे। ये पता लगाएंगे कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है, कौन से वर्ग के हाथ में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे।

कांग्रेस के लोग कहते हैं कि आप सबकी संपत्ति की जांच होगी। कांग्रेस की एक्स-रे मशीन अब बहनों-बेटियों की अलमारी में और लॉकर में पहुंचेगी। ये क्रांतिकारी काम यही है कि ये आपका पैसा, आपकी संपत्ति हड़प कर अपने चहेतों को देंगे।

## धर्मेंद्र तिवारी भारतीय जनतंत्र मोर्चा के रांची लोकसभा के प्रत्याशी होंगे

**रांची** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संसदीय चुनाव समिति की बैठक आज रांची में संपन्न हुई।बैठक में सर्वसहमति से निर्णय हुआ की पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र तिवारी राँची लोकसभा से चुनाव लड़ेंगे।

इस अवसर पर श्री तिवारी ने संसदीय चुनाव समिति तथा जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय का आभार जताते हुए कहा की राँची के वर्तमान भाजपा सांसद ने पिछले ५ सालों में ऐसा एक भी काम नहीं किया है, जिसके लिये राँची की जनता उनका पुनः चुनाव करे. वर्तमान सांसद ने



राँचीवासियों की समस्या, उनके मुद्दे दिल्ली के संसद में ठीक तरह से उठाया ही नहीं। वे केवल नमो मंत्र ही जपते है।

इधर कांग्रेस ने भी वंशवाद परंपरा को आगे बढ़ाते हुए ऐसा प्रत्याशी दिया है जिसको न तो यहाँ के लोग जानते है और ना ही उन्हें सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की समझ है। चुनाव के बाद इनका दुबारा बंबई चले जाने की प्रबल संभावना है।

श्री तिवारी ने कहा कि माननीय सरयू राय और भाजमो ने मुझ पर विश्वास करके राँची लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनाकर जो ज़िम्मेवारी मुझे सौंपा है, उस पर मैं खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करूँगा और राँची लोकसभा क्षेत्र के आम जनता के सहयोग से उनकी समस्याओं, जनहित के मुद्दों को संसद में पुरजोर तरीके से उठाऊँगा और उनका निराकरण भी कराऊँगा।

## आईजी अभियान ने चुनाव के मद्देनजर की बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश

**रांची।** आईजी अभियान सह राज्य पुलिस नोड्ल पदाधिकारी एवी होमकर ने पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक की। बैठक में सभी जिलों में विधि-व्यवस्था, नक्सलियों, मादक द्रव्य, शराब इत्यादी के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के संबंध में विस्तृत रूप से समीक्षा की। बैठक में आईजी डीआईजी, एसएसपी और एसपी ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से भाग लिया।

आईजी ने बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने उग्रवाद प्रभावित सभी जिलों को लगातार योजनाबद्ध अभियान चलाने के लिए दिशा-निर्देश दिये । साथ ही कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को नक्सली अंजाम नहीं दे सकें। इसका पूरा ध्यान रखें। साथ ही अन्तरजिला एवं अंतरराज्यीय सीमा पर गतिशील नक्सलियों के खिलाफ सामंजस्य स्थापित कर सुरक्षा बलों के जरिये अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।

आईजी ने सभी सीमावर्ती क्षेत्रों पर पूर्व से संचालित पुलिस चेक पोस्ट-नाका पर अतिरिक्त बलों की प्रतिनियुक्ति करने , विशेष निगरानी रखने को कहा।

साथ ही सभी एसपी को निर्देश दिया कि वह स्वयं संबंधित चेक पोस्ट-नाका का भौतिक रूप से सत्यापन करें ताकि अवैध रूप से ले जाने वाले कैश, अवैध शराब, अवैध हथियार एवं नशीले पदार्थों की तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाया जा सके। आईजी ने सभी डीआईजी , सभी वरीय पुलिस अधीक्षक और एसपी से उनके क्षेत्राधीन जिलों में लंबित वारंटों , कुर्कियों के निष्पादन पर कार्रवाई करने के लिए विशेष जोर दिया।

## पोस्टल बैलेट एक्सचेंज सेंटर से फॉर्म-12 एवं 12 डी का हुआ आदान-प्रदान

**रांची,** । लोकसभा आम चुनाव के लिए अंतरजिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलेट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का शुक्रवार को संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में स्थानांतरण किया गया। मुख्य निर्वाचन कार्यालय में बनाए गए एक्सचेंज सेंटर में राज्य के सभी जिलों, निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचन कार्य से जुड़े पदाधिकारी अपने-अपने जिले में प्राप्त फॉर्म 12 एवं 12 डी को लेकर पहुंचे और संबंधित दूसरे जिलों को फॉर्म को उपलब्ध कराया। एक्सचेंज के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि एक भी मतदाता मतदान करने से नहीं छूटे, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोस्टल बैलेट से मतदान की व्यवस्था की गई है। पोस्ट बैलेट से मतदान के लिए प्राप्त फार्म 12 एवं 12 डी का एक्सचेंज फैसिलिटी से सर्विस वोटर एवं एसेंशियल सर्विसेस के मतदाताओं को मत देने में सुविधा होगी।

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि फार्म 12 चुनाव ड्यूटी में कार्यरत यानी सर्विस वोटर के लिए है। फॉर्म 12 डी अब्सेंटी वोटर, अब्सेंटी वोटर फिजिकल डिसिबिलिटी, अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन तथा अब्सेंटी वोटर एसेंशियल सर्विसेस के लिए है, जो पोस्टल बैलेट के माध्यम से मत देने की प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। संबंधित मतदाता जो अपना फॉर्म जमा किए हैं, उसे एक्सचेंज फैसिलिटी के तहत एक दूसरे लोकसभा क्षेत्र में भेजा जा रहा है, ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।लोकसभा आम चुनाव के लिए अंतर जिला स्थानांतरण के संदर्भ में पोस्टल बैलेट के निमित्त प्राप्त फार्म 12 एवं फॉर्म 12 डी का स्थानांतरण, निर्गत पोस्ट बैलेट एवं पोस्टल बैलेट के आदान-प्रदान एवं अन्य के संबंध में एक्सचेंज कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 30 अप्रैल को भी पोस्टल बैलेट एक्सचेंज फैसिलिटी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही 4 मई, 7 मई, 11 मई, 15 मई 19 मई, 24 मई, 28 मई एवं 31 मई को मुख्य निर्वाचन कार्यालय में एक्सचेंज फैसिलिटी उपलब्ध कराये जाने संबंधी तिथि निर्धारित है।

### चुनाव आयोग ने की नयी परंपरा की शुरूआतः झामुमो

**रांची,** । झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग की ओर से दो राष्ट्रीय दलों के स्टार प्रचारकों के संबंध में नोटिस भेजे जाने पर कड़ी नाराजगी जतायी है। भट्टाचार्य ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग ने दो राष्ट्रीय दलों को दो नोटिस भेजा है। दोनों पार्टियों से स्टार प्रचारकों के बारे में स्पष्टीकरण मांगा गया है। चुनाव आयोग ने ऐसी परंपरा की शुरूआत पहली बार की है। क्योंकि यह मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है। चुनाव आयोग को यह साहस नहीं हुआ कि प्रधानमंत्री मोदी को नोटिस भेजा जाये। जब चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता को नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा



गया है। दूसरा स्पष्टीकरण दिलीप घोष से मांगा गया। प्रधानमंत्री मोदी को नोटिस क्यों नहीं यह बहुत बड़ा सवाल है, ये सवाल साधारण नहीं है।

भाजपा की तरफ से लगातार हेट स्पीचेज दिए जा रहे हैं। बिहार में गिरिराज सिंह के भाषा पर कोई कुछ नहीं बोल रहा है। भाजपा के कई अन्य नेता गलत भाषण और बयानबाजी करने से बाज नहीं आते है। लेकिन चुनाव आयोग उन नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## झारखंड वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू समर्थकों के साथ कांग्रेस में हुए शामिल

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के तत्वाधान में शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन कांग्रेस भवन रांची में किया गया। मिलन समारोह में झारखंड वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने माला पहनाकर महेश्वर साहू और उनके समर्थकों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई।



मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर और देश के वर्तमान माहौल को देखते हुए महेश्वर साहू ने अपने लोगों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। देश के वर्तमान हालात में अच्छे भविष्य के लिए राहुल एक उम्मीद की किरण के रूप में देशवासियों को नजर आ रहे हैं। महेश्वर साहू लगातार अपने समाज की बातों को उठाते रहे हैं और अपने समाज के हित के लिए मांगों को मजबूती के साथ उठाते रहे हैं।

राहुल गांधी ने भी पूरे देश की जनता के सामने कांग्रेस का स्पष्ट नजरिया मेनिफेस्टो के माध्यम से भी रख दिया है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, जब से कांग्रेस ने जनता के सामने महंगाई, बेरोजगारी,जातिगत जनगणना, पांच न्याय 25 गारंटी को जनता के सामने पूरे रोड मैप के साथ पेश किया है तब से भाजपा की आंखों से नींद उड़ गई है।

## राज्य में 30 अप्रैल तक लू चलने की चेतावनी

**रांची,** । राज्य में मई से पहले ही गर्मी झुलसाने लगी है। तेज धूप की तपिश ने लोगों को परेशान कर दिया। दिनभर तेज धूप के कारण लोग शहर की सड़कों पर कम ही दिख रहे हैं। तेज धूप और गर्म हवाओं का असर भी राजधानी समेत अन्य हिस्सों में बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के मुताबिक 30 अप्रैल तक राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ता रहेगा। 27 अप्रैल को हीट वेव का असर संथाल और दक्षिणी हिस्से में देखा जायेगा जबकि 28 से 29 के बीच हीट वेव का असर पलामू प्रमंडल और मध्य हिस्से में भी देखा जायेगा। ऐसे में लोगों को काफी सतर्क रहने की सलाह दी गयी है।

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि आने वाले पांच दिनों के दौरान राज्य में हीट वेव का असर लगातार बढ़ेगा। इसमें पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो, गुमला और खूंटी में भी कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर मौसम विभाग ने यलो अलर्ट भी जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आने वाले तीन दिनों के दौरान राज्य के तापमान में चार डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी। बढ़ते तापमान और हीट वेव को लेकर मौसम विभाग ने विशेष अलर्ट जारी किया है।

साथ ही लोगों को सलाह दी है कि दिन के 11 बजे से लेकर दोपहर के चार बजे तक बाहर न निकलें।

## श्रद्धा और भक्ति के साथ तोरपा का नौ दिवसीय मंडा अनुष्ठान संपन्न

**खूंटी,** । वैसे तो भगवान भोलनाथ को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग इलाकों में कई तरह के अनुष्ठान किए जाते है, पर शैव भक्ति की जितनी कष्टसाध्य आराधना पंडा पर्व है, उतना कष्ट सामान्य पूजा-अर्चना में देखने को नहीं मिलता।चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के बाद से ही पूरे झारखंड में भगवान भोलेनाथ की कष्ट साध्य आराधना का पर्व मंडा शुरू हो जाता है, जो पूरे ज्येष्ठ महीने तक चलता है। यह ऐसा सार्वजनिक अनुष्ठान है, जिसमें न कोई जात भेद होता और न ही मंत्रोच्चार की जरूरत है। भक्त भगवान आशुतोष को प्रसन्न करने के लिए सिर्फ अपने शरीर को कष्ट देते हैं। मंडा अनुष्ठान कहीं-कहीं नौ दिनों का होता है, तो कही तीन दिनों का। भगवान शंकर का वरदान पाने के लिए भक्त जिन्हें भोक्ता कहा जाता है, अनुष्ठान पूरा होने तक अपना घर-परिवार त्याग कर किसी शिवालय में शरण लेते हैं।इस दौरान वे 24 घंटे में सिर्फ एक बार फलाहार करते हैं। मंडा पर्व ऐसा अनुष्ठान होता है, जहां जनजातीय और अनुसूचित जाति समुदाय के लोग काफी संख्या में भाग लेते हैं। झारखंड के अलग-अलग गांवों में अलग-अलग तिथियों में मंडा पर्व मनाया जाता है। हालांकि इसका अनुष्ठान सभी गांवों में नहीं होता। जिस परिवार से कोई भोक्ता मंडा अनुष्ठान में शामिल होता है, तो उसके पूरे परिवार और निकट के रिश्तेदारों मांस-मदिरा का सेवन पूरी तरह बंद हो जाता है।ऐस ही नौ दिवसीय कष्टसाध्य मंडा पर्व शुक्रवार को तोरपा में संपन्न हो गया। सुबह से लेकर शाम तक निराहार रहकर और दहकते अंगारों में नंगे पाव चलकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति का परिचय देते हुए 20 फीट ऊंचे झूले में झूलकर मंडा पूजा का समापन हुआ।

## सार-संक्षेप

### मांडर प्रमुख एवम उपप्रमुख ने पंचायतो किया भ्रमण

**मांडर,**प्रखण्ड विभिन्य पंचायत का शुक्रवार को भ्रमण किया मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का और उप प्रमुख अमानत अंसारी ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ब्राम्बे स्थित आईएचएम पहुंच कर वहां के प्राचार्य डॉक्टर भूपेश से औपचारिक मुलाकात कर वहां के छात्र-छात्राओं के पढ़ाई की जानकारी के साथ साथ वहां के बने व्यंजनों का भी आनंद लिया,मौके पर डॉ भूपेश कुमार ,बेलस टोप्पो, चारों उरांव, गोविंद उरांवसहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया



**मांडर।** प्रखंड के मुड़मा में शुक्रवार को ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस की रांची जिला इकाई की एक बैठक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर की अगुवाई में आयोजित की गई। इस बैठक में रांची जिला के सभी प्रखंड के अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही वर्तमान चुनावी परिप्रेक्ष्य में एक दूसरे का फीडबैक भी लिया गया। बैठक में सभी अध्यक्षों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इंडिया महागठबंधन द्वारा मुसलमान के साथ अन्याय किया गया है। बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्षों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए शमीम अख्तर द्वारा निर्देश दिया गया कि दो दिनों के अंदर प्रखंड कमिटी तैयार कर जिला को समर्पित करें। इस अवसर पर रांची जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली, जिला सचिव क्यूम अंसारी, एनुअल अंसारी, तनवीर अहमद, नईम अंसारी, गफार अंसारी, मुबारक अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बालू में धंसकर एक मजदूर की मौत

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के सिलागाई नदी से बालू निकालने के दौरान चाल धसने से चांपाडीह निवासी अनिल उरांव नामक युवक की मौत हो गई।पच्चीस वर्षीय अनिल उरांव ट्रैक्टर में मजदूरी करता था। घटना गुरुवार देर शाम की है। बताया जाता है कि अनिल उरांव एक ट्रैक्टर चालक के साथ अबुवा आवास के लिए बालू लाने सिलागांई नदी गया था। बालू की कमी को लेकर सिलागांई नदी में इन दिनों सुरंगनुमा गड्ढा बनाकर बालू की निकासी होती है। अनिल भी सुरंग में घुसकर अकेले ही बालू निकाल रहा था। इसी दौरान अचानक ऊपर का बालू धंस गया और अनिल उरांव उसके नीचे दब गया। बाद में बाहर खड़े चालक की सूचना पर अनिल उरांव को वहां से निकालकर मांडर स्थित एक निजी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनिल अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, उसका एक छोटा बच्चा भी है।

### बलसोकरा मदरसा चौक स्थित घर में आग लगने से घर का सारा सामान जलकर हुआ राख

चान्हो थाना क्षेत्र बलसोकरा स्थित मदरसा चौक में तबरेज आलम के घर में शॉर्ट सर्किट से लगा शुक्रवार सुबह में आग लगने से घर में रखे नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया है। तबरेज आलम ने बताया कि व घर पर नहीं थे बच्चा बीमार था उसी को दिखाने के लिए गुरुवार को अस्पताल ले गए थे और लौट के क्रम में चान्हो स्थित ससुराल में ही रुक गए थे। सुबह उनके घर वालों के द्वारा आग लगने की सूचना दी गई। बताया जाता है कि जैसे ही आग लगी और उनके भायों और आसपास के लोगों के द्वारा आग पर काबुक पानी की कोशिश की गई मगर तब तक घर में रखे गए नगद सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। तबरेज आलम के द्वारा बताया गया कि इस आग लगी से कम से कम तकरीबन 6 से 7 लख रुपए तक का उनको नुकसान हुआ है।

### अपने छुपे एजेंडे पर काम करती है भाजपाः कांग्रेस

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सोनाल शांति ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा इस देश में हमेशा अपने छुपे एजेंडे पर काम करती है। जबकि कांग्रेस अपने एजेंडे को जनता के सामने पूरे रोड मैप के साथ रखती है।उन्होंने शुक्रवार को कहा कि जब देश भाजपा से सवाल पूछ रहा है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनाव की धारा दूसरी और मोड़कर देश में सांप्रदायिक माहौल बनाना चाहते हैं। जब कांग्रेस महंगाई की बात करती है तो भाजपा मुसलमान की बात करती है। कांग्रेस रोजगार पर सवाल करती है तो मोदी मंगलसूत्र की बात करने लगते हैं। कांग्रेस इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाला की बात करती है तो भाजपा जातिवादी राजनीति की बात करती है।

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV

जिला नियंत्रण कक्ष एवं हॉट लाईन कोषांग, गढ़वा

आम सूचना

एतद् आम सूचना के माध्यम से 13– पलामू (अ०जा०) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जिला गढ़वा अंतर्गत सभी आम मतदाताओं, राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यदि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत/सुझाव हो तो वे जिला नियंत्रण कक्ष एवं हॉट लाईन कोषांग, गढ़वा में स्थापित दूरभाष संख्या– 6201261084, 112 एवं 1950 (Toll Free No.) पर सम्पर्क कर सकतें हैं।

नोडल पदाधिकारी,
जिला नियंत्रण कक्ष एवं हॉट लाईन कोषांग, गढ़वा

PR 324120 Election(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
जल पथ प्रमंडल सं०-2 हजारीबाग
Email Id- eewwdchak2-cer-jhr@nic.in

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 02/2024–2025

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (INR) | Cost of BOQ (INR) | Completion period of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कटकमदाग प्रखंड अन्तर्गत मध्य विधालय सलगांवा में सेप्टिक टैंक एवं सॉकपीट सहित सामुदायिक शौचालय निर्माण। | 8,99,175.00 | 18,000.00 | 1,250.00 | 20 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान तिथि एवं समय : : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 04.05.2024 को पूर्वाहण 11:00 से अपराहन 1:00 बजे तक।
2. निविदा प्राप्ति की स्थान तिथि एवं समय : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। दिनांक 04.05.2024 पूर्वाहण 02:00 से अपराहन 3:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की स्थान तिथि एवं समय : दिनांक 04.05.2024 को अपराहण 3:30 बजे कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग।
4. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं दूरभाष सं0– : कार्यपालक अभियंता, जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग। 7903709450
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है ।

नोट :– निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
जलपथ प्रमंडल सं0–2, हजारीबाग

PR 324132 Water Resource(24-25).D

## संक्षिप्त खबरें

### युवा अधिवक्ता का निधन, शोक की लहर



हजारीबाग। बार एसोसिएशन हजारीबाग के युवा अधिवक्ता विवियन नितिन शॉ का आकस्मिक निधन बुधवार हो गया। वे 15 अप्रैल को धनबाद में सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे, जिसके बाद उनका इलाज दुगार्पुर के एक अस्पताल में चल रहा था। इसी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसें ली ।उनके निधन की खबर सुनकर पूरा बार एसोसिएशन में शोक की लहर दौड़ गई। 26 अप्रैल 2024 को सुबह 7.30 बजे लाइब्रेरी हॉल में शोक सभा का आयोजन किया गया और स्व शॉ की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई एवम न्यायिक कार्य से सभी अधिवक्ता अपने आप को अलग रखें। उक्त आशय की जानकारी संयुक्त सचिव पुस्तकालय सह मीडिया प्रभारी कुणाल कुमार ने दी।

### संकट मोचन मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का किया गया भूमि पूजन



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के विष्णुगढ़ हॉस्पिटल चौक स्थित संकट मोचन मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाते हुए श्रद्धालुओं ने शुक्रवार को नए मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कहा कि हॉस्पिटल चौक विष्णुगढ़ की हृदयस्थली और व्यवसाय का मुख्य केंद्र है। यह संकट मोचन मंदिर कई वर्षों पूर्व बना था और इस जगह का संकट मोचन मंदिर जीर्ण अवस्था मे रहे यह कतई मंजूर नही। हॉस्पिटल चौक का संकट मोचन मंदिर आने वाले समय में आकर्षण और भव्यता का केंद्र होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से अरविंद कुमार लाहकार, सुमित कुमार, दीपु अकेला, राजू श्रीवास्तव, विजय साव, मनोज साव, चंद्रभूषण मिश्रा, मुन्ना भैया, बिपिन सिन्हा, मुन्ना सिंह, अनुराग बर्मन, मनोज कुमार समेत दर्जनों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने दिए कई निर्देश

**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें उन्होंने डीएसपी, इंस्पेक्टर और थानेदारों को कई निर्देश दिए। इसमें वारंट कुर्की का निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं पोस्को एक्ट के ससमय निष्पादन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित कई बिंदुओं पर सभी थाना प्रभारी को सूचना तंत्र को मजबूत करने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# केरेडारी में भीषण गर्मी से त्राहिमाम कर रहे लोग

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों चल रही प्रचण्ड लू ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है! जेठ की दुपहरी अभी बाकी है जबकि बैशाख महीना अभी शुरू ही हुआ है लेकिन सूर्य देवता अभी से ही रौद्र रूप में तप रहे हैं! प्रखण्ड क्षेत्र में भीषण गर्मी की वजह से तापमान इन दिनों लगातार 40 डिग्री पार कर रहा है व आवश्यक सेवा में कार्यरत कमोर्यों को छोड़ दें तो सुबह 9 बजे के बाद ही लोग घरों में दुबक जाने को विवश हैं! वहीँ दूसरी ओर बाजार में इन दिनों शीतल पेय,निम्बू पानी,अमझोरा,सत्तू,आमरस,गन्ने का रस,व मौसमी फल खीरा,ककड़ी,तरबूज व आम की बिक्री जोरों पर है! लोग लू से बचने के लिए इन पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं! प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों भीषण गर्मी की वजह से पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गई है व अधिकतर कुवें भी सुख चुके हैं व जहाँ इक्का दुक्का कुवें जिसमे पानी है भी वहां महिलाओं की लंबी कतार लग जाती है व नल जल कार्यक्रम भी तकरीबन फेल होता दिख रहा है! प्रखण्ड सीएचसी में कार्यरत डा सुधीर रंजन बताते हैं की गर्मी की वजह से लू से बचने के लिए शरीर में पानी की कमी हो सकती है व डिहाइड्रेसन का शिकार हो सकते हैं इसलिए लगातार पानी व शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें खाली पेट धुप में बिलकुल भी न निकले व अगर निकलना आवश्यक हो तो सर पर गमछा का प्रयोग करें और धुप से बचें! ग्लूकोज व अमझोरा का सेवन जरूर करें! फिलहाल प्रखण्ड वासियों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की कोई उम्मीद नहीं है!

# बड़कागांव में भीषण गर्मी में नल जल योजना हाथी का दांत हो रहा है साबित

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ अरुण कुमार गुप्ता



**डाड़ीकलां में जलमीनार बना, पाइप बिछी, लेकिन ग्रामीणों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं होने का मामला**

**जानकारी नहीं जांच कराने के बाद होगी कार्रवाई :- प्रखंड विकास पदाधिकारी : जितेंद्र कुमार मंडल**

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में नल जल योजना हाथी के दांत की तरह सिर्फ दिखावा उजागर हो रही है। प्रखंड के डाड़ीकलां में नल जल योजना अब भी अधूरी है। जलमीनार तो बन गए, सप्लाई पाइप बिछा दी गई, घरों में कनेक्शन जोड़कर नल तक लगा दिए गए पर उनसे एक बूंद भी पानी नहीं मिलने का ग्रामीणों ने लगाया है आरोप। बड़कागांव प्रखंड के डाड़ी कलां पंचायत के कुंवा टोला में 15वें वित्त आयोग के तहत सोलर जल मीनार एक ऐसे बोरिंग में लगाया गया है जिसमें पूर्व से ही हैंडपंप खराब पड़ा हुआ था। ऐसे में उक्त खराब पड़े चापानल को हटाकर सोलर चालित जलमीनार तो लग गई, लेकिन लोगों को इससे एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ। यहां के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। लोगों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 में नदीम के घर के सामने 15वें वित्त से लगा जल मीनार कोई काम का नहीं है। इससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ पानी की बहुत समस्या है। पहले इस बोरिंग में हैंड पंप लगा हुआ था। जिससे पानी हमेशा आता था जो पिछले कुछ महीनों से खराब था लेकिन जबसे मुखिया फण्ड द्वारा इस जल मीनार को लगाया गया तब से एक बूंद भी पानी नसीब नही हो रहा है। इससे अच्छा तो हैंड पंप ही था। जब इसमें पानी ही नही था। वहां पर जल मीनार बनाने की क्या आवश्यकता थी। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### तीन महीने पहले 15वें वित्त से मुखिया फण्ड से लगवाई थी जल मीनार

लगभग तीन माह पूर्व 15वें वित्त से सोलर चालित जल मीनार डाड़ी कला पंचायत मुखिया फण्ड द्वारा लगवाया गया है ऐसे बोरिंग मोटरसाइकिल में जल मीनार लगवाया गया है जो पूर्व से ही बंद पड़ा था। जल मीनार लगने के पश्चात एक बूंद भी पानी नहीं मिला इससे साफ प्रतीत होता है कि मनमानी किया गया है। इसकी सही से जांच हो, क्योंकि 15वें वित्त की राशि का दुरुपयोग किया गया है।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में जिला प्रशासन ने किया औचक निरीक्षण

- **सदर अनुमंडल पदाधिकारी समेत 07 दंडाधिकारी व 100 पुलिस के जवान कार्रवाई के दौरान रहे मौजूद**
- **गुरुवार की शाम 6.30 से 8:30 बजे तक चली कार्रवाई, सूचना लीक होने के कारण कुछ नहीं लगा हाथ**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में गुरुवार को उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार 7 दंडाधिकारी एवं 100 पुलिस बल के साथ औचक निरीक्षण किया गया। लोकसभा चुनाव 2024 एवं विधि व्यवस्था संधारण के बाबत जिला प्रशासन निरंतर कारवाई कर रही है। गुरुवार को जिला प्रशासन की टीम देर शाम 6.30 बजे केंद्रीय कारा के औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत सदर एसडीओ शैलेश कुमार ने बताया कि औचक निरीक्षण के क्रम में 07 दंडाधिकारी एवं लगभग 100 पुलिस बल कारवाई के दौरान मौजूद रहे। यह निरीक्षण लगभग 2 घंटे तक चली। इस औचक निरीक्षण की कार्रवाई में जिला प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारागार के अस्पताल, रिकॉर्ड पंजी, कैंटीन, बैरक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि नियमित अंतराल में जेल का औचक निरीक्षण किया जाता है। जिला प्रशासन विधि व्यवस्था को लेकर हर पहलुओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया की इस निरीक्षण की कार्रवाई के दौरान कोई भी अतिगंभीर सामग्री प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी विभाग को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश प्राप्त है। इधर जानकार सूत्रों की मानें तो जिला प्रशासन की इस कार्रवाई की सूचना पहले ही लीक होने के कारण जेल के अंदर से प्रशासन को किसी प्रकार की आपत्ति जनक समान हाथ नहीं लगी। जेल प्रशासन पहले ही मोबाइल और अन्य सामानों को हटवा दिया।

# बीडीओ सीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण,दिए कई दिशा निर्देश



उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**केरेडारी।** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखण्ड प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है! प्रखण्ड क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान हो व अधिक से अधिक लोग मतदान कर सकें इसके लिए बिडिओ अमित कुमार व सीओ रामरतन बर्णवाल लगातार प्रयास कर रहे हैं! इन्ही तैयारियों के निरीक्षण हेतु शुक्रवार को बिडिओ व सीओ ने गोपदा,उत्क्रमित उच्च विद्यालय पगार,सामुदायिक भवन भदईखाप सहित कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया! इन्होंने इन मतदान केंद्रों में मौजूद मुलभुत सुविधाओं में पेयजल, रैम्प, शौचालय, पंखे सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया साथ ही जरुरी दिशा निर्देश दिया है! सीओ रामरतन बर्णवाल व बिडिओ अमित कुमार ने लोकतंत्र के महापर्व में आगामी 20 मई को हजारीबाग लोकसभा चुनाव में होने वाले मतदान में मतदाताओं से बढ़ चढ़ कर भाग लेने का भी आग्रह किया है! प्रखण्ड वासी भी लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को लेकर खासे उत्साहित दिखाई दे रहे हैं!

# अंतरराष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य जांच टीम पहुंची महुदी गांव

- **कई लोगों से एचआईवी एवं हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच हेतु सैंपल लिया।**
- **डोर टू डोर 22 घरों की परिवार की जांच की गई।**



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी क्लस्टर अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वे जांच टीम महुदी गांव पहुंची। सर्वे टीम के सुपरवाइजर मोहम्मद शमशाद से पूछे जाने पर बताया की अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य टीम के द्वारा महुदी गांव के कुल 22 घरों में डोर टू डोर जाकर टीम के द्वारा स्वास्थ्य से संबंधित जांच की गई। यह सर्वे जांच कार्यक्रम 25 अप्रैल से लेकर लगातार 28 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने आगे बताया कि जांच में मुख्य रूप से लोगों का बीपी, शुगर, लंबाई, वजन और साथ ही साथ रसोई में उपयोग की जाने वाली नमक की विशेष तौर से आयोडीन की जांच की गई।मुख्य रूप से कई लोगों का एचआईवी संक्रमण एवं हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच हेतु सैंपल लिया गया। वहीं सहिया साथी आशिया खातून ने बताया कि सर्व जांच टीम के द्वारा लोग स्वच्छ पानी पीते हैं या नहीं इसके अलावा योग दंपति महिलाओं से मिलकर परिवार नियोजन से संबंधित बातचीत कर जानकारी ली। वहीं छोटे बच्चों की देखभाल व उसके स्तनपान के बारे में भी जानकारी ली। एनएफएचएस सर्वे जांच टीम के द्वारा मुख्य रूप से बड़कागांव प्रखंड के ग्राम महुदी, कनोदा, राणा टोला महुदी, सतबहिया, सिकरी, चंदौल, केरेडारी प्रखंड के पांडू एवं कंडाबेर, डाड़ी प्रखंड के कनकी गांव के घरों के परिवार के सदस्यों की जांच की गई। जांच टीम में मुख्य रूप से सुपरवाइजर मोहम्मद शमशाद, मेल इन्वेस्टीगेटर, अनिल कुमार, फिमेल इन्वेस्टीगेटर आशीसन लकड़ा, सुनीता कुमारी, खुशबू कुमारी, हेल्थ इन्वेस्टीगेटर अनुज कुमार पासवान एंव एडलीन देवगम, सहिया साथी आशिया खातून, सहिया किरण देवी शामिल थे।

# विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर डेंटल कॉलेज में जागरूकता फैलाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम



**मलेरिया की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण नाटक किया प्रस्तुत, समाज में जागरूकता का दिया अनोखा संदेश**

**मलेरिया एक कोशकीय परजीवी प्लाजमोडियम, संक्रमित मच्छरों से फैलती है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विभिन्न सकांय तथा छात्रों के संयुक्त प्रयास से मलेरिया की रोकथाम और उपचार के महत्व पर प्रकाश डालने के लिए एक जानकारीपूर्ण नाटक का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन प्रार्थना बर्मन चक्रवर्ती एवं डॉ सायंतन चक्रवर्ती ने किया। युजी और बीडिएस के छात्रों ने मलेरिया की रोकथाम और उपचार में महत्वपूर्ण नाटक प्रस्तुत किया। मलेरिया की रोकथाम और उपचार से संबंधित नाटक के माध्यम से समाज में जागरूकता का अनोखा संदेश दिया। साथ ही कॉलेज परिवार द्वारा नाटक प्रस्तुत करने वाले छात्रों को प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण ने अपने हाथों से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# झारखंड पार्टी हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार ने सदर प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान

**जनता के समर्थन और आशीर्वाद से लोकसभा का चुनाव जीतकर सदन में आवाज बुलंद करूंगा: राजकुमार**

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड पार्टी हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार उर्फ बब्लू कुशवाहा ने शुक्रवार को सदर प्रखंड अंतर्गत डेमोटांड़, मोरांगी आदि गांवों का सघन चुनावी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया और अपने पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी जो झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी है माटी की पार्टी है झारखंड के हक अधिकार की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर होकर संघर्ष करती रही है। इस पार्टी से हजारीबाग लोकसभा के उम्मीदवार के रूप में चुनाव में खड़ा हूं और आप सभी के समर्थन और आशीर्वाद के लिए आप सभी के बीच में आया हूं आप सभी के समर्थन और आशीर्वाद से लोकसभा का चुनाव जीतकर सदन में आपकी आवाज बुलंद करने का काम करूंगा।इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की जध समस्याओं से रूबरू होकर हर संभव उनके निदान का भरोसा जताया। झारखंड की दयनीय स्थिति के बारे में पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे शिक्षित बेरोजगार युवा साथियों के दर्द को समझना है तो उनके डिग्रियां देख लीजिए जो अपनी डिग्रियां लिए दर दर की ठोकरें खाते फिर रहे हैं। पलायन की समस्या को समझना है तो बिष्णुगढ़ जैसे सुदुरवर्ती क्षेत्र में पलायन की समस्यायों को देख लीजिए। बड़कागांव और केरेडारी के रैयतों के विस्थापितों की समस्यायों को याद कर लीजिए। कहा कि हजारीबाग का पूरा लोकसभा क्षेत्र ऐसी ही जन समस्याओं से ग्रस्त है। चारों ओर त्राहिमाम मचा हुआ है। जनता सब देख और समझ रही है और अपने वोट के चोट से सबक सिखाने का काम करेगी। कहा कि हम सभी को मिलजुल कर सामना करना है और पूरी एक जुटता और समझदारी का परिचय देते हुए अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करना है ताकि हमारे क्षेत्र की जन समस्याओं और बेरोजगार युवाओं को दर-दर की ठोकरें खानी नहीं पड़े। कहा कि जब हमारे युवा साथियों को स्थानीय तौर पर रोजगार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी तो पलायन की समस्या का जड़ से खात्मा हो जाएगा। सभी को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिल सकेगा। कहा कि हमारा लोकसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है हमें इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है निश्चित तौर पर जब कोई क्षेत्रीय पार्टी से चुनाव जीत कर आएगा तभी क्षेत्रीय जन समस्याओं का समाधान होना सुनिश्चित हो पाएगा। क्योंकि क्षेत्रीय पार्टियों के उम्मीदवार और नेता ही स्थानीय जन समस्याओं से रूबरू होते हैं और लोगों के दिलों के हाल को देखने और समझने के लिए तत्पर होते हैं। लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्हें बहुत सारी ऐसी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल हुई और जन समस्याओं से सामना हुआ जिसको जानकर आत्मा विचलित हो उठी कि आखिर स्थानीय जनप्रतिनिधि लोकसभा क्षेत्र के विगत कई वर्षों से चुनाव जीतते आ रहे हैं जो राष्ट्रीय पार्टियों के प्रतिनिधि हैं ऐसे में समझना यह जरूरी होगा।

# निर्मल जैन के नेतृत्व में लगाया गया रक्तदान शिविर



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** निर्मल जैन के नेतृत्व में 25 अप्रैल को वांलटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा अप्रैल माह में 11वां रक्तदान शिविर का आयोजन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित मरीजों के लिए किया गया। शिविर का उद्घाटन एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ अपने जन्मदिन के अवसर पर अनिल कुमार ने रक्तदान करके किया तत्पश्चात नियमित रक्तदाता होक्सा के सचिव सह एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य राहुल जैन , राजेंद्र प्रजापति, मोहम्मद इकबाल , श्रवन कुमार ,गौतम कुमार, आशीष कुमार मेहता ,अंजन कुमार, संदीप कुमार ,दीक्षित गैस एजेंसी के रवि रंजन ,धीरेंद्र सोनी और विकास चंद्र रॉय आदि अनेक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया ।रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया,अनिल कुमार को उनके जन्मदिन की बधाई दी जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने सभी लोगों से अनुरोध किया गया कि वे भी अपने मांगलिक दिनों में रक्तदान कर पुण्य के भागी बने गर्मी पड़ने के कारण शिविर लगाने में काफी कठिनाइयों आ रही है इसके लिए सभी स्वयंसेवी संस्थाओं से अनुरोध है कि वे रक्तदान शिविर लगाकर रक्त की कमी को पूरी करने में अपना सहयोग प्रदान करें। दीक्षित गैस एजेंसी के कर्मचारी ने भी रक्तदान शिविर लगाने का आश्वासन दिया है। शिविर को सफल बनाने में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन कार्यकारिणी सदस्य राहुल जैन, रजत जैन राजेंद्र प्रजापति मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन आखैरी, शमशाद,मुकीम अख्तर, शीला कुमारी एवं मधु कुमारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# पशु तस्करों पर चौपारण पुलिस का लगातार प्रहार, 16 पशुओं के साथ दो गिरफ्तार, जेल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता





**चौपारण।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरदाहा चेकपोस्ट के पास वाहनों के सघन चेकिंग के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के निदेर्शानुसार अहले सुबह चौपारण की ओर से एक पिकअप वाहन बीआर 3जीबी-9703 आता हुआ दिखाई दिया, जिसे जांच हेतु रूकने का ईशारा करने पर वाहन चालक अपना वाहन को रोकने के बजाय और तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगा। परन्तु आगे बड़ी वाहन रहने के कारण भागने में सफल नहीं हो पाया, जिसके उपरांत वाहन से 02 व्यक्ति उतरकर भागने का प्रयास कर रहे थे। जिन्हें साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़े गए लोगो मे रामकिशोर सिंह उम्र लगभग 25 वर्ष पिता- हरेन्द्र सिंह ग्राम- कुसमाही थाना- उतवन्त नगर जिला-भोजपुर 2. मो. सोनु उम्र-26 वर्ष पिता- मो० मुख्तार सा०- नमजद गौरा लालपुर थाना-जखनिया जिला- गाजीपुर (यु०पी०) है। वाहन जांच के क्रम में पिकअप वाहन के डाला में 16 भैंस का बच्चा क्रूरतापूर्वक लोड पाया गया। जिनके बैठने तक का स्थान वाहन में नहीं था और पशु तस्कर इतनी गर्मी के मौसम में क्षमता से अधिक पशुओं को खुले धुप में वाहन में लोडकर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़े गये। जिनसे बरामद वाहन एवं जानवरों के संदर्भ में वैद्य कागजात का मांग करने पर कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, तत्पश्चात दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर एवं बरामद प्रदर्श को जप्त कर चौपारण थाना काण्ड सं-130/24 दिनांक-26.04.2024 धारा-414/34 भा०द०वि०, एंव 11 (1) (घ) पशु कुरता निवारण अधि0-1960 दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। चौपारण पुलिस के द्वारा अवैध पशु तस्करों पर चलाये जा रहे चाबुक से तस्करों में दहशत व्याप्त है।

# चुनाव का पर्व, देश का गर्व

## संक्षिप्त खबरें

### एनएच 522 में दो चारपहिया वाहन की हुई आपस में भीड़ंत, दो गंभीर रूप से घायल



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ बगोदर मुख्य मार्ग एनएच 522 पर स्थित होटल अतिथि सत्कार के पास शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में बोलेरो और हुंडई कार दोनो की आपस में भिड़ंत हो गई। टक्कर की वजह से बोलेरो सड़क के किनारे पलट गई। बोलेरो के पलटने की वजह से बोलेरो में सवार पेमिया देवी पति सहदेव मिस्त्री उम्र करीब 52 वर्ष सरिया कैलाटांड के कमर पर गंभीर चोट आई वही बोलेरो में ही सवार बुलाकी विश्वकर्मा पिता स्व. वकील विश्वकर्मा, उम्र 42 वर्ष राजधनवार झारखण्ड धाम पर्सन निवासी का बायां हाथ की हड्डी टूट गई। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी, जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस की मदद से विष्णुगढ सीएचसी लाया गया।

### पांच वर्षीय मासूम प्रिंस कुमार की नदी में डूबने से मौत



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सिरय पंचायत के खेदाडीह में नदी में डूबकर एक पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना के काफी देर बाद मासूम का शव नदी से बरामद किया गया। घटना गुरुवार की दोपहर लगभग दो बजे की है। पंचायत की मुखिया हेमंती देवी ने बताया कि खेदाडीह निवासी जागेश्वर महतो का पांच वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार अपनी मां के साथ घर से करीब आधा किमी दूर खेदाडीह नदी में नहाने गया था। नदी में पानी कम रहने के कारण पानी के ठहराव के लिए एक बड़ा गड्ढा नदी में खोदा गया था। नदी में बने उसी गड्ढे में बालक नहाने लगा। गहरा गड्ढ़ा होने के कारण बालक पानी में डूब गया। इस दौरान बालक की मां थोड़ी दूरी पर कपड़ा धोने में व्यस्त थी। उसे घटना का पता भी नहीं चला। थोड़ी देर बाद जब वह बालक की खोजबीन करने लगी तो कहीं दिखाई नहीं दिया। उसने सोचा शायद वह नहाकर घर चला गया होगा। घर पहुंचने पर पता चला कि वह नहीं पहुंचा है। इसके बाद हो-हल्ला होना शुरू हो गया। जानकारी पाकर कई ग्रामीण तथा परिजन पुनः नदी पहुंचे और खोजबीन करने लगे। इसी दौरान बच्चा नदी में मृत पाया गया।

## पहले दिन हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में पांच प्रत्याशियों ने खरीदें नामांकन पत्र




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अधिसूचना जारी होने के उपरांत शुक्रवार को नामांकन के पहले दिन दिनांक 26 अप्रैल को कुल पांच प्रत्याशियों के द्वारा नाम निर्देशन प्रपत्र की खरीद की गयी।

## चतरा लोकसभा उम्मीदवार कालीचरण सिंह के नामांकन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ पूर्व विधायक मनोज यादव हुए शामिल



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बरही।** दूसरे चरण के मतदान के लिए झारखंड में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस चरण में चतरा सीट पर 20 मई को मतदान होना है। नामांकन के पहले दिन चतरा लोकसभी सीट से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने पर्चा दाखिल किया है। इस दौरान उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव समेत भाजपा के कई बड़े नेता शामिल थे। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने भाजपा कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि इंडि गठबंधन अपने वजूद को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि भाजपा देश के विकास के लिए काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 400 पार करेगी।

### 400 सीट जितने का लें संकल्प : बाबूलाल



चतरा। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज चतरा लोकसभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह के नामांकन करने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित किया। जिसमें लोगों का उत्साह देखकर इस बार मोदी सरकार 400 पार एवं चतरा लोकसभा 5 लाख मतों से विजय का लोगों ने संकल्प लिया।साथ में विधायक दल नेता अमर कुमार बावरी एवं संगठन महामंत्री राज्यसभा सदस्य आदरणीय आदित्य साहू और चतरा जिले के प्रभारी विनय जायसवाल जिलाध्यक्ष रामदेव भोक्ता के अलावा सिमरिया विधानसभा के जीतन राम शामिल हुए ।साथ में चतरा लोकसभा के सभी विधायक गण पूर्व विधायक जिला अध्यक्ष गण सहित नेता एवं कार्यकर्ता एवं जनता जनार्दन भाग लिए।

## सदाबहिया में चला मतदाता जागरूकता अभियान



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय सदाबहिया मे शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं शोध संस्थान मोहराबादी रांची की ओर से सदाबहिया बिरहोर टोला मे हजारीबाग यूनिवर्सिटी से आए 25 छात्र छात्राओं ने सदाबहिया में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मतदाता जागरूकता अभियान चलते हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक किया तथा रंगोली बनाकर शपथ ग्रहण किया गया । 20अप्रैल को होने वाले मतदान के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से अभियान चलाया। अभियान के अंतर्गत मतदाताओं से अधिक से अधिक वोट डालने की अपील की गयी। मौके पर कांडतरी मुखिया सह जिला उपाध्यक्ष पारस नाथ प्रसाद, रविकांत कुमार महतो, बीपीएम राम प्रकाश कुमार, प्रोफेसर दीपांकर चटर्जी, आरडीएम से 25 विद्यार्थी एवं बिरहोर बस्ती के सभी लोग उपस्थित रहे।

## लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी कुंज बिहारी कुमार साहू ने खरीदा नामांकन पत्र

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी कुंज बिहारी कुमार साहू अपने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्र खरीदने के बाद लोकसभा प्रभारी रामविलास साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी प्रत्याशी कुंज बिहारी कुमार साहू निश्चित ही चुनावी दंगल में सबसे आगे हैं और लोकहित अधिकार पार्टी का परचम लहराने में सफल होंगे। वहीं बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष श्री डुभन साव एवं अधिवक्ता श्री बासुदेव साहु ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि हजारीबाग क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है, जो प्रत्याशी गरीब किसान छात्र नौजवान वंचित शोषित पीड़ित उपेक्षित विस्थापित लोगों के हित के विषय में जो बात करें, उसके लिए काम करें वैसे में कुंज बिहारी कुमार विकल्प के तौर पर सामने है तो उम्मीद जताया जा रहा है कि इस बार कुंज बिहारी कुमार ही दिल्ली के संसद भवन पहुंचेंगे।

## गौरियाकरमा के निचितपुर में लगा हेल्थ कैम्प, स्वास्थ्य से सम्बंधित दी गई जानकारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



### 82 मरीजों का हुआ उपचार, टीवी समेत एचआईवी, बीपी, सुगर का हुआ जांच

**बरही।** बरही प्रखण्ड के गौरियाकरमा निचितपुर गांव में हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। हेल्थ कैम्प में डॉ राजीव कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने हेल्थ कैम्प के दौरान 82 मरीजों का इलाज किया। साथ ही टीवी सम्भावित मरीजों का बलगम जांच किया गया। इसके अलावा एचआईवी, बीपी, सुगर का भी जांच किया गया। हेल्थ कैम्प में 72 मरीजों का टीवी जांच, 72 मरीजों का एचआईवी जांच, 72 मरीजों का सुगर जांच और 60 मरीजों का बीपी जांच किया गया। इस दौरान डॉ राजीव कुमार ने मरीजों का उपचार करने के पश्चात उन्हें गर्मी में अधिक से अधिक पानी पीने से होने वाले लाभ के बारे में बताया।

## एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का गोला में किया सघन दौरा, 18 गांवों में किया जनसंपर्क, लोगों का मिला जनसमर्थन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को फिर से रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का तुफानी दौरा 42 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच किया और इस क्षेत्र के 11 पंचायतों के 18 गांवों में पहुंचकर जनसंपर्क और जनसंवाद किया। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल के गांव में आने की सूचना पाकर उन्हें देखने - सुनने को हरेक जगहों पर लोगों का सैलाब उमड़ा। मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को अपने गोला प्रखंड क्षेत्र दौरे की विधिवत शुरूआत मां छिन्नमस्तिका की पावन धरती रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गोला प्रखंड स्थित हुप्पु पंचायत स्थित ग्राम तोयर के स्व.दशरथ महतो चौक से किया। जहां पहुंचने पर सर्वप्रथम उनका स्थानीय भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से गाजे बाजे के साथ फूल- माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। जिसके बाद ग्राम हुप्पू, खोखा, बंदा, मूरपा, कोराम्बे, रकवा, सुतरी, मगनपुर बाजारटांड़, सोसोकला, कुम्हारदग्गा, डभातु बाजार टांड़, बरियातू अखाड़ा, कामता बरवाटांड़, गोला चौक बाजार और चाडी हेरमदग्गा पहुंचकर विकास के नाम पर फिर एकबार मोदी सरकार बनाने का अपील करते हुए भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान हरेक गांवों में एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल का स्थानीय ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साहित होकर जबरदस्त स्वागत किया और पूर्ण समर्थन का भरोसा भी जताया ।

**सबका साथ- सबका विकास की मोदी की गारंटी को करें स्वीकार, तीसरी बार बनाए मोदी सरकारः मनीष जायसवाल**

गोला प्रखंड क्षेत्र के तुफानी दौरे के क्रम में विभिन्न जगहों पर लोगों को संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की लगातार पिछले करीब 55 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गांव- गांव के तुफानी दौरे पर हूं और सैकड़ों गांवों में जनसंपर्क और जनसंवाद किया है। हर क्षेत्र में लोगों में एनडीए और भाजपा विशेषकर मोदी सरकार को लेकर एक अलग तरीके का उत्साह देख रहा हूं। मोदी सरकार ने राष्ट्रवाद, विकास, सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर देश और देश वासियों का मान- सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में एनडीए के पक्ष में है प्रचंड लहर और रुझान है। क्षेत्र की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को तैयार हैं। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा की आगामी 20 मई को कमल छाप पर बटन दबाकर सबका साथ- सबका विकास की मोदी की गारंटी को स्वीकार करें और, तीसरी बार देशहित और जनहित में मोदी सरकार बनाएं ।

## नमांकन के पहले दिन दो उम्मीदवारों ने दाखिल किया नाम निर्देशन पत्र



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

चतरा। चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। उन्होने प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं को जानकारी दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार आज से नामांकन प्रक्रिया जारी है जो 03 मई 2024 तक 11:00 बजे से 03:00 बजे तक उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल कर सकेंगे। वहीं उन्होने कहा सुरक्षा के दृष्टिकोण से समाहरणालय के 100 मीटर के दायरे में दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ पुलिस बल की तैयनाती की गई है। नामांकन के दौरान उम्मीदवार के साथ चार लोग को ही निवार्ची पदाधिकारी कक्ष में आने की अनुमति है। आगे कहा आज 12 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन फॉर्म लिए गए है। जिसमें आज नामांकन के पहले दिन कुल 02 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किया गया है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी से कालीचरण सिंह, पिता बैजनाथ सिहं वहीं निर्दलीय से अभिषेक कुमार सिंह, पिता राकेश कुमार सिंह ने अपना-अपना नामांकन दाखित किया। उन्होने कहा जो उम्मीदवार चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव लड़ना चाहते है वो उम्मीदवार 11:00 बजे से 03:00 बजे तक नोमिनेशन फाईल कर सकते है। दिनांक-27 अप्रैल एवं 28 अप्रैल एनआईए एक्ट के तहत अवकाश होने के कारण नोमिनेशन फाईल नहीं किया जाएगा। दिनांक 04 मई को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी एवं दिनांक-06 मई को उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते है। वहीं 20 मई 2024 को मतदान दिवस है एवं 04 जून 2024 को वोटों की गिनती की जाएगी। 04- चतरा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या- 1685462 है जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक चतरा विकास कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चतरा, सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

## 28 अप्रैल को बीस सूत्री सदस्य राजू श्रीवास्तव झामुमो छोड़ थामेंगे भाजपा का दामन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**विष्णुगढ़।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री सदस्य समाजसेवी राजू श्रीवास्तव झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ 28 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का दामन थामेंगे। यह जानकारी राजू श्रीवास्तव ने दी है उन्होंने कहा है कि 28 अप्रैल को झारखंड मैरिज हॉल में एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमे भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और जॉइनिंग कमेटी के हजारीबाग जिला संयोजक, जिला उपाध्यक्ष भाजपा नेता राजेश गुप्ता एवं भाजपा कार्यकताओं के समक्ष अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल होंगे, जिसकी पुरी तैयारी कर ली गई है।

## नये आयाम की ओर निरंतर अग्रसर है आईलेक्स पब्लिक स्कूल

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बरही।** हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड में स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल पिछले ग्यारह वर्षों से शिक्षा की एक नई ज्योत जला रहा है। अपने शुरूआत से आईलेक्स ने तय किया था कि बरही प्रखंड तथा आस पास के क्षेत्रों के लिए शिक्षा की एक नई बुनियाद बनानी है और अपने इसी उद्देश्य को इसने आजतक बरकार रखा है। अपने इसी उद्देश्य के समर्पण की वजह से हीं आज के समय में सभी अभिभावक की पसंद बन चूका है। आज आईलेक्स पब्लिक स्कूल के चार ब्रांच हो चुके हैं। पंचमाधव स्थित आईलेक्स सीबीएसई से प्लस 2 तक मान्यता प्राप्त है। 2019 में हीं इसे सीबीएसई के द्वारा मान्यता मिल चुकी है। आईलेक्स पब्लिक स्कूल पंचमाधव में करीब चार एकड़ में स्थित है जहाँ की कक्षाएं सीबीएसई के नियमों के तहत बनाईं गईं हैं। निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि 2013 अप्रैल में 157 बच्चों के साथ शुरू किया गया यह सफर आज 1660 बच्चों और करियातपुर के सात मंजिला इमारत और पंचमाधव में चार एकड़ जमीन और तीन मंजिला भवन, दो मंजिला गौरियाकरमा ब्रांच के अलावा बडकागांव से होता हुआ गिरिडीह जिले के गाड़िकला, बरकट्ठा और पाण्डेयबारा तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि आईलेक्स पब्लिक स्कूल की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल देना है। बताया कि इसके अलावा समय समय पर स्कूल में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं। बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर भी ले जाया जाता है। बच्चों को कंप्यूटर की भी शिक्षा दी जाती है। साथ ही कई सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में नामांकन की अंतिम तिथि 10 मई है।

**आइलेक्स पब्लिक स्कूल की शाखाएं :**

आईलेक्स पब्लिक स्कूल की शाखाएं कई जगहों पर सफलता पूर्वक संचालित हो रही हैं। वर्तमान में आईलेक्स की सात शाखाएं संचालित है। जिसमें करियातपुर, पंचमाधव, गोरिया करमा, बड़कागांव, गाड़िकला (गिरिडीह), बरकट्ठा और पाण्डेयबारा।

**विद्यालय में सभी विभागों के अलग अलग सदस्य शिक्षक है :**

आईलेक्स के सभी शिक्षक जमशेदपुर, कोलकाता, गया, बोकारो, पटना, अलीगढ, बनारस, पुणे जैसे शहरों से आएं हुए हैं, जो हाइली क्वालिफाइड व वेल ट्रेंड है।

**विद्यालय में क्या क्या सुविधाएं है :**

आइलेक्स पब्लिक स्कूल में कंप्यूटर लैब, कंपोजिट साइंस लैब, मैथ्स लैब, फिजिक्स लैब, केमिस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब के अलावा लाइब्रेरी की सुविधा उपल्बध है। लड़के लड़कियों के लिए सेपरेट शौचालय की व्यवस्था है। इसके साथ ही बॉली बॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो खो जैसे आउटडोर गेम्स के साथ साथ चेस, लूडो, कैरम जैसे इनडोर गेम्स की भी व्यवस्था है। साथ हीं सेपरेट डान्स क्लास, क्राफ्ट क्लास जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध है। पंचमाधव स्थित स्कूल का नया कैंपस बच्चों की पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम माहौल प्रदान करता है।

## इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने पतरातु प्रखंड क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क, अपने पक्ष में मांगा वोट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव विधानसभा के प्रखंडः पतरातू के कण्डेर, टेलियातु, पीरी, मसमोहना, कोड़ी, बारीडीह, सांकी, सुदी, पाली, चिकोर, लादी, मतकम्मा चौक, देवरिया, कुरसे, बलकुदरा, भरकुण्डा, जवाहर नगर, पटेल नगर, सुंदर नगर में हुआ तुफानी दौरा। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ छावनी परिसर, वार्ड 7 पोचरा में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। जनसंपर्क के दौरान श्री श्री मां वंजारी मंदिर में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। बड़कागांव के पतरातु प्रखंड के 20 क्षेत्रों में तुफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर इंडिया गठबंधन और अपने पक्ष में वोट मांगा। इस दौरान उन्हें क्षेत्र के लोगों का अपार जनसमर्थन मिला। इस दौरान हरेक गांवों में प्रचंड गर्मी, शादी- विवाह का लग्न और महुआ चुनने का सीजन होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। टिकट कन्फर्म होने के तुरंत बाद से अनवरत बिना रुके, बिना थके, प्रचंड गर्मी में अहले सुबह से लेकर देर रात्रि तक जनता के बीच बने रहते हैं। हालांकि, इस दौरान उनकी उच्च ऊर्जा और उत्साह ने लोगों को प्रेरित किया और उनका साथ दिया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने जनसभाएं आयोजित की और लोगों से अपनी योजनाएं और उद्देश्यों को साझा किया। पटेल ने अपने भविष्य की योजना को लेकर लोगों को आश्वस्त किया और उन्हें विकास, सुरक्षा और समृद्धि की दिशा में ले जाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का भी दावा किया और लोगों से साथ मिलकर नए भारत की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वाहन किया।इस जनसंपर्क अभियान के जरिए पटेल ने लोगों से सीधे मिलकर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझने की कोशिश की और उनके विचारों को महत्व दिया। वे लोगों के मंहगाई, बेरोजगारी, स्वास्थ्य और शिक्षा के मुद्दों पर भी चर्चा की और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहे। इस जनसंपर्क के दौरान पटेल ने लोगों के साथ गहरा संवाद किया और उनकी जरूरतों को सुना। उन्होंने लोगों की आवाज को संवैधानिक प्रक्रिया में शामिल करने का भी आश्वासन दिया। यह तुफानी जनसंपर्क अभियान व्यापक समर्थन और उत्साह के साथ समाप्त हुआ और इससे एक बड़े पैमाने पर लोगों के दिलों में विश्वास और आस्था की बौछार भी बिखेर दी गई। इंडिया गठबंधन के जनप्रतिनिधि प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के इस उत्साहजनक जनसंपर्क अभियान ने उनकी प्रतिष्ठा और लोकप्रियता को भी और बढ़ा दिया। मौके पर ये गणमान्य लोग रहे मौजूद जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जय प्रकाश सिंह, ऊर्फ ननकी, प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, शहजादा तालीम, योगेंद्र सिंह, दीपक उरांव, देवकी महतो, आरीफ अंसारी, आशिफ इकबाल, संतोष साव, अंजू देवी, बालेसर बेदिया,अमर यादव, एमडी सैफुल्लाह, प्रियंका कुमारी, प्रेम दादा प्रिया, विनोद कुमार केसरी, ओमप्रकाश गिरी, गोविंद बेदीया, शाहिद इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ नजन शामिल थे।

# शादी का झांसा दे चार बच्चों के पिता ने किया यौन शोषण

## पीडिता ने कराई थाने में शिकायत दर्ज

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** छतरपुर अनुमंडल के नौडीहा बाजार थाना के एक गांव की 19 वर्षीय युवती के साथ चार बच्चों के बाप द्वारा शादी का झांसा देकर और डरा धमका कर पिछले दो वर्षो से यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीडित युवती ने महिला थाना में नामुदाग निवासी रंजन कुमार व उसकी पत्नी सहित नौ लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीडिता ने बताया कि 2022 में शादी का झांसा देकर रंजन ने उसके साथ यौन शोषण किया। इसके बाद वह कहीं भी जाती थी तो वह उसके पीछे आकर जान देने की धमकी देकर लगातार यौन शोषण करता रहा। गर्भवती होनेपर जब उसने रंजन से शादी करने को कहा तो उसके साथ मारपीट करते हुए गर्भपात के लिए दवा लाकर दी। जब दवा खाने से इनकार किया तो मारपीट की।

पीडिता ने बताया कि कि 18 मार्च को रंजन के छोटे भाई भीम राज की शादी थी तो शादी समारोह में शामिल होने के लिए उसे अपने घर बुलाकर गर्भपात कराने के लिए उसकी पत्नी बबली देवी, बहन प्रिया कुमारी, आशा कुमारी, गुड्डी कुमारी, भाई अक्षय कुमार, भीमराज कुमार, पिता बलदेव साव, मां लाकेश्वरी देवी, चाचा ओमप्रकाश साव और किरण देवी दबाव बनाने लगे। जब उनकी बात नहीं मानी तो उन लोगों ने उसे मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया और कहा कि घटना के संबंध में किसी बताया तो जान से मार देंगे। इसके बाद रंजन को घर से भगा दिया। मारपीट में जब वह बेहोश हो गई तो इसकी जानकारी उसके पिता को हुई। इसके बाद रंजन के घर आकर पिता उसे छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लेजाकर इलाज कराया। पीडित युवती ने बताया कि इस मामले को गांव वालों ने पंचायत कर मामले का निपटारा करने की बात कही। इस कारण थाना में आवेदन देने में विलंब हुआ। जब रंजन और उसके परिजन पंचायत में नहीं आए और उसके परिजनों ने उसे भगा दिया, तब उसने इसकी शिकायत थाना में की।

उसने बताया कि जब वह रंजन से बात करना बंद कर देती थी तो रंजन की पत्नी, बहन, भाई फोन कर दबाव बनाकर रंजन से बात करने पर मजबूर करते। कहते कि अगर उससे बात नहीं करोगी तो वह जान दे देगा। पीडित युवती ने बताया कि इतना ही नहीं, मामले को दबाने के लिए रंजन के पिता, मां, भाई, बहन और पत्नी ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर रंजन के साथ बातचीत और संबंध बनाए रखने पर मजबूर किया। युवती ने बताया कि वह यह बात जानते हुए भी रंजन के झांसे में आ गई की वह शादीशुदा है और चार बच्चों का बाप है। महिला थाना के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने बताया कि पीडिता के बयान के आधार पर रंजन सहित उसके परिवार के नौ लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है।

# पिकअप पलटने से एक मजदूर की मौत, कई घायल



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद मार्ग एनएच 75 पर एक पिकअप गाडी पलटने से एक मजदूर की मौत हो गयी। यह दुघर्टन पढवा थाना के लोहडा गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार एनएच 75 निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को लेकर पिकअप गाडी (डबल्यूबी 33बी 4269) मेदिनीनगर की ओर आ रहा थी। जब पिकअप लोहडा गांव के पास से गुजर रही थी तभी तेज रफ्तार के कारण वह अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा आज सुबह करीब नौ हुआ है। इस हादसें में एक 50 वर्षीय मजदूर कोमल महतो की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मजदूर पढवा स्थित भारत वाणिज्य कैंप से पाटन मोड की ओर फॉर लेन सडक निर्माण में जा रहे थे। इसी गाडी में लोहे के सीढी व अन्य निर्माण सामग्री लदी हुई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। आक्रोशित ग्रामीण पुलिस को मृतक के शव को उठाने नहीं दे रहे थे। जानकारी मिलने पर बीडीओ राजन मेहता और सीओ भी पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया।.

# डीएनएस फाउंडेशन ने किया बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का वितरण




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जन-सेवा को समर्पित गैर सरकारी संगठन डीएनएस फाउंडेशन (रांची) ने पलामू जिला मुख्यालय स्थित होली क्रॉस स्कूल के 80 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। मौके पर डीएनएस फाउंडेशन की निदेशक गीता सिन्हा, स्कूल के निदेशक चन्द्रभूषण सिन्हा समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और अभिभावक तथा बच्चे मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गीता सिन्हा ने कहा कि डीएनएस फाउंडेशन शिक्षा अर्जन को हमेशा प्राथमिकता देता है। शिक्षा से ही आज के बच्चे कल देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, जो एक सुदृड एवं सफल समाज का निर्माण करेंगे।

गौरतलब है कि डीएनएस फाउंडेशन पिछले कई सालों से पलामू के बच्चों के बीच उनकी अच्छी पढाई के लिए पाठ्य सामग्री का वितरण कर रहा है। इसके अलावा डीएनएस फाउंडेशन ने पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल के 10 बच्चों की पढाई का सम्पूर्ण जिम्मा लिया है। डीएनएस फाउंडेशन की डायरेक्टर गीता सिन्हा ने बताया कि कई बच्चों में से 10 ऐसे बच्चों को चुना गया है, जो या तो अंत्यंत गरीब परिवार से हैं या जिनके माता-पिता अब इस दुनिया में नहीं है। इन बच्चों को पढने में कोई परेशानी न हो, इसकी कोशिश डीएनएस फाउंडेशन ने की है। उन्होने बताया की इन बच्चों के स्कूल फी का खर्च डीएनएस फाउंडेशन वहन करेगा।..

# फॉर्च्यूनर की मालकिन हैं राजद प्रत्याशी ममता भुइयां

## बीजेपी प्रत्याशी बीडी राम पर है 12 लाख रुपये का लोन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान प्रत्याशी अपनी संपत्ति का ब्यौरा दे रहे हैं। इस संपत्ति के ब्योरा में कई तरह की जानकारियां निकलकर सामने आ रही हैं। राष्ठीय जनता दल की प्रत्याशी ममता भुइयां के पास अपना फॉर्च्यूनर है, जबकि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विष्णुदयाल राम की संपत्ति पांच वर्षों में 58 लाख रुपए बढ गई है। बसपा प्रत्याशी पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा हाथ में पांच लाख रुपये नगद रखकर चुनाव लड रहे हैं। पलामू लोकसभा सीट से कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है।

राजद की प्रत्याशी ममता भुइयां ने नामांकन के दौरान शपथ पत्र जमा किया है। शपथ पत्र के अनुसार ममता भुइयां के पास पांच लाख रुपए नगद है जबकि एक फॉर्च्यूनर गाडी है। ममता भुइयां के पास 350 ग्राम सोना और 182 ग्राम चांदी है। बैंक खाते में 4.19 लख रुपए हैं। ममता भुइयां के पति के पास 1,99,249 रुपए नगद है.। ममता भुइयां के पास 34.71 लाख और उनके पति के पास 33.24 लाख की संपत्ति है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की पांच वर्षों में संपत्ति करीब 58 लख रुपए बढ गई है। 2019 में जब विष्णु दयाल राम पलामू लोकसभा सीट से चुनाव लड रहे थे तो उनके पास करीब 1.56 करोड की संपत्ति थी। 2024 में चुनावी शपथ पत्र के अनुसार विष्णुदयाल राम के पास 2.14 करोड की संपत्ति हो गई है। इस दौरान विष्णु दयाल राम पर ऋण भी बडा ह। 2019 में विष्णु दयाल राम पर 90,222 रुपए का लोन था। 2024 में विष्णुदयाल राम पर 12.37 लाख का लोन हो गया है। वीडी राम के बैंक खाते में 6.15 लाख हैं, जबकि हाथ में 1.90 लाख रुपए कैश है। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कामेश्वर बैठा के पास हाथ में पांच लाख रुपए हैं, जबकि बैंक में एक लाख रुपए नगद है। कामेश्वर बैठा के पास करीब 20 लाख रुपए की संपत्ति है।.

# भुगतान के लिए तीन साल से ठोकरें खा रहे हैं लाभुक

**नावाबाजार (उज्ज्वल दुनिया)।** नावाबाजार प्रखंड के सोहदाग खुर्द पंचायत के रजदिरीया गांव निवासी मिथलेश कुमार यादव द्वारा 15 वें वित्त अनुदान मद से काम कराया गया था। इसका फाइनल भुगतान मुखिया व पंचायत सेवक द्वारा नहीं किया जा रहा है, जबकि पंचायत चुनाव के बाद पंचायत को लंबित कार्य योजना की राशि भुगतान के लिए पैसा उपलब्ध कराया गया था। लेकिन मुखिया और पंचायत सचिव ने इस योजना में भुगतान करना उचित नहीं समझा। ऐसा भी नहीं की वर्तमान समय में पंचायत में पैसा नहीं हैं। मुखिया व पंचायत सेवक द्वारा पुरानी योजनाओं की बकाया राशि का भुगतान न कर नई योजनाएं शुरू की जा रही हैं। लाभुक समिति के अध्यक्ष मिथलेश कुमार यादव समय-समय पर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ के नाम आवेदन देकर भुगतान की गुहार लगाते रहे हैं। बीडीओ द्वारा भी मुखिया को भुगतान करने का निर्देश दिया जाता रहा है। मगर आदेश का अनुपालन नहीं हो रहा है। इसी पंचायत के कुंभी खुर्द गांव में वित्तीय वर्ष 2020-21 में 15 वें वित्त की राशि से पीसीसी पथ का निर्माण कार्य कराया गया है। तत्कालीन मुखिया द्वारा निर्माण कार्य के बाद लाभुक समिति के खाते में एक लाख 15 हजार रुपए का भुगतान भी किया गया है। शेष राशि के लिए तीन वर्ष से मुखिया सहित अन्य अधिकारी के पास लाभुक दौ? लगा रहे हैं। पंचायत द्वारा उन्हें यह कह कर भुगतान नहीं किया जा रहा है कि पैसा नहीं है, जबकि 15 वें वित्त की राशि पंचायत में आती रही है और वर्तमान समय में भी राशि उपलब्ध है। पंचायत चुनाव के बाद पंचायत को लंबित कार्य योजनाओं की राशि भुगतान को लेकर पैसे उपलब्ध कराए गए थे।

# अनियंत्रित होकर बोलेरो पलटी, बाल-बाल बचे लोग



**हेरहंज (उज्ज्वल दुनिया)।** बालूमाथ-हेरहंज-पांकी मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के ढुबा पुल नामक मुख्य पथ पर अनियंत्रित बोलेरो वाहन ने पलटी कोई हताहत नहीं वाहन क्षतिग्रस्त। मिली जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि यह बोलेरो जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर जेएच 03 जी 2880 बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर से पांकी गुरुवार को बारात गई थी। वहीं शुक्रवार को वापस लौटने के क्रम में हेरहंज भंडार चैक के समीप ढुबा पुल नामक स्थान पर अनियंत्रित होकर बोलेरो ने पलट गई।जिससे बोलेरो में आधा दर्जन से अधिक सवार बाल बाल बच गए।बोलेरो वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।बोलेरो वाहन ऐसा पलटी की चारो चक्का ऊपर हो गया।मौके पर थाना पुलिस ने घटना में पहुँची और वाहन को अपने कब्जे में ले लिया। वाहन में सवार सभी सुरक्षित अपने अपने घर निकल गए।वाहन गणेशपुर का बताया जा रहा है।

# शहर के विकास में व्यवसायियों की बडी भूमिका: अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड स्थित मल्टी ब्रांडेड शोरूम एवं सर्विस सेंटर जय मां दुर्गा का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे शहर के विकास में व्यवसायियों की अहम भूमिका है। व्यवसायी अपनी पूंजी लगाकर अपनी शाख पर बैंक से कर्ज लेकर जहां शहर में एक से एक अत्याधुनिक शोरूम खोल रहे हैं वहीं, कई युवक-युवतियों को रोजगार देते हुए सरकार को जीएसटी के रूप में भारी भरकम राजस्व भी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज रांची रोड में जय मां दुर्गा बाइक सर्विस सेंटर मल्टी ब्रांडेड शोरूम का खोला जाना इसी कडी में एक शुभ संकेत है। इसके लिए उन्होंने संस्था के मालिक धर्मेंद्र सिंह और सुमित पाठक को बधाई दी।

प्रथम महापौर ने उपस्थित लोगों से अपील की कि गर्मी बढती जा रही है फिर भी 13 अप्रैल को मतदान जरूर करें। आपका एक वोट मजबूत राष्ट्र का निर्माण करेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे पलामू लोकसभा क्षेत्र को झारखंड का सर्वाधिक पढा लिखा अनुभवी सांसद प्रत्याशी के रूप में चुनने का अवसर भाजपा ने एक आईपीएस ऑफिसर पूर्व डीजीपी बीडी राम को तीसरी बार भी प्रत्याशी बनाकर दिया है। उन्हें वोट देकर पुराने लोगों के साथ-साथ नई पीढी भी उत्साही होगी और कह सकेगी कि मैंने अपनी जिंदगी का पहला वोट झारखंड के सर्वाधिक पढे-लिखे प्रत्याशी को दिया। प्रथम महापौर ने महिलाओं एवं बहनों से अपील की कि वे अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए वोट करने अवश्य जाएं।.

## एक-नजर

### लोकसभा चुनाव को लेकर बीएलओ मतदाता पर्ची का वितरण किया गया।



**गढवा** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। तथा मतदाता से मतदाता सूचना रजिस्टर पर हस्ताक्षर करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदान केंद्र संख्या 118 के मतदाता कुमार नरेंद्र नारायण प्रखंड विकास अधिकारी गढ़वा को बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची दिया गया। बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को बतलाया जा रहा हैं कि आगामी 13 मई को निर्धारित चुनाव तिथि के दिन आप अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने मत का इस्तेमाल अवश्य करें। बीएलओ के द्वारा अपने मतदान क्षेत्र के एएसडी मतदाताओं की पहचान की जा रही है। जो क्षेत्र में नहीं रहते हैं, या जिनकी मृत्यु हो गई है। वैसे लोगों की बीएलओ के द्वारा अलग से सूचित तैयार की जा रही है।...

### स्कार्पियो के धक्के से महिला घायल

**गढ़वा** चिनिया मुख्य मार्ग पर स्कार्पियो की धक्के से एक महिला घायल हो गई। घायल मेराल थाना क्षेत्र के कारकोमा गांव निवासी कृष्ण कांत तिवारी की पत्नी शारदा देवी का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया गया की उक्त घायल महिला करुआ गांव से अपने बेटी के घर पेश्का गांव से टैंपू से उतरकर पैदल झोतर गांव जा रही थी। उसी बीच बवई नदी के पास पीछे से एक स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया। घटना के बाद आस पास के लोगो घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया घटना में उक्त महिला ने शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सको ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

### बाराती बस पलटने से एक दर्जन घायल, दो गंभीर

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिले के हैदरनगर थाना के बिलासपुर गांव में नाग बाबा स्थान के पास आज सुबह एक बाराती बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। घायलों में दो ही हालत गंभीर बतायी जाती है। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने बचाव कार्य शुरू करते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल और हैदरनगर सीएचसी भेजा।.

### पूर्व सांसद मनोज कुमार का विभिन्न क्षेत्रों में दौरा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पिछले कई दिनों से लगातार पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने छतरपुर पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा किया। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्ग के लोगो से मुलाकात की। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने बताया कि भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम का तीसरी बार भी भारी मतों से जितना तय है। क्षेत्र में लगातार भ्रमण के दौरान लोगो का रुझान स्पष्ट मालूम प? रहा है। विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुडे लोग के अनुसार जनता धारा 370, राम मंदिर, भ्रष्टाचार पर कडी करवाई और राष्ट प्रथम को लेकर स्पष्ट जनादेश देगी।

### पलामू से राष्ट्रीय समानता पार्टी के ब्रजेश कुमार तुरी ने किया नामांकन

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू लोकसभा सीट से राष्ठीय समानता पार्टी के प्रत्याशी ब्रजेश कुमार तूरी ने नामांकन किया है। उन्होंने पलामू समाहरणालय में उपायुक्त शशि रंजन के समक्ष अपना नामांकन किया। राष्ठीय समानता पार्टी के प्रत्याशी ब्रजेश कुमार तुरी ने कहा कि अगर वे जीत दर्ज करते हैं तो उनकी पहली प्राथमिकता सिंचाई, बिजली की व्यवस्था को सुदृढ करना होगी। वही पलायन और बेरोजगारी से आम जनता को छुटकारा दिलाएंगे। बंद पडे माइंस को फिर से वे चालू करवाएंगे और उद्योग स्थापित करवाएंगे ताकि पलायन की समस्या दूर हो सके।.

### चुनाव कार्यालय में भाजपा कोर कमेटी की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** छतरपुर के जपला रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय में हुसैनाबाद विधानसभा के सभी मंडलों की कोर कमेटी के सदस्यों, मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों की बैठक हुई। श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरुआत की गई। इसकी अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं संचालन उदवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने की। बैठक में अविनाश वर्मा ने उपस्थित सभी मंडल अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत की गई मंडल कोर कमेटी की सूची पर विचार करते हुए मंडलों में खोले जाने वाले चुनावी कार्यालय पर चर्चा की। साथ ही सभी मंडलों में बूथ स्तरीय बैठक करने का निर्णय लिया ताकि चुनावी अभियान को गति मिल सके। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता कर्नल संजय सिंह ने सभी शक्ति केंद्रो और बूथों तक जाकर काम करने पर जोर दिया, ताकि कार्यकर्ताओं का पैसा और समय दोनों बच सके। बैठक में वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह ने सभी लोगों से एकजुट होकर चुनाव में लग जाने का आग्रह किया ताकि पिछले सभी रिकॉर्ड को तोडते हुए इस बार अपने प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को पुनः विजयी बनाकर मोदी जी के हाथों को मजबूत कर सकें।

### कर्मियों की लापरवाही से बिजली उपभोक्ता परेशान

**हुसैनाबाद (उज्ज्वल दुनिया)।** एक तरह बिजली विभाग व्हाट्सएप के माध्यम से बिजली कटने की भी सुविधा लोगों उपलब्ध कराने जा रही है। वहीं, हुसैनाबाद (जपला) के बिजली विभाग के कर्मी केवल उपभोक्ताओं की जेब काटने पर ज्यादा ध्यान देते हैं। बिजली आपूर्ति के प्रति इनका रवैया लापरवाही भरा होता है। शुक्रवार को देवरी-पंसा फीडर में सुबह आठ बजे के बाद 10.30 बजे बिजली की आपूर्ति शुरू की गई और महज आधे घंटे बाद ठप्प हो गयी। तीन घंटे बाद विभाग को जानकारी मिली कि बलीबीघा गांव में तार टूट कर गिरा हुआ है। किंतु अभी तक टूटे तार को जोडने का कार्य शुरू ही नहीं हुआ है। अब उक्त फीडर में बिजली कब बहाल होगी यह भगवान भरोसे है। लोगों का कहना है कि छापेमारी करने और केस करने में तो जल्दबाजी दिखाते हैं, लेकिन बिजली देने में सुस्त हो जाते हैं।

### निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना चुनाव आयोग का कर्तव्य हैः गणेश रवि

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** चुनाव आयोग के प्रति आम जनमानस में विश्वास कमजोर हुआ है। आज लोगों को भरोसा कम है कि चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष होगा। ऐसी स्थिति में जनता को विश्वास में लेकर निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराना चुनाव आयोग का परम कर्तव्य है। इस मामले में पलामू लोकसभा के प्रत्याशी गणेश रवि ने चुनाव पर्यक्षकों से आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में गरीबी और भुखमरी है। लोगों में जागरुकता का अभाव है। ऐसे में शत प्रतिशत मतदान कराना चुनाव आयोग का कर्तव्य है। आयोग एक-एक मतदाता को विश्वास में लेकर चुनाव को सफल बनाने की दिशा में साकारात्मक कदम उठाए। श्री रवि ने कहा कि पलामू प्रमंडल में आज भी प्रत्याशी और मतदाता भयभीत रहते हैं। ऐसे में भयमुक्त चुनाव करना अतिआवश्यक है।

## संपादकीय

# महंगाई से हटकर मंगलसूत्र तक

लोकसभा 2024 का चुनाव अब आम जनता की बुनियादी जरूरतों और सरकार की जवाबदेही से हटकर बेमानी बयानों और आरोप-प्रत्यारोपों पर आ गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की एक जनसभा में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अपने भाषण में मंगलसूत्र का जिक्र किया था। इसके बाद से भाजपा, कांग्रेस, सपा और अन्य राजनीतिक दलों ने मंगलसूत्र को आधार बनाते हुए टीका टिप्पणी शुरू कर दी है। मोदी जी ने अपने भाषणों में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि नौकरीपेशा लोगों के कमाए हुए धन और जमीन-मकान का भी सर्वे कराया जाएगा। यदि आपके पास दो घर हैं, तो एक घर छीन लिया जाएगा और उसे ज्यादा बच्चों वालों में बांट दिया जाएगा। कांग्रेस की यह नक्सलवादी सोच उसके चुनाव घोषणा-पत्र में साफ दिखती है। क्या आप ऐसी सरकार बनने देंगे? देश के आर्थिक संसाधनों पर शहरी नक्सलियों का कब्जा होगा। आखिर मोदी जी ने ये किस आधार पर कहा है कि हिंदू माताओं-बहनों के ह्ममंगलसूत्रह्ल तक बांट दिए जाएंगे? मोदी जी ने डॉ. मनमोहन सिंह के 9 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में दिए गए बयान की व्याख्या की है लेकिन ऐसा कुछ है नहीं जो मोदी जी ने कहा। तब तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने नई योजनाओं के संदर्भ में दलित, आदिवासी, ओबीसी, महिलाओं और बच्चों के साथ ही मुस्लिम अल्पसंख्यकों की भी बात कही थी। ये सभी जानते हैं कि संसाधनों पर किसी एक तबके या समुदाय का पहला हक नहीं हो सकता। यही वजह है कि तब मनमोहन सिंह के बयान की भी तीखी आलोचना की गई थी। एक बड़े मतदाता वर्ग को लुभाने के लिए दूसरे समुदाय को टारगेट करना, मोदी जी के सबका साथ-सबका विकास के दावे को झुठलाते नजर आते हैं। कांग्रेस के चुनाव घोषणा-पत्र में ऐसा कोई भी वायदा नहीं है, जैसा प्रधानमंत्री ने बताया है। ह्ममंगलसूत्रह्ल छीनने और बांटने की भी घोषणा नहीं की गई है। ये जरूर है कि जातीय जनगणना, जातियों-उपजातियों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों का पता लगाने, मुसलमानों के सशक्तिकरण, सर्वे के आधार पर भागीदारी और अधिकार तय करने की बात घोषणा-पत्र में है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद की रैली में कहा था कि यह आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा कि किस वर्ग के पास कितना धन है। इसमें मां-बहनों के ह्ममंगलसूत्रह्ल और गहने कहां से आ गए? कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर मोदी जी ने जो व्याख्या की और उसका अपने भाषणों में जिक्र किया है उससे उसे भाजपा को घेरने का मौका मिल गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वो कांग्रेस के घोषणा पत्र की ब्यौरा विस्तार से बताएंगे साथ ही प्रधानमंत्री से पूछेंगे कि जो आप कह रहे हैं वो कहां लिखा है।

जो भी हो संपत्ति बटवारे, सोने-चांदी के गहने और मंगलसूत्र को लेकर सियासत तेज हो गई है। मोदी के बयान पर विपक्ष के नेताओं ने तीखी टिप्पणी की है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि पीएम मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को मंगलसूत्र से क्या लेना देना है। कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि पिछले करीब 70 सालों में 5 दशक से ज्यादा समय तक कांग्रेस की सरकार रही तब क्या किसी ने आपका सोना छीना और आपके मंगलसूत्र छीने। प्रियंका ने ये भी कहा कि जब देश में जंग हुई थी तब इंदिरा गांधी ने अपना सोना देश को दिया था और मेरी मांग का मंगलसूत्र यानि राजीव गांधी देश पर कुर्बान हुए हैं। प्रियंका ने कहा कि जब सैकड़ों किसानों की जानें गईं तो क्या मोदी जी ने उन विधवाओं के मंगलसूत्र के बारे में सोचा। जब मणिपुर में महिला को नग्न घुमाया गया तब उन्होंने उनके मंगलसूत्र के बारे में सोचा। इसी तरह तेजस्वी यादव ने सवाल किया कि माताओं-बहनों का सुहाग कौन छीन रहा है। चीन के हमले में सेना के जवान शहीद हुए तो सुहान किसने छीना। पुलवामा में जिन जवानों ने शहादत दी तो सुहाग किसने छीना। किसान आंदोलन में किसानों ने शहादत दी तो सुहाग किसने छीना। बेरोजगादी, गलत कृषि नीति और बदहाल अर्थव्यवस्था के कारण किसान, व्यापारी और युवाओं ने आत्महत्याएं कीं तो सुहान किसने छीना। 2014 में दस ग्राम सोना 24 हजार का था और 73 हजार रूपए का हो गया, माताएं-बहनें आज नया मंगलसूत्र भी नहीं बनवा सकतीं। तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी जी इधर-उधर की छोड़िए बात बेरोजगारी, मंहगाई और बदहाल अर्थव्यवस्था की कीजिए। खैर, बात मोदी जी के भाषणों की तो पहले चरण के बाद जिस तरह से मोदी जी ने अपने भाषणों का रूख बदला है उससे ये महसूस हो रहा है कि पार्टी अपने पुराने हिंदुत्व के एजेंडे पर लौट रही है। मोदी जी ने जिस तरह से ज्यादा बच्चे, घुसपैठिए, मंगलसूत्र, सोने-चांदी के गहनों को छीनकर ज्यादा बच्चे वालों को बांटने आदि के बयानों ने वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश की है उससे एक बड़ा वर्ग हतप्रभ है।

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस


**ललित गर्ग**

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो ह्मविरासत टैक्सह्ल के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं। अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।ह्ल कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।ह्ल निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती।

भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछडे.हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये।सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे।

**सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है। ऐसी योजना यूपीए सरकार में तय भी हुई थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक और उसमें भी सबसे अधिक मुस्लिमों का है, उस प्रकार से कांग्रेस की यह मुसलमानों को लुभाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की अघोषित चुनावी घोषणा है, इस तरह की घोषणाएं लोकतंत्र में सुशासन एवं राजनीति मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा ही कही जायेगी।**

# स्त्रीधन एक महिला की अविभाज्य संपत्ति है



**नीरज कृष्णा**

स्त्रीधन शब्द की उत्पत्ति दो संस्कृत शब्दों से हुई है: स्त्री, जिसका अर्थ है महिला, और धना, जिसका अर्थ है संपत्ति। इसके मूल में, स्त्रीधन उस संपत्ति का प्रतीक है जो एक महिला की है

24 अप्रैल, 2024 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने दोहराया कि स्त्रीधन एक महिला की पूर्ण संपत्ति है, और पति का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि पति संकट के समय स्त्रीधन का उपयोग कर सकता है, लेकिन उसका नैतिक दायित्व है कि वह अपनी पत्नी को इसका मूल्य वापस दिलाए।

स्त्रीधन शब्द की उत्पत्ति दो संस्कृत शब्दों से हुई है: स्त्री, जिसका अर्थ है महिला, और धना, जिसका अर्थ है संपत्ति। इसके मूल में, स्त्रीधन उस संपत्ति का प्रतीक है जो एक महिला की है। हिंदू कानून के अनुसार, स्त्रीधन में सभी मूल्यवान संपत्तियां शामिल हैं - चल और अचल संपत्ति, साथ ही उपहार - जो एक महिला अपने पूरे जीवनकाल में अर्जित करती है, चाहे वह शादी से पहले हो या बाद में।

स्मृतिकारों के अनुसार, स्त्रीधन में वह संपत्ति शामिल होती है जो महिला को रिश्तेदारों से उपहार के रूप में मिलती है जिसमें ज्यादातर चल संपत्ति जैसे गहने, कपड़े और गहने शामिल होते हैं, हालांकि कभी-कभी घर या जमीन भी उपहार के रूप में दी जाती थी। विवाह समारोह के समय या दुल्हन की बारात के समय अजनबियों द्वारा उसे दिया गया उपहार भी स्त्रीधन कहलाता था।

हिंदू न्यायशास्त्र में, स्त्रीधन की अवधारणा एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है, जो महिलाओं के अधिकारों और संपत्ति के अधिकारों को समाहित करती है। प्राचीन धर्मग्रंथों में निहित और कानूनी ग्रंथों में संहिताबद्ध, स्त्रीधन महिलाओं की आर्थिक स्वायत्तता और पारिवारिक संरचनाओं के भीतर सुरक्षा की धारणा का प्रतीक है। जबकि इस शब्द का उल्लेख विभिन्न प्राचीन और मध्ययुगीन ग्रंथों में मिलता है, अर्श साहित्य में इसका उपचार भारतीय समाज के भीतर लिंग गतिशीलता को आकार देने में इसकी उत्पत्ति, विकास और महत्व पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

आर्ष साहित्य, मुख्य रूप से वेदों, उपनिषदों और धर्मशास्त्रों से युक्त ग्रंथों का एक संग्रह है, जो प्राचीन भारत में प्रचलित दार्शनिक, नैतिक और कानूनी संहिताओं के विधान के रूप में कार्य करता है।ऋग्वेद, दुनिया के सबसे पुराने ग्रंथों में से एक, महिलाओं के संपत्ति अधिकारों से जुड़े सामाजिक मानदंडों की झलक प्रदान करता है। जबकि ऋग्वैदिक समाज प्रकृति में पितृसत्तात्मक था, पारिवारिक और सामाजिक मामलों में पुरुषों का प्रभुत्व था, यह चल और अचल संपत्तियों सहित संपत्ति पर महिलाओं के स्वामित्व को स्वीकार करता है।

धर्मशास्त्र, विशेष रूप से मनुस्मृति और याज्ञवल्क्य स्मृति, स्त्रीधन के कानूनी पहलुओं पर विस्तार से बताते हैं, इसके उत्तराधिकार, प्रबंधन और निपटान के लिए दिशानिर्देश प्रदान करते हैं। इन ग्रंथों के अनुसार, स्त्रीधन में जन्म, विवाह और धार्मिक समारोहों सहित जीवन के विभिन्न चरणों में महिलाओं द्वारा प्राप्त उपहार शामिल हैं। इसमें न केवल भौतिक संपत्ति बल्कि महिलाओं द्वारा अर्जित ज्ञान और कौशल जैसी बौद्धिक संपदा भी शामिल है।

आर्ष साहित्य स्त्रीधन की सुरक्षा को नैतिक एवं कानूनी दायित्व के रूप में महत्व देता है। यह महिलाओं के संपत्ति अधिकारों की रक्षा करने और उनकी आर्थिक भलाई सुनिश्चित करने के लिए परिवार के सदस्यों, विशेष रूप से पतियों और बेटों के कर्तव्य



को रेखांकित करता है। इन अधिकारों का उल्लंघन एक गंभीर अपराध माना जाता है, जो नैतिक निंदा और कर्म संबंधी परिणामों को आमंत्रित करता है।

इसके अलावा, आर्ष साहित्य विरासत के समान वितरण की वकालत करता है, जिसमें बेटियां स्त्रीधन सहित माता-पिता की संपत्ति में हिस्सेदारी की हकदार हैं। यह पितृसत्तात्मक विरासत के प्रचलित रीति-रिवाजों से विचलन का प्रतीक है, जो लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के प्रति एक प्रगतिशील दृष्टिकोण का प्रतीक है।

स्त्रीधन की अवधारणा महज संपत्ति के अधिकार से भी आगे तक फैली हुई है; यह समाज में महिलाओं की गरिमा, स्वायत्तता और आत्म-मूल्य का प्रतीक है। महिलाओं को उनकी संपत्ति पर स्वामित्व और नियंत्रण प्रदान करके, स्त्रीधन उनकी आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक प्रतिष्ठा को बढ़ावा देता है, जिससे स्थापित पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती दी जाती है और लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलता है।

आर्ष साहित्य में स्त्रीधन का वर्णन प्राचीन भारत में महिलाओं की स्थिति और अधिकारों के बारे में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। नैतिक, नीतिपरक और कानूनी सिद्धांतों में निहित, स्त्रीधन लैंगिक समानता, आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के आदर्शों का प्रतीक है। स्त्रीधन से जुड़े अधिकारों और जिम्मेदारियों को स्पष्ट करके, अर्श साहित्य समावेशी और समतावादी समाज को बढ़ावा देने के लिए एक कालातीत खाका प्रदान करता है।

महिलाएं किसी भी संपत्ति की हकदार नहीं हैं, यह विचारधारा तब तक चली आ रही थी जब तक महिलाओं को समाज का बराबर का हिस्सा नहीं माना जाता था। समय में प्रगति के साथ, जैसे-जैसे महिलाओं को प्रतिष्ठित दर्जा मिलना शुरू हुआ, स्त्रीधन को हिंदू कानून में मान्यता मिलने लगी। प्रारंभ में, जैसा कि मान्यता थी, महिलाओं के पास संपत्ति पर पूर्ण स्वामित्व नहीं था और संपत्ति को अलग करने/निपटान करने के लिए पति की सहमति आवश्यक थी।

पत्नियों को उनके स्त्रीधन पर पूर्ण नियंत्रण और स्वामित्व प्रदान करना वैवाहिक संबंधों के भीतर उनकी स्वायत्तता और एजेंसी को बनाए रखने के लिए मौलिक है। ऐतिहासिक रूप से, संपत्ति और संपत्तियों पर महिलाओं के अधिकारों को अक्सर पितृसत्तात्मक मानदंडों के तहत कम या अधीन कर दिया गया है। स्त्रीधन को पत्नी की विशिष्ट संपत्ति के रूप में मान्यता देकर, समाज उसकी वित्तीय स्वतंत्रता और अपने संसाधनों का प्रबंधन करने के अधिकार को स्वीकार करता है, जैसा वह उचित समझे, चाहे उसकी वैवाहिक स्थिति कुछ भी हो। ऐसी संपत्ति के संबंध में, चाहे उपहार या वसीयत द्वारा दी गई हो, वह पूर्ण मालिक है और अपनी इच्छानुसार किसी भी तरह से इसका उपभोग या प्रयोग कर सकती है।

यह हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 का अधिनियमन था, जिसके कारण हिंदू कानून के तहत महिलाओं को संपत्तियों का पूर्ण मालिक माना गया और उन्हें इस पर पूरा अधिकार दिया गया। अधिनियम ने महिलाओं की संपत्ति को दो श्रेणियों में विभाजित किया है- 1. स्त्रीधन- वह संपत्ति जिसमें महिलाओं को बिना किसी प्रतिबंध के आनंद लेने और अलग करने की पूर्ण शक्ति होती है। 2. महिला संपत्ति- ऐसी संपत्ति जिसमें महिलाओं के पास सीमित शक्ति होती है जो उपयोग तक ही सीमित होती है, लेकिन उसकी इच्छा के अनुसार अलगाव तक विस्तारित नहीं होती है।किसी महिला द्वारा समझौते या पारिवारिक समझौते से प्राप्त की गई संपत्ति, जहां उसके द्वारा केवल जीवन हित लेने का अनुमान नहीं है, उसका स्त्रीधन बन जाती है। जीमूतवाहन ने स्त्रीधन की अलग-अलग गणना दी, इसी प्रकार मिताक्षरा के उप-विद्यालयों ने भी। एक विवाहित महिला के लिए स्त्रीधन दो शीर्षकों के अंतर्गत आता है 1. एक महिला को दोनों पक्षों (माता-पिता और ससुराल वालों) के संबंधों से प्राप्त सौदायिका (प्यार और स्नेह के उपहार) उपहार। 2. 2. गैर-सौदायिक अन्य सभी प्रकार के स्त्रीधन जैसे अजनबी से उपहार, स्व-परिश्रम या यांत्रिक कला से अर्जित संपत्ति।

हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 14 के अनुसार एक महिला द्वारा निम्नलिखित स्रोतों से प्राप्त संपत्ति उसकी पूर्ण संपत्ति है (जब तक कि उपकरण, उपहार, डिक्री, आदेश या पुरस्कार की शर्तों में इसके विपरीत उल्लेख न किया गया हो)। (क) विरासत द्वारा (ख) वसीयत या समझौते के माध्यम से डिवाइस द्वारा (ग) एक विभाजन पर (घ) भरण-पोषण के बदले में) उपहार द्वारा (च) व्यक्तिगत कौशल या परिश्रम द्वारा) अपने स्वयं के धन की सहायता से खरीद और नुस्खे द्वारा (घ) किसी अन्य तरीके से अर्जित - डिक्री या पुरस्कार के तहत या प्रतिकूल कब्जे के माध्यम से प्राप्त संपत्ति।

स्त्रीधन पर पत्नियों का पूर्ण अधिकार सुनिश्चित करना उन्हें कानूनी संरक्षण और सुरक्षा प्रदान करता है। भारत सहित कई न्यायक्षेत्रों में, महिलाओं के स्त्रीधन के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून मौजूद हैं। हालाँकि, इन कानूनों के संबंध में प्रवर्तन तंत्र और जागरूकता का स्तर अक्सर कम रहता है। कानूनी ढांचे को मजबूत करने और जागरूकता बढ़ाने से पत्नियों को संभावित विवादों या उनके स्त्रीधन को हड़पने के प्रयासों से बचाया जा सकता है, जिससे उनकी वित्तीय सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा मिलेगा।

वैवाहिक संबंधों में लैंगिक असमानताओं को कम करने के लिए पत्नियों को स्त्रीधन पर पूर्ण अधिकार देना महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक रूप से, संसाधनों तक असमान पहुंच ने शक्ति असंतुलन को कायम रखा है, जिससे महिलाएं आर्थिक शोषण या निर्भरता के प्रति संवेदनशील हो गई हैं। अपने स्त्रीधन पर पत्नियों का नियंत्रण सुनिश्चित करके, समाज इन असमानताओं को सुधारने और आपसी सम्मान और साझा जिम्मेदारियों के आधार पर अधिक न्यायसंगत साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाता है।

वैवाहिक रिश्तों में गरिमा और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए स्त्रीधन पर पत्नियों के अधिकारों का सम्मान करना आवश्यक है। वित्तीय और गैर-वित्तीय दोनों तरह से महिलाओं के योगदान को पहचानना और उसका मूल्यांकन करना, उनके अंतर्निहित मूल्य और एजेंसी को स्वीकार करता है। यह एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देता है जहां पत्नियों को समान भागीदार माना जाता है, जो अपने जीवन के सभी पहलुओं में स्वायत्तता और सम्मान की पात्र हैं।

किसी महिला को विरासत में मिली संपत्ति उसका स्त्रीधन बन जाती है या किसी महिला द्वारा यांत्रिक कला से या युवावस्था, विवाह के बाद जीवन निर्वाह और विधवापन के दौरान अपनी मेहनत से अर्जित की गई संपत्ति स्त्रीधन होती है। दूसरी ओर, दहेज में शादी की शर्त के रूप में दुल्हन के परिवार से दूल्हे और उसके परिवार को धन या मूल्यवान संपत्ति का हस्तांतरण शामिल होता है। स्त्रीधन के विपरीत, जो पूरी तरह से दुल्हन के लाभ के लिए है, दहेज अक्सर दूल्हे के परिवार की वित्तीय मांगों या अपेक्षाओं को पूरा करने के साधन के रूप में कार्य करता है। इसे एक सामाजिक दायित्व के रूप में माना जाता है, जो पितृसत्तात्मक मानदंडों और अपेक्षाओं में गहराई से निहित है, जिसमें दुल्हन के परिवार को एक अनुकूल गठबंधन सुनिश्चित करने के लिए दहेज देने के लिए मजबूर किया जाता है।

स्त्रीधन और दहेज के बीच बुनियादी अंतरों में से एक उनके कानूनी निहितार्थ में निहित है। जबकि स्त्रीधन को हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम और दहेज निषेध अधिनियम सहित विभिन्न भारतीय कानूनों के तहत मान्यता प्राप्त और संरक्षित किया गया है, दहेज को 1961 के दहेज निषेध अधिनियम द्वारा स्पष्ट रूप से निंदा और प्रतिबंधित किया गया है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दहेज का कोई भी आदान-प्रदान एक आपराधिक अपराध माना जाता है।

इसके अलावा, स्त्रीधन और दहेज के पीछे अंतर्निहित प्रेरणाएँ काफी भिन्न हैं। स्त्रीधन दुल्हन के सशक्तिकरण और कल्याण में निहित है, जो वैवाहिक बंधन के भीतर उसकी वित्तीय स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके विपरीत, दहेज लैंगिक असमानता को कायम रखता है और महिलाओं के वस्तुकरण को मजबूत करता है, जिससे वे विवाह बाजार में लेनदेन की वस्तुओं तक सीमित हो जाती हैं।

जबकि स्त्रीधन और दहेज दोनों में विवाह के दौरान संपत्ति का आदान-प्रदान शामिल है, उनका सार, उद्देश्य और कानूनी प्रभाव उन्हें स्पष्ट रूप से अलग करते हैं। स्त्रीधन सशक्तीकरण, स्वायत्तता और पारिवारिक प्रेम के सिद्धांतों का प्रतीक है, जो दुल्हन के हितों और अधिकारों की रक्षा करता है। इसके विपरीत, दहेज लैंगिक पूर्वाग्रहों और सामाजिक अपेक्षाओं से जुड़ी हानिकारक प्रथाओं को बढ़ावा देता है, जो महिलाओं की गरिमा और भलाई के लिए खतरा पैदा करता है।

# चुनाव में सभी दलों की निगाहें युवाओं पर टिकी



**संजय गोस्वामी**

अगर लोकतंत्र के महायज्ञ की बात करें तो समारोह की घोषणा 28 मार्च को माननीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा शुरू हो गया मुख्य चुनाव आयुक्त ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की, जो 19 अप्रैल से 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सात चरणों में होगा। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में सभी सात तारीखों पर मतदान होगा, जबकि जम्मू और कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा, सात जिलों में मतदान की प्रक्रिया 19 अप्रैल को खत्म हो गई और 1 जून तक सभी सात जिलों में मतदान पूरा हो जाएगा। पूरे देश में वोटों की गिनती 4 जून को होगी। 4 जून दोपहर तक नई सरकार की तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। सत्ता की चाभी विशेषकर महत्वाकांक्षी युवा मतदाताओं के हाथ में लगती दिख रही है। सभी प्रमुख राजनीतिक दल युवाओं को लुभाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। दरअसल, युवा मतदाताओं की मुखरता नतीजों में झलक रही है। लोकसभा के पिछले दो चुनावों में वह युवा मतदाताओं यानी श्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के साथ रहे हैं। हालाँकि, जिन देशों में क्षेत्रीय दल और सरकारें सत्ता में रही हैं, उनमें युवाओं ने क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी है। इसका कारण यह नहीं है कि युवा भाजपा के समान ही हैं, बल्कि युवा, राष्ट्रवाद और राजनीतिक दलों का स्तर भी अलग-अलग स्तर पर देखा गया है। युवा और महिला मतदाताओं ने वोट देने की पहल की है और इसमें कोई संदेह नहीं है, 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाएं और युवा भाजपा के लिए मजबूत मतदाता पाए गए हैं। हमारा लोकतंत्र दुनिया का सबसे जटिल लोकतंत्र है। मतदाताओं की बहुसंख्यक आबादी, विविधताएं और भौगोलिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक परिस्थितियां बेहद गंभीर हैं, खासकर चुनाव आयोग और चुनाव आयोग के लिए। लेकिन हमें गर्व है कि हमारा चुनाव आयोग और चुनाव प्रणाली दुनिया के देशों में सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। दुनिया, उसके देश और हमारी सरकार व चाहतों पर नजर रहती है। पहले चुनावों ने देश में पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है और दुनिया भर के लोग हमारे चुनावों और मतदान के साथ-साथ मतगणना में भी रुचि रखते हैं। वे देखने और समझने आते हैं। पूरी दुनिया, देशों की नजर हमारे सपनों पर रहती है। यहां खास बात यह है कि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और मतदाता अनुकूल बनाने के लिए लगातार प्रयास किये हैं। प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था भी होनी चाहिए, इसलिए प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा बंद व्यवस्था की आलोचना की गई है। मतदाता मतदान आसान, सुलभ हो गया है और राजनीतिक दलों या अन्य बाहरी प्रभावों पर मतदाताओं की निर्भरता समाप्त हो गई है। जबकि दुनिया के अन्य देशों में लोकतंत्र समान है, हमारे इंडिया में कुल मतदाताओं की तुलना में 18 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के मतदाता अधिक हैं। इसके अलावा 26 से 35 वर्ष तक के मतदाता भी युवा और युवा वर्ग की श्रेणी में आते हैं। हमारे देश में विश्व के सबसे अधिक मतदाता संख्या वाले देशों की कुल संख्या से भी अधिक मतदाता हैं। इस साल 18वीं विधानसभा के लिए होने वाले मतदान में 98.6 फीसदी मतदाता हिस्सा लेंगे, जबकि यूरोपीय संघ में 40 फीसदी, इंडोनेशिया में 20.4 फीसदी, अमेरिका में 16 फीसदी और पाकिस्तान में 12.8 फीसदी मतदाता होंगे। वह एक बिगड़ैल वोटर हैं। जो धर्म के नाम पर चुनाव का नतीजा तय करती है खैर, यह अलग बात थी, लेकिन लोकसभा में पहले दो मुकाबलों के नतीजों से यह साफ हो गया कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया, वही सरवेरा बन गया। दिलचस्प बात यह है कि युवाओं और महिलाओं में यह विश्वास ही नई सरकार की कुंजी है, खासकर भारत सरकार को मजबूत करने में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी। रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी नतीजों के मुताबिक, 18वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96.8% पंजीकृत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें से 82 लाख नए पंजीकृत मतदाता हैं, 47.15 लाख महिला मतदाता हैं और 49.7 नए पंजीकृत मतदाता हैं। जहां 17वीं लोकसभा चुनाव में लगभग 1.5 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे, वहीं 18वीं लोकसभा चुनाव में 1.82 प्रतिशत नए मतदाता या पहली बार मतदाता थे। वे क्या उपयोग करेंगे? दूसरे, पिछले लोकसभा चुनाव में युवाओं को दो श्रेणियों यानी 18 से 25 साल और 26 से 35 साल में बांटकर वोटिंग प्रतिशत का आकलन और विश्लेषण किया गया था। बात यह है कि युवाओं में, समाज के दोनों वर्गों में भाजपा और कांग्रेस की तुलना में मतदान का अंतर बहुत अधिक था। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 साल के 44 फीसदी युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को वोट दिया, जबकि 26 से 35 साल के 46 फीसदी युवाओं ने बीजेपी पर भरोसा जताया। दिलचस्प बात यह है कि दोनों आयु वर्ग में 26-26 फीसदी मतदाताओं ने ब्रिटिश प्रेस पर भरोसा जताया, जबकि 28 से 30 फीसदी युवाओं ने दूसरी पार्टियों पर भरोसा जताया। लेकिन अलगयुवा युवाओं के बीच कांग्रेस और बीजेपी के बीच विश्वास को लेकर कोई बड़ी बात नहीं है और यहां बताया गया है कि वे बीजेपी और नरेंद्र मोदी को क्यों पसंद करते हैं? क्योंकि वो मजबूत चेहरा के रूप में श्री नरेंद्र मोदीजी और उप्र के मुख्य मंत्री योगीजी उभरे हैं। 2019 में वोट बंटवारे से यह भी स्पष्ट हो गया कि विपक्षी दलों में बिना पेंदी के लोटा जैसा है और सभी पार्टियों के मन में प्रधानमंत्री का सपना है । चाहे युवा हों, महिलाएं हों या नए मतदाता हों, तीनों ही श्रेणियों में बीजेपी को कांग्रेस के मुकाबले बहुत ज्यादा समर्थन मिला है।क्योंकि कांग्रेस परिवारवाद से ऊपर नहीं उठ रही है और जिस तरह श्री राहुल गाँधी की भाषा पब्लिक के सामने आई है वो नहीं चाहती है देश और भी संकट में जाए इससे यह स्पष्ट होता है कि 2024 का चुनाव युवाओ और महिलाओ के कारण दिशा तय करेंगी इस शताब्दी के पूर्वार्ध में अनुमानित जनसंख्या वृद्धि चुनौतीपूर्ण है। अनुमान के आधार पर, मध्य शताब्दी तक 9 से 10 अरब लोग होंगे। वर्तमान जनसंख्या केवल 7 अरब से कम है, जिसका अर्थ है कि इस सदी की शुरूआत से मध्य तक लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। कोई विशेष मॉडलों की सापेक्ष सटीकता पर बहस कर सकता है, लेकिन वे सभी इस बात से सहमत हैं कि आने वाले दशकों में खिलाने के लिए कई और अधिक मुंह होंगे। आईटी ने मानव प्रयास के कई अन्य पहलुओं को बदल दिया है और व्यापक सामाजिक आवश्यकताओं का जवाब देने के लिए सिस्टम बनाने में मदद की है। दरअसल, परिवहन, संचार, राष्ट्रीय सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रणालियाँ बुनियादी कार्यों को करने के लिए भी पूरी तरह से आईटी पर निर्भर हैं। हालाँकि, सूचना और इसके स्वचालित तकनीकी अवतार ने कृषि को समान स्तर पर प्रभावित नहीं किया है। कृषि का महत्व कृषि एक प्रमुख क्षेत्र है जो आधुनिक मनुष्य के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है। पौधे खाद्य श्रृंखला में उत्पादक हैं, और उनके बिना, जीवन चक्र संभव नहीं होगा। कृषि उपज, हालांकि अन्य खाद्य स्रोतों की तुलना में अच्छा है या खराब ये किसान आंदोलन से नहीं किसानों के वोट तय करेंगे किसान अपने फसलों का उपयोग कई खाद्य स्रोतों को स्वयं या उप-उत्पादों जैसे ब्रेड, पाउडर, अन्य वस्तुओं में कार्बनिक योजक आदि के माध्यम से उत्पादित करने के लिए किया जाता है। कृषि से प्राप्त उपज एक देश से दूसरे देश में व्यापार को बढ़ाती है, किसानों के लिए आय लाती है, अन्यथा बेकार पड़ी भूमि का उत्पादक उपयोग करती है, और मेज पर भोजन लाती है। यह हर किसी के दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, हालांकि इसे प्रत्यक्ष कारक के रूप में नहीं देखा जा सकता है क्योंकि उपज उन सभी के हाथों तक पहुंचने से पहले एक लंबा रास्ता तय करती है जो इससे लाभान्वित होते हैं। भारतीय कृषि भारत की जीडीपी में 18.6 प्रतिशत का योगदान देती है और लगभग 59 प्रतिशत भारतीय कृषि क्षेत्र से अपनी आजीविका प्राप्त करते हैं।

# डीएवी सेक्टर-6 के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के लिए शेप हंट प्रतियोगिता का आयोजन



उज्जवल दुनिया

बोकारो : डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-6 में शुक्रवार को पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप (नई शिक्षा नीति ) के अन्तर्गत कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों के लिए विभिन्न आकृतियों पर आधारित ह्लशेप हंट प्रतियोगिताह्व का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं डीएवी गान से प्रारंभ हुआ । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों में विभिन्न आकृतियों को सीखने में मदद मिलती है, विभिन्न आकृतियों के कितने कोने होते हैं, कितनी भुजाएं होती है आदि के बारे में जानने से विभिन्न वस्तुओं के बीच के अंतर को समझने में सक्षम होंगे ।विद्यार्थियों ने काफी उत्साह पूर्वक इस कार्य क्रम में भाग लिया ।इस प्रतियोगिता में एल के जी से अभिनन्दन सिन्हा , अर्णव मिश्रा,रोहन राज, श्रृष्टि कुमारी, सुष्मिता बेसरा, वंशिका कुमारी, मेवान कुमार, सात्विक तथा यू के जी से अर्णव मंडल, आरोही, आदित्य अखिल, आकृति अंश, दिशांत, हर्ष, निधि, निखिल, पलक, रिद्धि प्रिया, राजवीर, रौनक राणा, रिहान, रिधिमा, साहिल सक्षम शिवांश, शान्वी, श्रेया, शिवांश, यश, युग, सोनम ने भाग लिया । विद्यालय के चारों सदन श्रद्धानंद सदन, दयानंद सदन, हंसराज सदन एवं विवेकानन्द सदन के बच्चों ने उत्साह से भाग लिया । मंच संचालन भावना घले एवं धन्यवाद ज्ञापन अराधना ने किया । इस अवसर पर सभी शिक्षक मौजूद थे.

# जेईई मेन- 2 में भी डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों का दमखम बरकरार

## 99.92 परसेंटाइल के साथ रक्षित बना टॉपर, रयान दूसरे व अवंतिका तीसरे स्थान पर

### 15 विद्यार्थियों को 99 और 40 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक मिले अंक

उज्जवल दुनिया

बोकारो : इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित देश की सबसे प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के दूसरे व अंतिम सत्र का परिणाम भी गुरुवार को जारी कर दिया गया। इसमें भी विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दमखम बरकरार रखा।

60 से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें शानदार कामयाबी पाई। विद्यालय के छात्र रक्षित राज ने सर्वाधिक 99.92 पर्सेंटाइल अंक पाकर विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है। जबकि, रेयान सिंह 99.91 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर रहे, तो अवंतिका गुप्ता ने 99.84 पसंर्टाइल के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

समाचार लिखे जाने तक कुल 15 विद्यार्थियों को 99 और 41 को 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक मिले। समाचार लिखे जाने तक सफल विद्यार्थियों की फेहरिस्त में रक्षित राज - 99.92, रेयान सिंह - 99.91, अवंतिका गुप्ता - 99.84, विशाल मेहता - 99.82, मो. अम्मार - 99.80, दिव्यांशु जायसवाल - 99.64, स्पर्श कुमार - 99.64, स्पर्श राज - 99.56, उत्कर्ष कुमार - 99.52, नमन जैन - 99.45, तरुण गुप्ता - 99.45, ऋषव कुमार - 99.4, मोहित कुमार - 99.20, आकाश महता - 99.06, सौम्यदीप मंडल - 99.00, आशुतोष सिंह - 98.94, मानव राज - 98.92, बख्तावर जावेद - 98.82, पुष्पित किसलय - 98.6, आर्यन रंजन सिंह - 98.5, जानवी कुमारी - 98.48, साक्षी प्रिया - 98.47, अंशु राज - 97.90, सैयद अशदुल्लाह - 97.56, विचांशु राज - 97.43, विक्रांत कुमार - 97.38, श्रेयांशु घोष - 96.65, आयुष्मान दत्ता - 96.64, ऋषव कुमार - 96.62, दिव्य प्रकाश सिंह - 96.49, पौलम कुंडू - 96.42, कमरीन फातिमा - 96.39, कृष शांडिल्य - 96.34, अजितेश आनंद - 96.32, सिद्धांत वैभव - 96.32, आर्यन राज - 95.73, विवेक आनंद - 95.73, आर्यन कुमार - 95.52, हर्षवर्धन - 95.41, रितिका साहा - 95.36, अंशल कुमार - 95.12, अधृत सिंह - 94.24, श्रेया सुमन - 94.09, कार्तिक राज - 94.04, सिल्वी सृष्टि - 93.91, तेजस अग्रवाल - 93.83, आयुष राज - 93.52, आदर्श कुमार मिश्रा - 93.50, राधिका अग्रवाल, समर सिंह, ऋषभ रंजन, अभिनव राज आदि के नाम शामिल हैं।



उल्लेखनीय है कि एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की ओर से जेईई मेन दो सत्रों में आयोजित किया गया था। परीक्षा का पहला सत्र 24 जनवरी से 01 फरवरी के बीच हुआ था, जबकि दूसरा सत्र 4 से 12 अप्रैल की अवधि में आयोजित किया गया था।

बोकारो जिले में 3569 विद्यार्थी जेईई मेन 2 की परीक्षा में शामिल हुए थे। सफल हुए विद्यार्थियों ने आगामी 26 मई को होनेवाली जेईई एडवांस्ड की परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने अपने विद्यालय के छात्र-छात्राओं की इस अच्छी सफलता पर प्रसन्नता जताई।

उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जेईई एडवांस्ड में भी उनके बेहतर परिणाम की उम्मीद जताई और इसके लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं.

# बम की धमकी पर आरपीएफ का उप-मॉक ड्रिल




बोकारो : बम की धमकी के खिलाफ आईओसी बोकारो की ओर से रेलवे स्टेशन सहित आसपास के क्षेत्र में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पीसी आरपीएफ बोकारो की देखरेख में डॉग स्क्वाड बोकारो के साथ आरपीएफ कर्मियों की एक टीम ने मॉक ड्रिल में भाग लिया। मॉक ड्रिल की कुछ झलक देखने के लिए स्थानीय लोगों कि भीड जमा हो गई। जिसके कारण कुछ समय के लिए मॉक ड्रिल में विलंब हुई।

# कस्तूरबा गाँधी विद्यालय टुंडी के दो छात्रों ने जिले में पायल कुमारी तृतीय एवं मधु कुमारी चतुर्थ स्थान प्राप्त किए



टुंडी : जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले धनबाद जिले के कस्तूरबा गाँधी विद्यालय के छात्राओं के मध्य, कस्तूरबा गाँधी विद्यालय टुंडी के दो छात्रों ने जिले में पायल कुमारी तृतीय एवं मधु कुमारी चतुर्थ स्थान प्राप्त किए जिसे जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी धनबाद के द्वारा शुक्रवार को उत्साहवर्द्धन के लिए सम्मानित किया गया इस दौरान प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया ओर उज्ज्वल भविष्य की कामना की ओर कहा की छात्राओं ने खुद के परिश्रम से बेहतर अंक प्राप्त किया है मौके पर वार्डेन कुमारी मनोरमा ने कहा की मेरे मार्गदर्शन में प्रत्येक शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं परीक्षार्थियों का परिश्रम, अकाउंटेंट और कंप्यूटर ऑपरेटर की तत्परता, रसोईया के सुस्वादु भोजन का प्रतिफल शत प्रतिशत परिणाम है कस्तूरबा गाँधी विद्यालय टुंडी में शीर्ष प्रथम पायल कुमारी 453 अंक के एवं मधू कुमारी 452 अंक में द्वितीय स्थान पर हैं

# चिरकुंडा क्षेत्र में पाइप लीकेज होने के कारन पेयजलापूर्ति दूसरे दिन भी ठप,लोग परेशान



*एग्यारकुंड*। चिरकुंडा नगर परिषद के सरसापहाड़ी स्थित गुरु नानक मिशन स्कूल के पास शहरी जलापूर्ति योजना का पाइप लीकेज होने के कारन दूसरे दिन भी क्षेत्र में पेयजलापूर्ति ठप रहा जिस कारन पानी नही मिलने के कारन लोग परेशान रहे। वहीं चिरकुंडा पुराना जीटी रोड के दोनो तरफ व आसपास पीएचइडी का कनेक्शन लिए लोगों के घरों में पानी आने व लगे स्टेण्ड पोस्ट में पानी कुछ जगहों पर चालू रहने के कारन लोगों को कुछ राहत मिली।पानी नही चलने के कारन इस भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने कहा कि टेक्निशियनों को बुलाकर लीकेज पाइप को ठीक कराने का कार्य शुरू किया गया था लेकिन मिस्त्री द्वारा ठिक से कार्य नही किया गया जिस कारन शुक्रवार की सुबह से मिस्त्री से कार्य पुनः कराया जा रहा है उन्होने क्षेत्र के नागरिकों को आश्वस्त किया है कि शनिवार की सुबह से क्षेत्र में शहरी जलापूर्ति योजना का पानी सुचारू रूप से चालू हो जाएगी।

# चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



एग्यारकुंड। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर शुक्रवार को चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा स्वीप अभियान के तहत वार्ड संख्या 20 स्थित कापासारा के काली मंदिर प्रांगन में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया व वोट फार बेटर इंडिया के साथ में लोगों ने लोकसभा के महापर्व में आओ मतदान करें का संकल्प भी लिया।मौके पर सामुदायिक संगठनकर्ता कौशिक मित्रा,सीआरपी टुम्पा मंडल,सुपरवाइजर अमर दास,ओंकार नाथ श्रीवास्तव,बैजू साव,चिन्मय बनर्जी,अनुप कुमार आदि थे।

# बोकारो परिसदन का डीसी सह डीईओ ने किया निरीक्षण

- संबंधित एजेंसी को कार्य में एकरूपता लाने का दिया निर्देश
- नियमित फ्लोर की साफ झ सफ़ाई का संबंधित को दिया निर्देश, नजारत उप समाहर्ता को सुनिश्चित कराने को कहा

उज्जवल दुनिया




बोकारो : यहाँ के सेक्टर वन स्थित परिसदन का शुक्रवार को उपायुक्त (डसी) सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) विजया जाधव ने निरिक्षण किया। मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सदानंद महतो, प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, सहयोगी पदाधिकारी शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। डीसी सह डीईओ ने क्रमवार बोकारो परिसदन में चल रहें कार्यों का जायजा लिया। टीम ने परिसदन में संबंधित एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों को देखा गया। परिसदन की साज झ सज्जा के लिए लगाएं गए फोटो फ्रेम, पर्दों, गमलों आदि को एकरूपता के अनुरूप संबंधित एजेंसी को सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, परिसदन के सभी कमरों/रसोई घर/फ्लोर एरिया आदि की नियमित साफ झ सफाई का निर्देश दिया। इस कार्य को निष्पादित कर रहे एजेंसी को बेहतर से कार्य/दायित्वों को निष्पादन करने को कहा। मौके पर उपस्थित जिला नजारत उप समाहर्ता को निगरानी करते हुए इसे सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं, इस दौरान परिसदन में संचालित प्रेक्षक कोषांग, प्रेक्षकों कोषांग के कार्यालय/उपलब्ध संसाधनों का भी जायजा लिया। प्रेक्षक कोषांग के समन्वय पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों के लिए कमरों का आवंटन, परिवहन, सुरक्षा आदि की व्यवस्था ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी सह डीईओ ने कई दिशा झ निर्देश उपस्थित पदाधिकारियों को दिया और ससमय कार्य पूरा करने को कहा.

# धनबाद के विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट दें : सीता राणा

उज्जवल दुनिया



धनबाद। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह कें पक्ष में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने धनबाद नगर अध्यक्ष पुनम देवी के नेतृत्व में मनईटांड, गांधी नगर सब्जी बगान, मटकुरिया क्षेत्र में सघन जन संपर्क अभियान चलाया।

मौके पर सीता राणा ने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि धनबाद का विकास कांग्रेस प्रत्याशी ही कर सकता है। सीता राणा ने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी पर भरोसा कीजिए यह आम आदमी के जीवन को बदलने और खुशियां लाने वाला है।

जिला सचिव हेमंती जयसवाल ने कहा कि आजं कुछ लोग धनबाद में विकास ना होने और विकास करने का दावा कर रहे जबकि धनबाद में उन्हीं का प्रतिनिधित्व रहा है। इस झूठे वादे और झूठे सपने से बचना है और धनबाद के सपने को पूरा करने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए हाथ का बटन दबाना है।

धनबाद नगर अध्यक्ष पुनम देवी ने कहा कि धनबाद में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की प्रचंड जीत होगी। धनबाद नगर में महिला कांग्रेस द्वारा सघन जन संपर्क अभियान के माध्यम से कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की ज रही है। धनबाद की जनता कांग्रेस के विचारधारा के साथ है।

जन संपर्क अभियान में नूतन विश्वकर्मा , सुनीता निषाद, रजनी देवी, गीता सिंह, मुस्कान कुमारी, सिक्की देवी, रिंकू देवी, भागी महतो, पार्वती देवी, बिटू सिंह, निशा देवी, रीना देवी, बॉबी शर्मा, ओम गीता, मीना देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी आदि शामिल थी।

## स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन शुरू, लोगों को लुभा रहे हैं विभिन्न शिल्पकारों की शिल्पकारी

बोकारो : यहाँ के सेक्टर चार स्थित एलआईसी मैदान में शनिवार से स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर मेला प्रबंधन अमर राव के द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता के दौरान प्रबंधन ने बताया कि हमारी संस्था स्वदेशी खादी महोत्सव का आयोजन हर जगहों पर करती है। इस महोत्सव के माध्यम से भिन्न-भिन्न प्रकार के आयोजन से शिल्पियों के हित में एवं संबंधी बनाने का काम करती है । उन्होंने कहा कि हमारी संस्था पूर्णरूप से स्वालम्बी, नॉन प्रॉफिटेबल, गैर सरकारी संस्था है। संस्था का मुख्य उद्देश्य देश के हर वर्ग के उन गरीब एवं मध्यम वर्गीय शिल्पियों एवं कारीगरों को दद कर उन्हें तराशना तथा उन्हें बेहतर प्रशिक्षण प्रदान कराकर रॉ मेटेरियल उपलब्ध कराते हुए इनको उचित पारश्रमिक दिलाना है। जिससे ये आम विचौलियों से सुरक्षित होते हैं ,तथा आम नागरिकों को भी फायदा होता है। राव ने कहा कि संस्था ऐसे आयोजनो को विभिन्न शहरों में आयोजित कराकर शिल्पियों के मनोबल को बढ़ाने का काम करती है

# डीवीसी अधिकारियो एवम यूनियन प्रतिनिधियों की संयुक्त कमिटी ने सुरु किया अतिक्रमणकारियों के खिलाफ जांच अभियान



- आवासीय कॉलोनी के तीन मंजिला आवास एसडीटी 1, 6, 7, 8 आदि लगभग 80 आवासों में जांच अभियान चलाया एवम आवासों में रहने वाले लोगो से पूछताछ किया

उज्जवल दुनिया

बोकारो थर्मल(बेरमो) : दामोदर वेली कारपोरेशन (डीविसी ) की जमीन व डीविसी के आवासों में अवैध कब्जा करने वालो के खिलाफ डीवीसी प्रबंधन जल्द अतिक्रमण हटाव अभियान चलाएगी। इसको लेकर डीवीसी अधिकारियो एवम यूनियन प्रतिनिधियों की संयुक्त कमिटी ने शुक्रवार को डविसी की आवासीय कॉलोनी के तीन मंजिला आवास एसडीटी 1, 6, 7, 8 आदि लगभग 80 आवासों में जांच अभियान चलाया एवम आवासों में रहने वाले लोगो से पूछताछ किया। यहाँ जांच के क्रम में डीवीसी के कई स्थाई एवम ठेका कर्मचारीयों सहित पेंसनधारी डविसी द्वारा आवंटित अपने आवासों को भाड़ा में लागाने की बात जांच दल में शामिल अधिकारियो को बताया। इस संबंध में प्लांट के वरीय प्रबंधक सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने दूरभाष पर कहा कि जांच चल रही है जांच रिपोर्ट आने के बाद निश्चित ही करवाई होगी, साथ ही उन्होंने कहा की प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवम शुक्रवार को डीविसी कोलोनियो में घूम घूम कर डीविसी आवासों में रहने वाले लोगों से पूछताछ किया जायेगा।

जांच एवम कार्यवाई में कोई भेदभाव नही बरती जाएगी, वही इस अभियान में डीविसी अधिकारी ए असरफ, डविसी कामगार संघ, डीविसी मजदूर संघ, एचएमकेयू के सदन सिंह, रामलाल पासवान, रामनारायण राय, रजदेव सिंह,रवि चंद्र कुमार सहित होम गार्ड इंचार्ज धनेश्वर साव, चंदन ठाकुर आदि महिला पुरुष गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे.

# श्री श्री 108 रामचरित मानस पांच दिवसीय यज्ञ 251 क्लश यात्रा के साथ आरम्भ

- पूर्वी टुण्डी के दलदली में श्री श्री 108 रामचरित मानस पांच दिवसीय यज्ञ 251 क्लश यात्रा के साथ आरम्भ



टुंडी : पूर्वी टुंडी प्रखंड के चुरुरिया पंचायत अंतर्गत दलदली गांव में शूरवार को श्री श्री 108 रामचरित मानस पांच दिवसीय यज्ञ के धार्मिक आयोजन को लेकर गाजे बाजे के साथ निकाली भव्य कलश यात्रा में 251 से अधिक कुमारी कन्या एवं श्रद्धालुओ ने माथे पर कलश लेकर यात्रा में भाग ली ' कलश यात्राओं को लेकर आज सुबह से ही श्रद्धालुओ का दलदली यज्ञ स्थल पर पहुँचना शुरू हो गया था ' कलश यात्रा यज्ञ स्थल परिसर से प्रारंभ होकर बराकर नदी करमदाहा घाट पहुंचे जहां विधि विधान के साथ कलश में जल भरने का कार्यक्रम पूर्ण किया गया ' जहां से वापस यज्ञ स्थल परिसर पहुंचे ' इसके बाद मंत्रोच्चरण पूजन मंडप प्रवेश जलाभिषेक पुष्पा अभिषेक आरती इत्यादि का कर्यक्रम किया गया ' मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा ग्रामीण जिला धनबाद ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शंकर चंद्र दां, चुरूरिया मुखिया कन्हाई चन्द्र चार, भाजपा पूर्वी टुंडी मंडल अध्यक्ष समीर कुमार साव, समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि संतलाल बाबा, पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद सिन्हा, अजित कुम्भकार बीरेंद्रर भंडारी , निर्मल मंडल, सचिन कुम्भकार, जयदेव कुम्हार, सपन दां , सेवक दां, रमेश कुम्हार, निर्मल दत्ता, पंकज कुम्हार एवं माणिक निराला इत्यादि हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चे - बच्चियां श्रद्धालु उपस्थित थे '

# कांग्रेसियों ने केलियासोल क्षेत्र में आस पास के गांव के ग्रामीणों के बीच चलाया जनसंपर्क अभियान



- देश के झंडा तिरंगा नहीं चलेगा दो रंगाः दुर्गा दास

उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। कांग्रेसियों ने दुर्गा दास के नेतृत्व मे केलियासोल क्षेत्र में आस पास के गांव के ग्रामीणों के बीच चलाया जनसंपर्क अभियान। बता दे की जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रही है,ओसे ओसे हर पार्टी दलों की जनसंपर्क अभियान तेज होते जा रहे है। उसमें कांग्रेसियों ने धुआंधार जनसंपर्क अभियान कर रहा हैं। वही दुर्गा दास के नेतृत्व में केलियासोल क्षेत्र के फतेहपुर गांव और उसके आसपास के गांव में ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट देखकर भारी से भारी मतों से जीत दिलाने को कांग्रेसियों ने ग्रामीण से अपील की। वही कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या,प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधान सभा प्रभारी दुर्गा दास ने कहा देश के झंडा तिरंगा नहीं चलेगा दो रंगा।

झारखंड प्रदेश इंटक के संयुक्त महामंत्री वं राष्ट्रीय इंटक के सचिव श्यामल कु० सरकार ने बताया कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने एक मई को 2:00 बजे अपना नामांकन धनबाद के बरवाड़ा न्यू सभाकर उपायुक्त कार्यालय मे करेगी। अनुपमा सिंह को सभी ग्रामीण से अपील है कि भारी से भारी संख्या मे उपस्थित होकर सभी अपना आशीर्वाद आशीर्वाद दें।

## करमाटांड जविप्र दुकानदार बाबूलाल गोप ने मतदाता संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया

उज्जवल दुनिया

पश्चिमी टुंडी के करमाटांड जविप्र दुकानदार बाबूलाल गोप ने मतदाता संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया।

टुड़ी : पश्चिमी टुंडी प्रखण्ड क्षेत्र मनियाडीह थाना के जाताखुंटी पंचायत अंतर्गत करमाटांड के जन वितरण प्रणाली दुकानदार बाबूलाल गोप ने शुक्रवार को आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 हेतु लगभग दो दर्जन कार्ड धारियों को मतदाता संकल्प पढ़कर सुनाया तथा कहा की आप सभी स्वच्छ, निष्पक्ष और निर्भीक होकर मतदान करें,, और साथ ही सबों को कहा पहले करें मतदान फिर करें जलपान की नारा को किया बुलन्द। मतदान शत-प्रतिशत हेतु स्वयं करें मतदान तथा औरों को करें प्रेरित । मौके पर मुख्य रूप से जविप्र दुकानदार बाबूलाल गोप , मिथुन मंडल ,मनोज महतो, ननकु मंडल उर्फ बेंगा,सुदुल देवी, तारा देवी, कृष्णा ठाकुर, सुबोध ठाकुर, मितन मंडल एवं खगिया देवी इत्यादि महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे ।

# वाहनों को चिन्हित कर रूट चार्ट समर्पित करेः नोडल पदाधिकारी

- सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांगजन एवं 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं के आवागमन का मामला
- वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी सह डीटीओ वंदना शेजवलकर ने सभी बीडीओ/सीओ के साथ की बैठक,दिया जरूरी -निर्देश




बोकारो : लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर तैयारियां चरम पर हैं। ऐसे में मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं एवं 85 प्लस बुजुर्ग मतदाताओं की सहूलियत को लेकर जिला प्रशासन द्वारा वाहन की व्यवस्था की जानी है। इसी को सुनिश्चित करने को लेकर समाहरणालय सभागार में गुरुवार को वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी सह डीटीओ वंदना शेजवलकर ने जिले के सभी बीडीओ/सीओ के साथ बैठक की। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे। वाहन कोषांग की नोडल पदाधिकारी ने प्रखंडवार मतदान भवनों/केंद्र के अनुरूप वाहनों की आवश्यकता/उपलब्धता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्थानीय स्तर पर ही छोटे वाहनों आटो झ ई रिक्शा आदि की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने अगले सोमवार तक सभी वाहनों को टैग करते हुए रूट चार्ट कोषांग को समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सभी बीडीओ/सीओ ने वाहनों का आंकलन करते हुए स्थानीय स्तर पर ही वाहन उपलब्ध होने की बात कहीं। मौके पर कई अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया.

# निर्वाची पदाधिकारी, 05 कोडरमा लोकसभा व पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्वाचन के नामांकन संबंधी जानकारी साझा की गई

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**गिरिडीह अमित सहाय :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त नाम निर्देशन को लेकर शुक्रवार को निर्वाची पदाधिकारी, 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र-सह-उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक गिरिडीह के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन कर निर्वाचन के नामांकन संबंधी जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। इस दौरान निर्वाची पदाधिकारी, 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र-सह-उपायुक्त ने कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव में पांचवे चरण में मतदान किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में गजट अधिसूचना की तिथि दिनांक 26.04.2024, नामांकन की अंतिम तिथि 03.05.24 है। स्क्रूटनी ऑफ नॉमिनेशन की तिथि 04.05.24, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 06.05.24 है। मतदान की तिथि 20.05.24 तथा मतगणना की तिथि 04.06.24 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल से नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 03 मई तक का समय होगा। 03 मई तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे तक ( सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नाम निर्देशन किए जायेंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत 19 कोडरमा में कुल 2199418 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 1137184 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1062212 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 22 है। 19 कोडरमा में पुरुष मतदाताओं की संख्या 200808, महिला मतदाताओं की संख्या 186732 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 03 है, इसी प्रकार 20 बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 206359, महिला मतदाताओं की संख्या 198395 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 14 है। 28 धनवार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 188801, महिला मतदाताओं की संख्या 175070 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 02 है। इसी प्रकार 29 बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 195574, महिला मतदाताओं की संख्या 185235 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 01 है। इसी प्रकार 30 जमुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 182082, महिला मतदाताओं की संख्या 165310 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 02 है। इसी प्रकार 31 गांडेय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 163560, महिला मतदाताओं की संख्या 151470 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या शून्य है। इसके अलावा क्क्रऱु की संख्या 1894 तथा पोलिंग स्टेशन की संख्या 2552 तथा सर्विस वोटर की संख्या 2450 है। जिले में कुल 1781 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग बेहतर समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। सभी अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र भ्रमण कर सारी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कराई जा रही है।




## एक-नजर

### कृषि कार्य से जुड़ महिलायें हो रही है आत्मनिर्भर एवं सशक्त




**डुमरी-** डुमरी प्रखंड मे जन जागरण केंद्र द्वारा संचालित कार्यक्रम समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम तरडाका,अतकी,जोभी,बरियारपुर, पथरिया एवं टेसफुली के महिला किसानो ने कृषि से आय मे वृद्धि के साथ पर्यावरण संरक्षण मे सहयोग कर रही है द्धजन जागरण केन्द्र द्वारा निर्मित किसान पाठशाला मे प्रशिक्षण प्राप्त कर ग्राम तरडाका की चमेली देवी,नागेश्वरी देवी एवं ममता देवी,ग्राम जोभी के लीलो देवी,अतकी के चेतलाल महतो एवं हिरालाल महतो ने तरबूज,मिर्च,टमाटर,गोभी की खेती ड्रिप एवं मलचिनग के द्वारा समेकित कृषि प्रणाली अपना कर आधुनिक पद्धति से खेती कर रहे है .।

### व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी/मीडिया कोषांग व विभिन्न कोषांग का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का लिया जायजा



**गिरिडीह :** लोकतंत्र आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त शुक्रवार को व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी/मीडिया कोषांग व विभिन्न कोषांग का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने एमसीएमसी /मीडिया कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों/कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने एमसीएमसी कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा किए जा रहे पेड न्यूज के अनुश्रवण का रोस्टरवार पंजी की जांच की तथा कई दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मीडिया कोषांग का निरीक्षण कर सभी पंजी की जांच की। इस दौरान नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला नजारत उप समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत मीडिया कोषांग के अन्य अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। विदित हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें। .

## कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में 03 अभ्यर्थी द्वारा खरीदे गए नाम निर्देशन प्रपत्र, एक अभ्यर्थी ने किया नामांकन




**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**गिरिडीह :** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में कुल 03 अभ्यर्थी के द्वारा नाम निर्देशन प्रपत्र की खरीद की गयी। वही एक स्वतंत्र अभ्यर्थी आशीष कुमार पिता नारायण मोदी साकिन माखमरगो, बिरनी, गिरिडीह के द्वारा नामांकन दर्ज किया गया हैं। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया। उन्होने बताया कि नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि 03.05.2024, प्रतिदिन 11ः00 बजे पूर्वाह्न से 03ः00 बजे अपराह्न तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नाम वापसी की अंतिम तिथि- 06.05.2024 के अपराह्न 3ः00 बजे तक। मतदान की तिथि- कोडरमा लोकसभा तथा 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए 20.05.2024 प्रातः 7ः00 बजे से 05ः00 बजे अपराह्न तक। मतगणना की तिथि- - 04.06.2024, सुबह 7 बजे शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

## अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट के समीप वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल पर लदा कुल 144 शराब की बोतलें जप्त

**गिरिडीह :** देवरी थाना क्षेत्र के सरौन मोड़ स्थित अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट के समीप वाहन जांच के दौरान एफएसटी टीम ने एक मोटरसाइकिल पर अवैध रूप से लदा सात पेटी अंग्रेजी शराब एवं बियर की बोतलों को जब्त किया है। वहीं दो अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिल कुमार यादव, उम्र करीब 17 वर्ष, पिता- राजू यादव एवं सुमन कुमार, उम्र- करीब 14 वर्ष, पिता- अखिलेश यादव शामिल है। दोनों अभियुक्त भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के जगसिमर गांव के निवासी है। गुरुवार की देर शाम अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट के समीप वाहन जांच के क्रम में उड़न दस्ता दल टीम ने एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल रजि0 न0- छ्व॥-11च-0285 में अवैध रूप से लदे



सात पेटी अंग्रेजी शराब एवं बियर की बोतल कुल 144 शराब की बोतल जप्त किया गया है। बियर की बोतलों में किंग फिशर कम्पनी का 650 द्वद्य का कुल 24 बोतल बियर, रॉयल चैलेंज कम्पनी का 375 द्वद्य का कुल 72 बोतल अंग्रेजी शराब, रॉयल स्टेज कम्पनी का 375 द्वद्य का कुल 24 बोतल शराब, स्क्ष्ठश्व2द्वद्वद्य'ह्य कम्पनी का 375 द्वद्य का कुल 24 बोतल अंग्रेजी शराब की बोतलें शामिल है। छापेमारी टीम में मजिस्ट्रेट सुरेन्द्र कुमार राजेश, जन सेवक देवरी, थाना प्रभारी देवरी सोनू कुमार साहू, पुअनि रिषु कुमार सिन्हा, आरक्षी संयुक्त कुमार, तेजनारायण प्रसाद शामिल थे।.

### तिसरी में मतदाता जागरूकता रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन



**तिसरी :** तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में मतदाता जागरूकता रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ मनीष कुमार सिंह, सीओ अखिलेश प्रसाद, बीईइओ रंजीत चौधरी मौजूद थे। वहीं इस कार्यक्रम में मॉडल स्कूल, अग्रवाला हाई स्कूल ,कस्तूरबा विद्यालय और बालक विद्यालय के सैकड़ों छात्र एवम छात्राओं द्वारा गांधी मैदान से होते हुए भंडारी रोड तालाब तक रैली निकाली गई। रैली में बच्चों ने पहले मतदान फिर जलपान आदि कई नारा लगाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीआरपी मृत्युंजय कुमार, सुनील बरनवाल, बीपीआरओ राकेश मोदी आदि लोग मौजूद थे।.

## जेएमएम व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो का डुमरी स्थित जेएमएम कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**डुमरी-** गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र के जेएमएम व इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो डुमरी स्थित जेएमएम कार्यालय पहुचे जहां उनका झामुमो व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंत्री बेबी देवी एवं जेएमएम सहित इंडिया गठबंधन के अन्य नेतागण उपस्थित हुए।इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने चुनाव जीतने को लेकर अपना अपना मन्तव्य रखा तथा अपने अपने क्षेत्र के हरेक बूथों में अधिक से अधिक वोट दिलाने की बात कही।

वहीं उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी मथुरा महतो ने कहां कि हर हाल में इस लोकसभा चुनाव को जीतना है इसके लिए अभी से सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों के मतदाताओं को जागरूक करें




वहीं पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा दीपावली ईद और बकरीद हर साल आता है लेकिन लोकसभा चुनाव 5 साल में एकबार आता है जो जनता के लिए महापर्व है उन्होंने कहा कि हम पब्लिक के बीच में जाकर बताएंगे कि वर्तमान की केंद्र सरकार तानाशाह है तथा देशवासियों के बीच जो उन्होंने कहा था कि 56 माह में देश का दिशा और दशा बदल देंगे लेकिन जनता उन्हें दो टर्म दिया परंतु देश के दिशा और दशा तो नहीं बदल पाए लेकिन देश की जनता को महंगाई के मार में मोदी सरकार ने जरूर धकेल दिया।

**लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें- मंत्री**

मंत्री सह डुमरी विधायक बेबी देवी ने भी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस लोकसभा चुनाव को जीतने के लिए इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें एवं चुनाव में विजय दिलाने हेतु आवश्यक रणनीति बनाएं।मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष डेगलाल महतो,राजकुमार पांडेय,राकेश महतो,उपेन्द्र महतो,डेगनारायण महतो कैलाश चौधरी सहोदरी देवी बबलू महतो पंकज महतो चंदेश्वर महतो कारी बरकत अली शंकर महतो सुमन सिंह छोटू सिंह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल सहित दर्जनों झामुमो व कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।.

## वन विभाग लाखों खर्च के बाद भी नहीं बचा पा रहा जंगल, आग लगने से लाखों पेड़ पौधे हो रहे नष्ट



**डुमरी-** पारसनाथ पहाड में लगी आग से पहाड़ में दुर्लभ पेड पौधे,जीव जन्तुओं की क्षति हो रही है।वन्य एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जहां वन्य जीव संरक्षण वन महोत्सव वृक्ष लगाओ,जीवन पाओ आदि कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।इनमें करोडों की राशि खर्च की जा रही है।वहीं जंगल में आग लगने से लाखों पेड पौधे नष्ट हो रहे हैं।आग लगने से जंगली फल,आम के पेड़, केंदु, पत्ता,सैयां कोईर आदि के वृक्ष लताएं नष्ट हो रही है।वहीं औषधीय वृक्ष नीम,करंज,बबूल,कोरइफ, सतमूली आदि भी नष्ट हो जा रहा है जबकि पिछले वर्ष आग बुझाने में सुभाष कुमार,मनोज कुमार,आनंद कुमार,बिरजू महतो,अनिल कुमार ने वनकर्मी को आग बुझाने में सहयोग किया था।इस बार 25 अप्रैल को फिर पारसनाथ पहाड़ के चरकाखेर,सरअबेनदा, ढोगापनी, केरवापानी आदि जगहों में भीषण आग लगी है पंचायत समिति सदाय रामेश्वर चौधरी एंव सुभाष कुमार ने इसकी सूचना विभाग के अधिकारी को दिया पर कोई ठोस पहल नहीं किया गया है।नतीजन अभी अभी पूरा जंगल की उपरी हिस्से में आग लगी है.।

### कोडरमा लोकसभा के उमीदवार विनोद सिंह एवं गिरिडीह लोकसभा के लिए सुबोध यादव करेंगे 1 मई को नामांकन पत्र दाखिल



**गिरिडीह :** एक मई को करेंगे नॉमिनेशन कोडरमा लोकसभा के उमीदवार विनोद सिंह। शुक्रवार को नॉमिनेशन फॉर्म भी लिया गया है। गिरिडीह समाहरणालय से नॉमिनेशन के बाद होगी पपरवाटांड़ फुटबॉल ग्राउंड में होगी बड़ी सभा का आयोजन किया जाएगा। उक्त बातें माले नेता राजेश यादव ने कहा। डुमरी प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार यादव 01 मई को गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने बताया कि गिरिडीह लोकसभा के मतदाताओं की आकांक्षाओं को युवा सांसद ही पूरा कर सकता है क्योंकि आजतक जो सांसद इस लोकसभा सीट से बने हैं सभी ने यहां के लोगों को सिर्फ बरगलाने का काम किया है साथ ही युवाओं के रोजगार के दिशा में कोई पहल नही हुआ है इसलिए इसबार मतदाताओं ने युवा चेहरे पर अपना विश्वास जताने का मन बनाया है और यही कारण है कि लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये जनसंपर्क में समाज के सभी वर्गों का साथ मिलने का भरोसा हमें मिला है।

## गांवा वन क्षेत्र धनैता में नील गाय का शिकार, वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल किया शुरू

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**गावां :** गांवा वन क्षेत्र धनैता में पानी के स्रोत के पास गुरुवार को एक नील गाय का शिकार किया। बाद में वन विभाग की टीम ने इसकी जांच पड़ताल शुरू की। बताया गया कि सूचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर एक टीम का गठन कर गांवा जंगल पहुचें एवं देखा कि एक नील गाय का शिकार किया है। मौके पर कोई अभियुक्त मौजूद नहीं था।जिसके बाद टीम ने नीलगाय को ज़ब्त कर वन कार्यालय गावां ले आई और आगे की कार्रवाई में जुट गई हैं।। इधर गांवा वन क्षेत्र पदाधिकारी ने



बताया की इसमें संलिप्त दोषी लोगों पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। वन्य जीवों के शिकार करने वाले अपराधियों को किसी भी हर हाल में बक्शा नहीं जाएगा।

## स्वास्थ्य कर्मियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं स्वयं भी मतदान अवश्य करने की अपील कीः एसडीएम

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**डुमरी-** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए 25 मई को होने वाले मतदान में सभी मतदाताओं का मतदान सुनिश्चित करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों की एक बैठक शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में संपन्न हुई जिसमें प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित निजी अस्पतालों,नर्सिंग होम के संचालकों सहित कार्यरत कर्मियों तथा रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति हुई।एसडीएम सह निर्वाची पदाधिकारी डुमरी विधानसभा क्षेत्र-33 मोहम्मद



शहजाद परवेज ने उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अस्पताल में आने वाले मरीजों को मतदान के लिए जागरूक करने एवं स्वयं भी मतदान अवश्य करने की अपील की।साथ ही नये मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फार्म 6 भरकर अंचल कार्यालय या अपने बीएलओ के पास जमा करने को कहा।उन्होंने कहा कि जो भी इलाज हेतु अस्पताल आते हैं उनके पर्जी पर 25 मई मतदान दिवस का मुहर अवश्य लगा दें क्योंकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी निभानी है ताकि अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके और एक योग्य सांसद चुनने में अपने कर्तव्य का निर्वहन बिना कोई प्रलोभन से कर सके।वहीं इस दौरान एसडीएम ने मतदान से संबंधित कई जानकारियां साझा करते हुए कहा कि कोई मतदाता अपने मत प्रयोग से वंचित नहीं रह जाये इसके लिए स्वीप लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है पर आप सभी समाज के प्रबुद्ध जनों की भी भागीदारी होना अति आवश्यक है।.

# भगैया चेकपोस्ट पर पुलिस को मिली बड़ी सफलता साइबर ठगी करने वाला मास्टरमाइंड धराया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




मंडरोः मिजाचौकी थाना क्षेत्र के भगैया चेकनाका पर शुक्रवार दोपहर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, चेकनाका पर प्रतिनियुक्त प्रभारी मजिस्ट्रेट बबलू टुडु, एएसआई बिजय दूबे, पुलिस जवान अमन कुमार एवं गंगाराम मरांडी के द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान मंडरो के तरफ आ एक गुजरात नंबर की निर्बंधित कार संख्या जीजे 01 एचएन 5798 सवार को रोककर बेहतर तरीके से कार की तलाशी ली गई। जहां तलाशी के दौरान कार से साइबर ठगी करने का कई प्रतिबंधित सामग्री बरामद किया गया जिसमें की एमसील से बनाया गया फर्जी फिंगर प्रिंट, पैसा निकासी किया गया रजिस्टर, कई एटीएम कार्ड, कई आधार कार्ड, मच्छरदानी समेत कई अन्य सामग्री पुलिस ने जब्त किया है। बताते चले की उक्त घटना की सूचना प्रभारी दंडाधिकारी के द्वारा अंचल अधिकारी पंकज कुमार भगत को दी गई। वही इसकी सूचना मिजाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार को हुई। उधर थाना प्रभारी भगैया चेकपोस्ट पर पहुंचकर मामले की पूरी जानकारी ली और उन्होंने कार को सीज करते हुए दोनों युवक को अपने हिरासत में लेते हुए मिजाचौकी थाना ले गए। जहां पुलिस गिरफ्त में लिया गया युवक का पहचान ठाकुरगंगटी थाना क्षेत्र के माल मंडरो गांव निवासी बिक्की मुर्तजा खान एवं दूसरा मिजाचौकी थाना क्षेत्र निवासी सुमन कुमार के रुप में हुई है। वही विक्की मुर्तजा खान का गिरोह कई राज्यों में बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि साइबर ठगी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। उधर गिरफ्तार युवक के द्वारा बीते 25 तारीख की तिथि में अवैध तरीके से लाखों रुपए की अवैध निकासी की गई है। इधर पुलिस साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करने में जुटी हुई है। वही फर्जी फिंगर के जरिए जिन जिन व्यक्तियों के खाते से पैसे की निकासी हुई है उन सभी व्यक्तियों की बारी बारी से पहचान की जा रही है जिसमें अब तक दर्जनों व्यक्तियों की पहचान की जा चुकी है। वही उसमें कुछ लोग गोड्डा जिले के सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और कुछ लोग अमडापाड़ा के भी रहने वाले बताए जा रहे हैं।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कोषांग ने जिला में गठित बीएलओ, मतदाता मित्र, बूथ आइकॉन के साथ की बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः लोकसभा चुनाव 2024 में सफल मतदान को लेकर विकास भवन स्थित सभागार में स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक की गई। जहां बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सतीश चंद्रा ने की। इस दौरान जिला में पिछले चुनाव में जिन 18 बूथों पर 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था उन 18 बूथों के लिए मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र, बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर के साथ टीम का गठन किया गया। इसमें गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) को मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए जोड़ा गया। सर्वप्रथम सभी को इस बढती तापमान में बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मतदाता मित्रों को बैठक में आने को लेकर स्वागत किया गया। साथ ही मतदाता जागरुकता को लेकर उनके कार्यों के विषय में जानकारी क्रमबद्ध दी गई।
वही उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में जिला के जिन 18 बूथों में 50% से कम मतदान हुए हैं उस बूथ पर बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र टीम बनाकर, बूथों एवं मतदाताओं को हो रहे असुविधा के विषय में जानकारी लेकर उनका निराकरण करेंगे। साथ ही साथ डोर टू डोर जाकर मतदान के प्रति जागरूक करेंगे ताकि मतदान प्रतिशत वहां बढ़ाया जा सके। उधर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आम मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आप सभी बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्रों की भागीदारी से जिला में मतदाताओं को मतदान के प्रति एवं ऐसे 18 बूथों जहां 50% से कम मतदान हुए हैं उन बूथों पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाए ताकि शत प्रतिशत मतदान किया जा सके। वही स्वीप नोडल प्रभारी बताया कि राजमहल लोकसभा चुनाव 1 जून 2024 को होनी है जो भी युवा मतदाता जिनकी 18 वर्ष 1 अप्रैल, 2024 तक पूर्ण हो चुका है वो फार्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में डलवा ले।
उधर सभी बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र सजग होकर अपने 18 बूथों में मतदाता जागरूकता फैलाने का कार्य करना है जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मतदान केंद्र में आकर अपने मतों का प्रयोग कर चुनाव के इस महापर्व में भागीदार बने। इस बैठक के मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ. सुमन गुप्ता, स्वीप प्रभारी राजेश कुमार चौधरी, स्वीप कोषांग के सभी कर्मी सहित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइज़र, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र, सम्मिलित रहे।

## देशी कट्टा व जिंदा गोली के साथ दो शातिर आरोपी हुए गिरफ्तार, एसडीपीओ ने दी जानकारी




साहिबगंजः पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी किस्म के लोग जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के नीरापाड़ा जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के नियत से छिपे बैठे हैं। जहां ऐसी सूचना मिलने के बाद जिरवाबाड़ी थाना व तालझारी थाना क्षेत्र की पुलिस के साथ एक टीम का गठित की गई। उधर गठित पुलिस टीम ने तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरापाड़ा जंगल में छापेमारी कर बड़ा जिरवाबाड़ी, चानन निवासी बबलू मंडल को एक देसी कट्टा व एक जिंदा कारतूस व उसके सहयोगी पप्पू मंडल को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। उधर इस मामले को लेकर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपित लेवी रंगदारी वसूली समेत अन्य कांडों का वांछित है। दरअसल, योजना में अपराधकर्मी बबलू मंडल उम्र 30 वर्ष पिता सतीश चंद्र मंडल, ग्राम बड़ा जिरवाबाड़ी चानन को एक देसी कट्टा व एक कारतूस के साथ तथा उसके एक अन्य सहयोगी, पप्पू मंडल उम्र 36 वर्ष पिता किशन मंडल ग्राम बड़ा जिरवाबाडी (चानन), दोनों थाना जिरवाबाड़ी, जिला साहिबगंज को गिरफ्तार किया गया। आगे उन्होंने कहा कि ये दोनों अपराधी का अपराध के क्षेत्र में लंबा इतिहास रहा है। जहां ये लोग किसी बड़े वारदात को अंजाम देने वाले थे लेकिन इसके पहले ही पकड़े गए। वही उन्होंने कहा कि अपराधकर्मी बबलू मंडल तालझारी थाना अंतर्गत मसकलैया बमकांड एवं जिरवाबाड़ी थाना अंतर्गत ग्राम चानन में राजा मंडल को गोली मारकर जख्मी करने समेत कई कांडों में वांछित था। उधर बबलू मंडल पांच मामलों में व पप्पू मंडल सात मामलों में नामजद आरोपी हैं। इस मौके पर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनिश कुमार पांडेय, तालझारी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सुधांशु समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## बेगमगंज में सीएसपी संचालक पर जानलेवा हमला

उधवाः प्रखंड क्षेत्र के राधानगर थाना अंतर्गत बेगमगंज कबीर टोला में बीते रात 10 बजे सीएसपी संचालक जमील अख्तर पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद घर के पास नव निर्मित पुल पर रोज की तरह बैठकर किसी से मोबाइल पर बात कर रहे थे। इसी बीच दक्षिण बेगमगंज के मामलोत शेख ने सीएसपी संचालक को चाकू से हमला कर दिया जिससे सीएसपी संचालक के जांघ व मुंह पर चाकू से वार कर जख्मी कर दिया। उधर सीएसपी संचालक को बेहतर इलाज के लिए परिजनों ने मालदा ले गया है। उधर घायल जमील अख्तर के परिजनों के माने तो दो दिन पहले बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी बेगमगंज में हमलावर आरोपी मामलोत शेख के द्वारा रुपया निकासी में हाथ का फिंगर नहीं ले रहा था, इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई थी जिससे आक्रोशित मामलोत शेख ने बदले की भावना से चाकू से वार कर जानलेवा हमला किया। वही घटना की जानकारी मिलते ही राधानगर थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने अपने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर घायल सीएसपी संचालक जमील अख्तर को बेहतर इलाज के लिए भेज दिया। वही थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि घायल का इलाज चल रहा है। उधर पुलिस ने इस मामले में कांड संख्या 63/24 दर्ज करते हुए पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## मतदान केंद्र और अंतराज्यीय चेकनाका का भ्रमण कर लिया जायजा



उधवाः अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल कपिल कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता विमल सोरेन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल विशाल पांडेय ने प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्र और अंतराज्यीय चेकनाका का भ्रमण कर लिया जायजा। जहां सभी पदाधिकारी ने मोहनपुर के मतदान केंद्र संख्या 290 प्रा. वि. किस्टोपुर, 288, 289 उ. म. वि. मोहनपुर, राधानगर के मतदान केंद्र संख्या 324 से 329, सरफराजगंज के मतदान केंद्र संख्या 275 से 280 का भ्रमण कर आवश्यक मूलभूत सुविधा, मतदाता के सुविधा हेतु रैंप, कतार हेतू वॉलंटियर की जानकारी विद्यालय के शिक्षक और बीएलओ से प्राप्त की। इस दौरान नोडल निर्वाचन बीपीओ गगन बापू, दीपक मंडल, जितेन मंडल, बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे।

## भीषण गर्मी के कारण शीतल पेय पदार्थ की बिक्री बढ़ी

● गर्मी के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना भी हुआ मुश्किल

बरहरवाः जिले में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी के बीच चौक चौराहों पर आजकल शीतल पेय पदार्थ जैसे गन्ने के रस, आइसक्रीम, कुल्फी मलाई, पेप्सी, लस्सी आदि की धड़ल्ले से बिक्री भी हो रही है और छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक गर्मी से बचने के लिए इसका सेवन भी खूब कर रहे हैं। वही किसी भी चौक चौराहों पर छोटे बड़े बाल बच्चों से लेकर बुजुर्ग लोगों को शीतल पेय पदार्थ का सहारा लेते देखा जा रहा है। जहां जिले में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुकी है ऐसे में गर्मी के कारण लोग पसीने से तर बतर हो रहे हैं।
वही गर्मी इस कदर है कि लोगों को घर से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। यही वजह है कि लोग गर्मी से बचने के लिए चौक चौराहों पर बिक रहे शीतल पेय पदार्थ का धड़ल्ले से सेवन कर रहे है। जानकार बताते हैं की बर्फ में एक प्रकार का वायरस जो लंबे समय तक जीवित रहता है इसलिए इसे सावधानीपूर्वक सेवन किया जाना चाहिए। वही कभी कभी शीतल पेय पदार्थ शरीर को नुकसान भी पहुंचता है। जहां गर्मी से बचने के लिए आज भी देहात में बसने वाले लोग आम नींबू का सेवन करते हैं ताकि लू से बचा जा सके।

# राजमहल लोकसभा सीट पर एक और प्रत्याशी की एंट्री समता पार्टी से चुनाव लड़ेंगी लिली हांसदा

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बरहेटः राजमहल लोकसभा का चुनाव अंतिम चरण 1 जून को है जिसको लेकर संभावित उम्मीदवारों द्वारा अपने अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दी है हालांकि झारखंड की राजमहल लोकसभा सीट पर चुनाव 1 जून को होना है। इस लोकतन्त्र के महापर्व में सबसे ज्यादा दिलचस्प चुनाव राजमहल लोकसभा सीट में होने वाली है। एक तरफ क्षेत्रीय पार्टी की बड़े बड़े चेहरे रणभूमि पर उतरे हैं तो दूसरी तरफ जमीन से जुड़े प्रत्याशी लिली हांसदा विकास की मुद्दों को लेकर समता पार्टी का चुनाव चिन्ह लेकर इस विशाल कुरुक्षेत्र में हुंकार भर रही है। जहां समता पार्टी के द्वारा लिली हांसदा को अपना उम्मीदवार बनाया गया है। उधर लिली हांसदा ने क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान की शुरूआत भी शुक्रवार को शुरू कर दिया। वहीं लक्ष्मी महुआटांड़ में ग्रामीण की बीच जनसंपर्क करते हुए कहा कि राजमहल लोकसभा का विकास करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आए दिन यहां से चुने प्रत्याशी विकास के मुद्दों को छोड़कर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप में लगे रहते हैं जहां घातक समस्या से जूझ रही जनता को मुद्दों से हटकर आनन फानन में पांच वर्ष पार कर देते हैं। आज जब मौका मिला है तो हमने भी ठाना है क्षेत्र की ग्रह दशा बदलने के लिए और क्षेत्र में वर्षों से चल रही सबसे व्यापक समस्या सड़क, बिजली, स्वास्थ, पलायन, पानी, रोजगार सहित जनता के विभिन्न मुद्दा को लेकर चुनाव मैदान में आए है ताकि राजमहल लोकसभा क्षेत्र की जनता का सेवा करने का मौका मिले और क्षेत्र का विकास कर सकूं। वही बता दे की इसके पूर्व लिली हांसदा ने जिला परिषद का चुनाव लड़ी थी जिसमें जीत दर्ज कर चुकी है। वहीं स्थानीय जनता का समर्थन देखने मिला और लिली हांसदा को फूल माला से स्वागत कर लिली हांसदा जिंदाबाद का नारा लगाया। इस मौके पर प्रत्याशी लिली हांसदा, मरियम मुर्मू, सुनील तूरी, कमला सोरेन, दुल्हन मुर्मू, सनातन हांसदा, बाबूलाल तूरी, शंभू दास, गंगा पहाड़िया, लुखी मुर्मू, मोनिका सोरेन सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## राजमहल लोकसभा सीट में होगी कांटे की टक्कर

● क्या बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम के मैदान में उतरने से होगा बड़ी उलट फेर





बरहरवाः राजमहल संसदीय सीट से 2014 और 2019 के चुनाव में मोदी लहर होने के बावजूद राजमहल सीट जातीय समीकरण के आधार पर जेएमएम ने एक बड़े अंतराल से जीत दर्ज की थी जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी दोनों बार भाजपा रही है। लेकिन इस बार जेएमएम के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम भी मैदान में है और लोबिन हेम्ब्रम के तूफानी जनसंपर्क अभियान देखकर कुछ लोग त्रिकोणीय मुकाबला होने का अनुमान लगा रहे हैं। उधर 2019 के लोकसभा चुनाव की अगर बात करें तो विजय हॉसदा लगभग सवा लाख वोट से जीते थे लेकिन इस बार कुछ चुनावी समीकरण अलग होने जा रहा है क्योंकि बोरियो से जेएमएम के बागी विधायक लोबिन हेम्ब्रम जेएमएम का वोट में सेंध लगाने के लिए मैदान में उतर गए हैं। उनका मकसद है किसी भी हाल में विजय हॉसदा को हराया जाए।
वही पिछले चुनाव का रिकॉर्ड देखा जाए तो विजय हॉसदा सवा लाख वोट के अंतराल से चुनाव जीते थे। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इस बार लोबिन हेंब्रम जेएमएम का वोट काटकर बीजेपी को वॉक ओवर दिलाने के लिए ही मैदान में उतरे हैं, लेकिन सवाल उठता है कि लोबिन हेम्ब्रम 25 साल के कार्यकाल में बोरियो विधानसभा में उतना भी अच्छा काम नहीं किए हैं कि वह निर्दलीय चुनाव लड़कर जेएमएम का एक लाख वोट काट सके। हां, यह बात जरूर है थोड़ा बहुत वोट काटेंगे पिछले बार सवा लाख वोट से विजय हांसदा जीते थे। इस बार जीत का अंतराल थोड़ा कम रहेगा।
वही लोबिन हेंब्रम जिस मकसद से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं उस मकसद में वह कभी कामयाब नहीं होंगे..? क्योंकि थोड़ा बहुत अगर जेएमएम का वोट काटेंगे भी तो राजमहल विधानसभा में आजसू से जेएमएम में आए एमटी राजा उसका भरपाई करेंगे। इधर एमटी राजा लोबिन हेंब्रम से कई गुना तेजतर्रार नेता हैं और राजमहल मे उनकी अच्छी पकड़ है। 2019 विधानसभा चुनाव में राजमहल विधानसभा से वह आजसू की टिकट पर चुनाव लड़े थे और 76,532 वोट लाए थे जबकि साहिबगंज जिला में देखा जाए तो आजसू का उतना जनाधार भी नहीं है। उधर राजमहल विधानसभा के लोगों ने एमटी राजा को देखकर 76,532 वोट आजसू को दिए थे। वही एमटी राजा विधायक ना रहकर भी राजमहल विधानसभा में एक अच्छी पहचान रखते हैं और विजय हॉसदा को जीताने के लिए एमटी राजा जख्म में मरहम साबित होंगे।

# आरपीएफ ने मालदा किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस से 140 पैकेट शराब किया जब्त

उज्जवल दुनिया संवाददाता




बरहरवाः आरपीएफ की टीम ने मालदा किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में छापेमारी कर हजारों के अवैध विदेशी शराब जब्त किया। हालांकि छापेमारी की भनक लगते ही शराब तस्कर शराब छोड़कर भागने में सफल रहे। बता दें कि गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की सुबह से ही आरपीएफ बरहरवा की टीम आपरेशन सतर्क के तहत टीम ने इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में ट्रेन संख्या 13409 मालदा किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस के कोच संख्या ईआर 182944 सी में गहन जांच अभियान चलाया। जहां मौके पर लावारिस अवस्था में पड़े एक विमल पान मसाला के बैग में रखी हूई हेवर्ड 5000 की 140 पैकेट बरामद किया गया जिसका अनुमानित कीमत 15 हजार रुपया बताया जा रहा है। उधर बरामद शराब को आबकारी विभाग को सौंप दिया गया है। इस छापेमारी में एएसआई एल. बी. मांझी, संजय कुमार, मजनू सोरेन व सुजित कुमार शामिल थे।

# एसीबी की टीम ने ब्लाक कॉर्डिनेटर जयंत कुमार दे को 30 हजार घूस लेते रंगे हाथों धर दबोचा



बलियापुर : प्रखंड सह अंचल कार्यालय बलियापुर में शुक्रवार को एसीबी की टीम ने ब्लाक कॉर्डिनेटर जयंत कुमार दे को 30 हजार घूस लेते रंगे हाथों धर दबोचा. टीम में शामिल पदाधिकारीयों ने बताया कि वादी (शिकायत कर्ता) इरशाद आलम की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है.

### हर योजना में बलियापुर बीडीओ को चाहिए 5 परसेंट

भिखराजपुर नवासी ठेकेदार इरशाद आलम ने बताया कि पंचायत स्तरीय योजना के अंतर्गत लाभुक समिति के माध्यम से बलियापुर प्रखंड के गोलमारा व बंदरचूआं हरि मंदिर प्रांगण में लगभग ढाई ढाई लाख रुपए का दो पेवर ब्लाॅक बिछाने का कार्य किया था. जिसका बिल पास कराने के एवज में ब्लॉक कॉर्डिनेटर जयंत कुमार दे द्वारा 60 हजार रुपया घूस मांगा जा रहा था. इससे परेशान होकर इसकी शिकायत एसीबी को की. कार्रवाई के वक्त कॉर्डिनेटर को 60 हजार बाता कर 30 हजार दी गई थी. इसके अलावा इरशाद ने बलियापुर बीडीओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा हर सरकारी योजना में 5 परसेंट की घूस मांगी जाती है. इसकी जानकारी सभी मुखिया और समिति सदस्यों को है. लेकिन खुलकर कोई सामने नहीं आते.

### बीडीओ ने सारे आरोपों को बताया बेबुनियाद

इधर बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने इरशाद के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि न हीं मैं किसी इरशाद को जानता हूं न ही कोई इरशाद मेरे कार्यकाल में यहां वेंडर या सप्लायर के रूप में कार्य कर रहा है.

# मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर भीठा में लगी आग

उज्जवल दुनिया संवाददाता




साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हाजीपुर भीठा में शुक्रवार के दिन के करीब तीन बजे के आसपास आग लगने से एक ट्रैक्टर एवं एक झोपड़ी जलकर खाक हो गई। वहीं ट्रैक्टर ड्राइवर रामायण यादव ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद आग पर ग्रामीणों के सहयोग से काबू पाया गया। वही इस आगलगी की घटना में उनका झोपड़ी भी जलकर खाक हो गया एवं इसमें रखे राशन कपड़ा जलकर खाक हो गया। उधर पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वो ट्रैक्टर को चलाने का काम किया करता था जहां यह ट्रैक्टर बाखरपुर के रहने वाले कैलाश यादव का था। उधर यह आग कैसे लगी इसकी उन्हें जानकारी नही है। उधर आगलगी की सूचना मुफस्सिल थाना को जैसे मिली अपने दल बल के साथ एएसआई ब्रजेश कुमार घटनास्थल पर पहुँच कर घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की।

# वंशवाद पर नहीं सेवावाद पर विश्वास करते हैं : अनुपमा

उज्जवल दुनिया संवाददाता



चंदनकियारी : धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने शुक्रवार को चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के बाटबिनोर, पर्वतपुर, बिरूबांध, भंडारीबांध, महाल ,अमलाबाद, बोदरो समेत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता से समर्थन करने कि अपील की । इस दौरान उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया की अगर उन्हें सेवक के रूप में चुनकर सेवा करने का मौका दिया तो उनके उम्मीदें पर खरा उतरने का प्रयास करेंगी । कहा अपने बेहतर भविष्य के लिए इंडिया गठबंधन को समर्थन करे । कहा कि भाजपा जुमलेबाज की पार्टी है । जनता को सब्जबाग दिखाकर सत्ता पर काबिज हुई ।जनता कमरतोड मंहगाई से दबी है ।बेरोजगारी चरमसीमा पर है ।कांग्रेस के कार्यकाल में जब गैस सिलेंडर का दाम चार सौ हुआ था तब भाजपा गला फांड चिल्ला रही थी । भाजपा पूंजीपतियों की पार्टी है ।उन्हें इन मुद्दों से कोई लेना देना नही । कहा विपक्ष जिसे वंशवाद पर बोलता है वह हम सेवावाद कहुंगी । किस किताब में लिखा है कि अगर पिता या पति जनता की सेवा करे तो उसके परिवार के दूसरे सदस्य सेवा नही कर सकता ? कहा पूर्व मंत्री स्व राजेन्द्र सिंह का अमलाबाद में कर्मभूमि रहा है ।यही उनका बचपन बीता है ।उन्होंने धनबाद बोकारो के मजदूर, किसान ,दबे कुचले लोगों के लिए काम किया । उनके पदचिन्ह पर चलने का प्रयास करूगी । कहा कि जिनके उपर आरोप भी सिद्ध नही हुआ वैसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजना कहा तक न्यायोचित है । जनता जागरूक है । मतदान कर वैसे लोगों को सबक सिखाएगी । मौके पर देवाशिष मंडल, जलेश्वर दास, सृष्टिधर रजवार,रामपद दास, प्रताप शेखर, मानिक रजवार, महेन्द्र बाउरी, महेश्वर रजवार, गौतम सिंह, सीमंत घोषाल ,तपन दुबे समेत अन्य उपस्थित थे.

# आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए झामुमो पार्टी ने की विशेष चर्चा



बोरियोः प्रखंड परिसर में शुक्रवार को 4 बजे दिन में झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक विशेष बैठक बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी ने किया। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा किया गया। वही बैठक में सभी झामुमो कार्यकताओं ने संकल्प लिया की इस बार के लोकसभा चुनाव में भारी मतों से विजय हांसदा को तीसरी बार विजय बनाएंगे। वही बूथ स्तर पर डोर टू डोर कार्यकर्ता को दौरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि स्टीफन मुर्मू, प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी, वृंदावन मुखिया पौलूस मुर्मू, उपाध्यक्ष रिजवान अंसारी, पूर्व प्रमुख मंडल मरांडी, कोषाध्यक्ष शकील अहमद, संयुक्त सचिव लक्ष्मण बेसरा, मीडिया प्रभारी हेमलाल हेंब्रम सहित सक्रिय कार्यकर्ता मो. एजाज अंसारी एवं सैकड़ो की संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# छग में मतदान को लेकर दूल्हा- दुल्हन में दिखा उत्साह, कहा जैसे शादी जरुरी-वैसे मतदान भी जरुरी

**रायपुर (एजेंसी)**। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के लिए 3 लोकसभा सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर के लिए मतदान जारी है। दूसरे चरण में कांग्रेस-भाजपा के दिग्गज नेताओं सहित 41 प्रत्याशी मैदान में है। इन प्रत्याशियों की किस्मत 52,84,938 मतदाता तय करेंगे। इस बीच छत्तीसगढ़ में कई प्रेरित करने वाली तस्वीर सामने आई, जहां कई जगहों से कहीं दुल्हन तो कहीं दूल्हा वैवाहिक रस्म को निभाते हुए मतदान की जिम्मेदारी को भी निभाने मतदान केन्द्र पहुंचे।

विवाह मंडप से मतदान करने पहुंचे दुल्हन का मतदान दलों ने मुस्करा कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। यह नजारा था महासमुंद के कलाबाई स्कूल के मतदान केंद्र का जहां मतदान करने के लिए सौ.कां. टिकेश्वरी साहू अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंची थी। 26 अप्रैल को विवाह कार्यक्रम तय होने के बाद मतदान की तिथि घोषित हुई जिसके चलते विवाह कार्यक्रम जारी था, दोपहर करीब 12 बजे टिकेश्वरी अपनी मां मोहिनी साहू, चाचा बाबूलाल साहू, चाची मीना साहू, बहन झरना साहू और बुआ सुशीला साहू के साथ मतदान केंद्र पहुंची। जहां मतदान दल ने मुस्करा कर उनका स्वागत किया और मतदान में भाग लेने के लिए सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी। इस दौरान टिकेश्वरी ने कहा कि जैसे जीवन में शादी जरूरी है वैसे ही लोकतंत्र के लिए मतदान भी जरूरी है।




वहीं कांकेर जिले के अलबेलापारा की महिला मतदाता वर्षा सिन्हा ने हल्दी रस्म के बाद मतदान करने पहुंची, आज वर्षा सिन्हा की बारात आने वाली है, बारात आने से पहले हल्दी लगी दुल्हन ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इसी तरह विधानसभा 40-बसना अंतर्गत केन्द्र जम्हर 01 में हल्दी की पोशाक में दूल्हे के द्वारा मतदान कर मताधिकार का प्रयोग किया गया। मंडप से बूथ तक हल्दी के पोशाक में दूल्हे के सफर को देख ग्रामीणों ने भी सराहना की।

इसी तरह विधानसभा 39-सरायपाली अंतर्गत एक दूल्हे द्वारा बारात प्रस्थान से पहले शासकीय प्राथमिक शाला बोंदा के मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला भवन दमोदरहा में भी शादी के पोशाक में दूल्हे द्वारा अपने मत को प्रयोग करते हुए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। ग्राम बटोरा (कुलिया) मतदान केंद्र 69 में विवाह के दौरान क्षमा साहू एवं किरण साहू द्वारा मतदान किया गया।

यह तस्वीरें मतदान के महत्व को इंगित करता है तथा अन्य मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करता है।

# दुल्हन पक्ष के लोगों ने लालची दूल्हा और बारातियों को बनाया बंधक

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। जनपद के भगवानपुर थाना में दूल्हे और बारातियों को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। दूल्हे ने दहेज में 15 बीघा जमीन की मांग की थी। दूल्हे की इस मांग को लड़की वालों ने मानने से इंकार कर दिया। जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया और लड़की वालों ने दूल्हे समेत पूरी बारात को बंधक बना लिया। दूल्हे के परिजनों ने करीब 20 लाख रुपये देकर अपनी जान छुड़ाई।

मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले युवक का रिश्ता भगवानपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती से हुआ था। 25 अप्रैल को वर पक्ष बारात लेकर दुल्हन के यहां पहुंचा। लड़की वालों की तरफ से दूल्हे को दहेज का सामान और उसकी पसंद की कार खरीदने के



लिए करीब दस लाख रुपये नकद दिए गए थे, जिससे दूल्हे ने स्विफ्ट कार खरीदी थी। दूल्हे को दहेज में मिला कुछ सामान पसंद नहीं आया था, जिस पर दुल्हन के परिजनों ने वह सामान बदलकर दूसरा भेज दिया। इतना सब मिलने के बाद भी दूल्हे और उसके परिजनों की डिमांड खत्म नहीं हुई। 25 अप्रैल को शादी से पहले दूल्हे ने दहेज में 15 बीघा जमीन की और मांग कर दी, जिस पर दुल्हन के परिवार के लोगों को गुस्सा आ गया। उन्होंने जमीन देने से इंकार कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। जिसके चलते लड़की वालों ने शादी से इंकार कर दिया। बताते हैं कि लड़की के माता-पिता नहीं हैं। उसकी शादी उसके ताऊ कर रहे थे।

मामला इतना बढ़ा कि लड़की के घर वालों ने दूल्हे के पिता को कमरे में बंद कर दिया और बारात को बंधक बनाकर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। इसके बाद गांव के प्रतिष्ठित लोगों के साथ मिलकर बीच का रास्ता निकाला। लड़की वालों ने शादी के खर्च हुए रुपयों की मांग लड़के वालों के आगे रखी। आखिर में 20 लाख रुपये में मामला तय हुआ। जिसके बाद बिना दुल्हन के ही बारात बैरंग लौट गई।

# विधायक उमेश पटेल के प्रयासों से सिंचाई के लिए नहर में छोड़ा गया पानी

**रायगढ़ ,(एजेंसी)**।छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल एक बार फिर से चर्चा में है ।क्योंकि उन्होंने इस बार धरतीपुत्रों की सहायता करके न केवल उनकी समस्या का निवारण किया है बल्कि अपने समर्पण और सेवा भाव से उनका दिल भी जीता है।उमेश पटेल के प्रयासों से आड़पथरा डैम से नहर में सिंचाई हेतु पानी का बहाव शुरू हुआ है। खरसिया विधानसभा के ग्राम आड़पथरा, पामगढ़ और नवागांव के किसानों ने सौ एकड़ से अधिक खेतों में धान, उड़द, और मूंग की खेती की है, लेकिन भीषण गर्मी के आते ही खेतों में सूखा आरंभ हो गया। आड़पथरा मांड नदी डैम के नहर में पानी की कमी के कारण खेत सूख रहे थे जिसके परिणामस्वरूप फसलों के नुकसान का खतरा बढ़ गया। इस मुश्किल समय में किसानों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विधायक उमेश पटेल को परेशानियों से अवगत कराया और पानी की किल्लत दूर करने डैम से नहर में पानी छोड़ने हेतु सार्थक पहल की गुहार लगाई।

उमेश पटेल ने तत्काल सिंचाई विभाग के उच्च अधिकारियों से सम्पर्क किया और डैम से नहर में पानी छोड़ने हेतु निर्देशित कर यह सुनिश्चित किया कि किसी भी किसान का फसल नुकसान न हो और उन्हें समय पर पानी मिल सके। अधिकारियों से चर्चा के बाद श्री पटेल ने किसानों को सूचित किया कि अगले दिन सुबह डैम से नहर में पानी का बहाव शुरू हो जाएगा। उन्होंने इस बात की गांव में मुनादी भी कराई ताकि किसान चिंतित ना हो। मुनादी के बाद रात से सुबह होने की प्रतीक्षा कर रहे किसानों के मुरझाए चेहरे 25 अप्रैल की सुबह करीब आठ बजे खुशी से खिल उठे जब आड़पथरा डैम से नहर में सिंचाई हेतु पानी का बहाव शुरू हुआ। किसान अपने-अपने खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए जुट गए। पानी मिलते ही सूखे खेतों को राहत मिली वहीं किसानों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

नहर में पानी आने के बाद ग्राम आड़पथरा, पामगढ़, नवागांव, बड़े डूमरपाली, चपले, सेन्द्रीपाली, कनमूरा, पंडरीपानी, बायंग सहित दर्जनों गांवों के सैकड़ों किसानों के मुरझाए चेहरे खिल उठे और उन्होंने अपने लाडले नेता उमेश पटेल का आभार व्यक्त किया और उन्हें भागीरथ प्रयास के लिए धन्यवाद दिया।

## पेट्रोल पंप के पास की झोपड़ियों में आग लगने हड़कंप, कई दुकानें जलीं

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। हरिद्वार के पिरान कलियर थाना क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट के परिसर की झोपड़ियों में शुक्रवार सुबह आग लग गयी। दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से झोपड़ियों में रखा समान जलकर राख हो गया। आग लगने के स्थल के पास ही एक पेट्रोल पंप है। दमकलकर्मियों ने फैलने से हा आग पर काबू पा लिया।

कलियर क्षेत्र के बेडपुर चौक के समीप स्थित शान ए पंजाबी तड़का एवं रेस्टोरेंट के बाहर बनीं झोपड़ियों में गुरुवार की अलसुबह चार बजे भयंकर आग लग गयी। स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना फायर स्टेशन रुड़की को दी। झोपड़ी में लगी आग इतनी भयंकर थी कि आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही थीं। दमकल विभाग के टीमों ने आग पर काबू



पा लिया। आग अधिक होने के कारण फायर यूनिट भगवानपुर से भी एक फायर टेंडर मौके पर बुलाना पड़ा। आग से तीन-चार झोपड़ियां, कुर्सी, मेज आदि अन्य सामान जलकर राख हो गया।

दमकल कर्मियों ने समय रहते आग पर कड़ी मेहनत के बाद काबू पा लिया। आग लगने के घटनास्थल के पास ही एक पेट्रोल पंप था, लेकिन दमकल की टीम तत्परता से कार्य कर आग पर काबू पा लिया। यदि आग पेट्रोल पंप तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। पेट्रोल पंप स्वामी ने आग बुझाने पर राहत की सांस ली।

# उत्तराखंड में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास की नई गाथा लिखी जा रही: मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून, (एजेंसी)**। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून को लाया गया है और आने वाले दिनों में यह कानून यह देश को भी रास्ता दिखाएगी।

गुरुवार सायं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हैदराबाद में प्रवासी उत्तराखंडियों की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बातें कही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि "हमारे उत्तराखंड के लोग देश दुनिया में जहां भी हैं उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपनी एक पहचान वहां बना ली है।" उन्होंने कहा कि मैं पिछले दिनों जब इन्वेस्टर्स समिट के लिए देश विदेश के शहरों में गया तो देखा कि हमारे लोग अपनी संस्कृति, विरासत के साथ अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की टोपी जो यहां सब ने लगाई हुई है उसे प्रधानमंत्री मोदी भी धारण करते हैं और वे जब भी उत्तराखंड आते हैं तो इसे अवश्य ही लगाते हैं। जब मैं लंदन गया तो वहां बहुत सारे संस्कृतिक कार्यक्रम किये इन्हें, देखकर लग ही नहीं रहा था कि मैं इंग्लैंड में हूं।

उन्होंने कहा कि एक बार हमारे प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से यह शब्द निकले की 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा और आज यह साकार हो रहा है। विकास की दृष्टि से उत्तराखंड में चारधाम ऑल वेदर रोड बनी है तो बहुत जल्द देहरादून दिल्ली की दूरी बस ढाई घंटे में तय हो जाएगी। चारधाम में पिछले साल 56 लाख लोगों ने यात्रा की। "अभी एक सप्ताह हुआ है यात्रा के लिए पंजीकरण खुला है और 15 लाख पंजीकरण हो चुके हैं।" उत्तराखंड से आज देश के तमाम शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा चल रही है। "पहाड़ों में जल्द ट्रेन का सपना भी जल्द पूरा होने जा रहा।" केदारनाथ में रोपवे का कार्य भी प्रारंभ किया जा रहा है। बद्रीनाथ का पूरा मास्टर प्लान के तहत काम हो रहा है। हेमकुंड साहिब की यात्रा भी रोपवे से आसान होने जा रही है। इसी तरह, कुमाऊँ में मानसखंड माला मिशन को विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल के खिलाफ हमने राज्य में सबसे कड़ा कानून लाया है। धर्मांतरण रोकने के लिए भी हमने कानून लाया है। हम किसी भी कीमत पर देवभूमि का स्वरूप नहीं बदलने देंगे। अतिक्रमण हटाओ अभियान हमने शुरू किया। लैंड जिहाद के खिलाफ हमने ठोस कार्रवाई की है। दंगा नियंत्रण कानून भी हमने लागू किया है।

उन्होंने कहा कि इस बार "राज्य स्थापना दिवस से पहले मैं विचार कर रहा हूं कि देश- दुनिया में जहां कहीं भी हमारे लोग रह रहे हैं, उनके लिए उत्तराखंड में आयोजन किया जाए।" यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है और आप सबका मतदान करना बहुत जरूरी है।

# लोकसभा चुनाव : मतदान के दौरान भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता में झड़प, नक्सलियों ने लगाया बैनर

**रायपुर (एजेंसी)**। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के लिए 3 लोकसभा सीटों राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर के लिए मतदान जारी है। तीनों सीटों पर दोपहर 1 बजे तक 53.09 प्रतिशत वोटिंग हुई है। महासमुंद जिला के बूथ क्रमांक 109, 110 और 61 में आई मशीन में खराबी आई , मशीन खराब होने के कारण करीब आधे घंटे तक मतदान बाधित रहा, 109, 110 सहित कुल 6 पोलिंग बूथ में बदली गई मशीन।

राजनांदगांव जिला के टेड़ेसरा के मतदान केंद्र में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़े, भाजपा के कार्यकताओं ने कांग्रेस पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। भाजपा का आरोप है कि सरपंच और उपसरपंच के लोगों ने भाजपा कार्यकताओं और



महिलाओं के साथ मारपीट की। वहीं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह का आरोप है कि भूपेश बघेल के साथ भिलाई से आये लोगों ने महिलाओं के साथ मारपीट की है। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

वहीं प्रदेश के नक्सल प्रभावित जिला कांकेर में नक्सलियों ने बैनर लगाकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की अपील की है। लोगों में दहशत फैलाने के लिए नक्सलियों ने बैनर लगाया है, इसके बावजूद बढ़चढ़ कर मतदान करने लोग पहुंच रहे हैं। मरबेड़ा मतदान केंद्र से एक किलोमीटर की दूरी पर मुख्य सड़क किनारे नक्सलियों ने बैनर लगाया है।

**एएसपी और बीजेपी युवा मोर्चा के नेताओं के बीच बहस**

कबीरधाम के कवर्धा में मतदान केंद्र में एएसपी और बीजेपी युवा मोर्चा के नेताओं के बीच जमकर बहस हुई। कवर्धा शहर के बूथ क्रमांक 209, 210, 211 में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता व एएसपी के बीच तीखी बहस हुई है। जानकारी अनुसार युवा मोर्चा कार्यकर्ता कई बूथ में अपने एजेंट से मिल रहे थे। इन लोगों को एएसपी ने रोका। इसी बात को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के नेताओं के साथ बहस हो गई। हालांकि बाद ने भाजपा नेता शांत हो गए।

**उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का पूर्वसीएम भूपेश बघेल पर हमला**

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मतदाताओं से मैं विनम्र अपील करता हूं कि मतदान जरूर करें। भूपेश बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि राजनांदगांव में भूपेश बघेल उम्मीदवार हैं और उनके साथ बहुत सारे विषय जुड़े हैं। उनके शासनकाल में कैसे छत्तीसगढ़ में परिदृश्य बदला, कैसे घोटाले हुए, यह सब जनता के सामने है।

## परिवहन विभाग का चला डंडा, 12 वाहनों को किया सीज

**हरिद्वार, (एजेंसी)**। परिवहन विभाग प्रवर्तन दल ने नियमों का उल्लंघन कर चल रहे वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की है। विभाग ने 12 वाहनों को सीज करते हुए अलग-अलग थाना चौकियों में खड़ा किया है। साथ ही दो अलग-अलग नम्बर की नम्बर प्लेट लगाकर चल रहे एक वाहन को भी पकड़ा है।

गुरुवार रात्रि चेकिंग के दौरान इंटरसेप्टर दल रुड़की द्वारा खानपुर, लक्सर, लंढौरा, मंगलौर, नारसन, क्षेत्रों में सघन चेकिंग की गई। इस दौरान 12 वाहनों को ओवरलोडिंग, फिटनेस, परमिट, मोटर वाहन कर न होने व सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने पर सीज कर विभिन्न थाना चौकियों एवं एआरटीओ कार्यालय परिसर में बंद किया गया।

इंटरसेप्टर दल प्रभारी अनिल सिंह नेगी ने बताया कि आठ वाहनों को



ओवरलोडिंग के मामले में व अन्य चार वाहनों के प्रपत्र पूर्ण न होने के कारण बंद किया गया है, जबकि अन्य राज्यों की तीन यात्री वाहन बसों के चालान परमिट शर्तों का उल्लंघन करने व उत्तराखंड का मोटर वाहन कर जमा न करने के कारण चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि रात्रि चेकिंग के दौरान एक माल वाहन ऐसा भी पाया गया जिस पर दो अलग-अलग नम्बर की नम्बर प्लेट लगी थी, जिसका संज्ञान लेते हुए प्रवर्तन अधिकारी ने वाहन को पुलिस के हवाले कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### मैदानी अधिकारियों को फील्ड में रहने की चेतावनी

**रायपुर,(एजेंसी)**। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मैदानी अधिकारियों से फील्ड में अधिक रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही लापरवाही करने पर सीआर में लिख देने की चेतावनी भी दी है। फील्ड में काम होने की निगरानी के लिए निगम द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। कौन अधिकारी कहाँ पर है और क्या काम करा रहा है उसकी तस्वीर खींचकर अपलोड करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसे करने से कार्य में तेजी आएगी और कार्य समय पर पूर्ण भी सकेंगे। आईटी के माध्यम से 18 से 24 अप्रैल तक फील्ड में रहने की समीक्षा की गई कि किस अधिकारी कितने प्रतिशत समय फील्ड में दिया। इसमें कुछ अधिकारियों के कमजोर रिपोर्ट को देखकर कमिश्नर श्री मिश्रा नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि फील्ड रिपोर्टिंग की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। इसके लिए निगम की आईटी की एक टीम भी बनाई गई है । उन्होंने चेतावनी दी कि जिनका रिपोर्ट कमजोर रहेगा उनके सीआर में इस बारे में लिख दिया जाएगा।

### यात्री बस की चपेट में आकर स्कूटी सवार युवक की मौत

**कोरबा,(एजेंसी)**। शुक्रवार सुबह 11.30 के लगभग यात्री बस को चपेट में आने एक्टिवा सवार एक किशोर की मौत हो गई।हादसा निहारिका घंटाघर के पास हुआ है। मृतक का नाम अंकित पांडे है। बताया जा रहा है की हनुमान कंपनी की बस टीपी नगर से जशपुर जाने के लिए निकली थी, तभी यह हादसा हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद बस चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश जारी है।

### बारात रवाना होने से पहले पूरे परिवार के साथ दूल्हे ने किया मतदान

**कांकेर, (एजेंसी)**। लोकसभा चुनाव 2024 के तहत कांकेर लोकसभा अंतर्गत केशकाल विधानसभा में शुक्रवार सुबह 07 बजे से मतदान की प्रक्रिया जारी है। शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग बड़े ही उत्साह के साथ मतदान करने पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम रोगाडीह में दूल्हे ने जागरूक मतदाता का फर्ज निभाते हुए दूल्हा भोजराज सोनी ने बारात रवाना होने से पहले अपने पूरे परिवार के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर सभी ने मतदान किया। इसके पश्चात बारात अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई।

### शबरी नदी में नहाने के दौरान डूबा युवक, तलाश जारी

**जगदलपुर, (एजेंसी)**। जिले के नगरनार थाना क्षेत्र अंतर्गत शबरी नदी में नहाने के दौरान शुक्रवार को एक युवक अभिषेक उतकेल 27 वर्ष डूब गया। जिसकी सूचना नगरनार पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद से युवक की तलाश की जा रही है।

नगरनार थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान ने बताया कि राजनादगांव निवासी अभिषेक उतकेल (27) अपने दोस्तों के साथ शुक्रवार को नगरनार क्षेत्र के शबरी नदी पहुंचे, अभिषेक अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने के लिए उतर गया। जहां नहाने के दौरान अभिषेक गहरे पानी में चला गया, जिसके बाद दोस्तों ने उसकी काफी खोजबीन किया लेकिन कुछ भी पता नहीं चलने पर नगरनार पुलिस से संपर्क किया । पुलिस टीम मौके पर पहुंचने के साथ ही एसडीआरएफ के सेनानी एस मार्बल को सूचना दिया, अभी तक युवक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है, फिलहाल एसडीआरएफ की टीम शबरी नदी में डूबे युवक की तलाश कर रही है।

### रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने पूरा किया मालवीय रोड में अंडर ग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट

**रायपुर, (एजेंसी)**। शहर के व्यस्ततम व पुराने व्यावसायिक प्र्क्षेत्र के रूप में पहचान रखने वाले मालवीय रोड को सुव्यस्थित करने का कार्य रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पूर्ण कर लिया है। नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इस मुख्य मार्ग में बेतरतीब बिजली के तारों को भूमिगत केबल बिछाकर व्यवस्थित किया गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत मालवीय रोड के 650 मीटर लंबे मार्ग से 11 केबी एचटी के साथ एलटी लाइन की अंडर ग्राउंड केबलिंग की गई है तथा सीएसपीडीसीएल द्वारा पूर्व में स्थापित खंभे को हटाने का कार्य भी किया गया है। लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण किए गए इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने से सड़कों के उपर फैले बिजली के तार हटा दिए गए है, वहीं केबल कनेक्शन के तार बिजली के खंभों पर लगे होने से तारों का जो जाल दिखाई देता था, उसे भी दूर किया गया है।

### तेज रफ्तार मोटर साइकिल ट्रैक्टर ट्राली से टकराई, तीन युवकों की मौत

**जगदलपुर, (एजेंसी)**। जिले के परपा थाना क्षेत्र अंतर्गत आरापुर तालाब के पास बीती रात एक तेज रफ्तार अनियंत्रित मोटर साइकिल ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा टकराई। हादसे में मोटर साइकिल सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है।



पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा निवासी मोहम्मद इस्लाम पिता स्व. मोहम्मद रसीद (40), मोहम्मद आरिफ पिता स्व. मोहम्मद सकुर (40) निवासी दंतेवाड़ा, मोहम्मद रफीक पिता स्व. मोहम्मद मुनीर (40) निवासी दंतेवाड़ा गुरुवार को जगदलपुर के नया बस स्टैंड के पास एक परिचित के घर विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आये हुए थे, जहां से रात 11 बजे वापस दंतेवाड़ा जाने के दौरान तोकापाल से आगे आरापुर तालाब के पास गुरूवार रात्रि करीब 12 बजे युवकों की मोटर साइकिल ट्रैक्टर ट्राली के पीछे जा टकराई। बाईक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुचकर डायल 112 एंबूलेंस के कर्मचारियो की मदद से शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भिजवाया गया, जिसका आज शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### चुनाव ड्यूटी में लगे जवान ने खुद को गोली मार आत्महत्या की

**रायपुर /गरियाबंद, (एजेंसी)**। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण के लिए मतदान जारी है। इस बीच गरियाबंद जिले में पीपरछेड़ी थाना क्षेत्र के कूड़ेरादादर चुनाव ड्यूटी में लगे जवान ने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली है। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।जवान जियालाल पवार (52 वर्ष) ने आत्महत्या क्यों की इस बात का पता नहीं चल पाया है।

एमपी एसएएफ की एक कंपनी गरियाबंद जिले में चुनाव ड्यूटी के लिए आई हुई है।जिनकी ओडिशा सीमा से लगे कूडेरादादर में ड्यूटी लगाई गई थी। कंपनी के कुछ जवान रिजर्व दल में कैंप पर आराम कर रहे थे।पुलिस के अनुसार प्राथमिक स्कूल भवन में जवान रुका था।जवान ने शुक्रवार सुबह पीपरछेड़ी थाना क्षेत्र में अपने सर्विस रायफल से चुनाव के बीच खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जवान जियालाल पवार 34वीं बटालियन की ए कंपनी पदस्थ था ।

घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच पंचनामा की कार्रवाई की है। मृतक जवान का नाम जियालाल पवार (52 वर्ष) बड़वानी जिले के लिंगवा का रहने वाला है।जो धार के 34वीं बटालियन में तैनात था।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।